* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 154

रांची के मेन रोड में दिन-दहाड़े युवक की हत्या

उर्दू लाइब्रेरी के पास पत्नी के साथ खरीदारी कर रहे युवक को भूना, स्थानीय लोग आक्रोशित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित उर्दू लाइब्रेरी के पास शनिवार की दोपहर एक युवक को सरेआम गोलियों से भून दिया गया। अज्ञात अपराधियों की गोलियों से जिस युवक की मौत हुई, वह अपनी पत्नी के साथ खरीदारी कर रहा था। गोली लगने के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोग उसे

अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान चर्च रोड निवासी बजरुद्दीन उर्फ छोटू के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना को लेकर लोग दहशत में हैं। उनका कहना है कि अपराधियों ने मेन रोड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में जिस तरह से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया, इससे साफ तौर पर जाहिर है कि अपराधियों के मन में पुलिस का कोई भी खौफ नहीं है।

पत्नी के साथ खरीदारी करने के लिए आया था युवक : घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि छोटू अपनी पत्नी पूजा के साथ खरीदारी करने आया था। इसी दौरान पहले से घात लगा कर बैठे बाइक सवार अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। छोटू की गर्दन में एक गोली लगी। उसे तत्काल राज हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय लोग और दुकानदार आक्रोशित : छोटू चर्च रोड फर्स्ट स्ट्रीट (कपड़ा मंडी) का निवासी था। उसकी हत्या के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हैं। स्थानीय लोगों ने घटना में शामिल अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। घटनास्थल और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। मौके पर सिटी एसपी, कोतवाली डीएसपी, लोअर बाजार, डेली मार्केट, कोतवाली थाना पुलिस पहुंची।

गढ़वा के कई थानों में वांछित था छोटू

प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटू मूल रूप से गढ़वा का रहनेवाला था। वह गढ़वा का वांटेड अपराधी था। कई थानों में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। माना जा रहा है कि आपसी रंजिश में उसे गोली मारी गयी है।

न्यूज रील्स

बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के दो संदिग्धों की पहचान

बेंगलुरू। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआइए ने संदिग्ध की पहचान कर ली है। आरोपी का नाम मुसाविर हुसैन शाजिब है। वह कर्नाटक के तीर्थहल्ली जिले के शिवमोग्गा का रहने वाला है। जांच एजेंसी ने शाजिब के एक और साथी की पहचान की है। उसका नाम अब्दुल मतीन ताहा है। ताहा तमिलनाडु पुलिस इंस्पेक्टर के विल्सन की हत्या के मामले में वांटेड था और चेन्नई में मुख्य संदिग्ध के साथ रहा था।

केरल सरकार राष्ट्रपति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति के खिलाफ अर्जी लगायी है। इसमें कहा गया है कि वे चार लंबित बिलों को मंजूरी नहीं दे रही हैं। इन विधेयकों को राज्य विधानसभा पास कर चुकी है। केरल सरकार ने ये भी कहा है कि बिना कोई कारण बताए इन बिलों को असंवैधानिक करार दे दिया गया है।

हिमाचल कांग्रेस के छह बागी विधायक भाजपा में शामिल

शिमला। हिमाचल कांग्रेस के छह बागी विधायक और तीन निर्दलीय शनिवार को दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गये। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पार्टी मुख्यालय में इन्हें पार्टी में शामिल किया। इन विधायकों ने हिमाचल में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट किया था। जिससे कांग्रेस उम्मीदवार हार गये थे। इन बागी विधायकों में सुजानपुर से राजेंद्र राणा, धर्मशाला से सुधीर शर्मा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो व गगरेट से चैतन्य शर्मा और निर्दलीयों में देहरा से होशियार सिंह, नालागढ़ से केएल ठाकुर और हमीरपुर से आशीष शर्मा शामिल हैं।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में गरमाया माहौल

दिल्ली में आप का ऑफिस सील!

- आतिशी बोलीं, चुनाव आयोग के सामने उठायेंगे मामला
- केजरीवाल गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हाइकोर्ट पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का माहौल गरमा गया है। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली में पार्टी का कार्यालय सभी ओर से 'सील' कर दिया गया है। पार्टी चुनाव आयोग के सामने इस मामले की शिकायत करेगी। आतिशी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यालय को 'सील' करने पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि ये कदम संविधान की ओर से दिये गये समान अवसरों के खिलाफ है। उधर, सौरभ भारद्वाज ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उम्मीद है चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से इस पर कार्रवाई करेगा। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के कार्यालय को कैसे बंद किया जा सकता है? यह भारतीय संविधान में दिये 'समान अवसर' के खिलाफ है। हम इसके खिलाफ शिकायत करने के लिए निर्वाचन आयोग से वक्त मांग रहे हैं। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पार्टी कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिये हैं। हम निर्वाचन आयोग जायेंगे। उन्होंने चुनाव आयोग से दिल्ली पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

इस बीच अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल का एक संदेश पढ़ते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है। वहीं तिहाड़ में बंद ठग सुकेश ने केजरीवाल के नाम चिट्ठी लिखी है। उसने लिखा कि 'डियर ब्रदर अरविंद केजरीवाल, वेलकम टु तिहाड़ क्लब।' गौरतलब है कि दिल्ली शराब नीति मामले में पीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की रिमांड पर भेज दिया है। केजरीवाल को 21 मार्च को मुख्यमंत्री आवास से गिरफ्तार करने के बाद 22 मार्च को कोर्ट में पेश किया गया था। शनिवार शाम को केजरीवाल के वकील ने इडी की गिरफ्तारी और निचली अदालत के रिमांड के फैसले को दिल्ली हाइकोर्ट में चुनौती भी दी है। वकीलों ने कहा कि दोनों फैसले अवैध हैं। केजरीवाल रिहाई के हकदार हैं। हमने कोर्ट से 24 मार्च तक सुनवाई की मांग की है।

लोहे का बना हूं, बहुत मजबूत हूं: केजरीवाल

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने 3 मिनट 21 सेकेंड का एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी ने जेल से आप सभी के लिए संदेश भेजा है और उसे पढ़ कर सुनाया। इस संदेश में केजरीवाल ने कहा कि मुझे कल गिरफ्तार कर लिया गया। मैं अंदर रहूं या या बाहर, हर पल देश की सेवा करता रहूंगा। मेरी जिंदगी का एक-एक पल और मेरे शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित है। इस पृथ्वी पर मेरा जन्म संघर्ष के लिए हुआ है। अब तक बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं। इसलिए जेल जाने से मुझे अचंभा नहीं हुआ। मुझे आप लोगों से बहुत प्यार मिला है। मैंने पिछले जन्म में कुछ बहुत अच्छे काम किये होंगे कि मैं भारत जैसे महान देश में पैदा हुआ। हमें फिर से मिल कर भारत को महान देश बनाना है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली और नंबर वन देश बनाना है। भारत के अंदर और बाहर ऐसी कई खतरनाक शक्तियां हैं, जो देश को कमजोर कर रही हैं। हमें सचेत रह कर इन शक्तियों को हराना है। और भारत में ही कई ऐसे लोग हैं और शक्तियां हैं, जो देशभक्त हैं, जो भारत को आगे बढ़ाना चाहती हैं। हमें इन ताकतों के साथ जुड़ना है और इन्हें मजबूत बनाना है। दिल्ली की मेरी मां-बहनें सोच रही होंगी कि केजरीवाल तो अंदर चला गया, पता नहीं अब महीने का हजार रुपया मिलेगा या नहीं। मेरी माताओं और बहनों से अपील है कि अपने भाई और बेटे पर भरोसा रखो। ऐसी सलाखें नहीं जो आपके भाई और आपके बेटे को ज्यादा दिन अंदर रख सकें। मैं जल्द बाहर आऊंगा और अपना वादा पूरा करूंगा। आपका भाई, आपका बेटा लोहे का बना है, बहुत मजबूत है। बस एक विनती है कि मंदिर जाना और मेरे लिए भगवान से आशीर्वाद मांगना। करोड़ों लोगों की दुआएं मेरे साथ हैं, यही मेरी ताकत है। आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि मेरे अंदर जाने से लोकसेवा और जनकल्याण का काम रुकना नहीं चाहिए। इस वजह से भाजपा वालों से नफरत नहीं करनी है। मैं जल्द लौट कर आऊंगा।

मैं बहुत खुश हूं कि मेरे तीनों भाई अब यहां है...: सुकेश

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। ठग सुकेश चंद्रशेखर ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर तंज कसते हुए चिट्ठी लिखी है। सुकेश 200 करोड़ की ठगी के आरोप में मंडोली जेल में बंद है। उसने अपनी चिट्ठी में केजरीवाल का तिहाड़ क्लब में स्वागत किया है। साथ ही कहा है कि वह बहुत खुश है कि उसे इतना अच्छा बर्थडे गिफ्ट मिला। उसने लिखा कि डियर ब्रदर अरविंद केजरीवाल, वेलकम टु तिहाड़ क्लब। मैं बहुत खुश हूं कि मेरे तीनों भाई अब यहां है, तिहाड़ क्लब चलाने के लिए चेयरमैन बिग बॉस- अरविंद केजरीवाल। सीइओ मनीष सिसोदिया और सीओओ- सत्येंद्र जैन। उन्होंने यह भी कहा है कि भाई केजरीवाल जी, अब आपके सारे भ्रष्टाचार सबके सामने आ जायेंगे। आपने मुख्यमंत्री रहते हुए 10 घोटाले किये। दिल्ली के गरीबों को लूटा। इन 10 घोटालों में से चार का तो मैं खुद साक्षी हूं। मेरे पास सबूत हैं और मैं आपको पूरी तरह बेनकाब करूंगा। इन चार घोटालों में आपके खिलाफ गवाह बनूंगा। आप इससे डर रहे हैं। दिल्ली एक्साइज केस तो महज शुरुआत है। आप अपने तिहाड़ क्लब के बाहर की रोशनी जल्द नहीं देख पायेंगे। ये सब आपके कर्म हैं।

पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के घर सीबीआइ का छापा

कोलकाता (आजाद सिपाही)। टीएमसी नेता और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के कोलकाता स्थित घर पर सीबीआइ ने शनिवार को छापा मारा। संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी केस) के आरोपों को लेकर सीबीआइ की टीम उनके घर पर सर्चिंग कर रही है। इसी मामले में महुआ की 8 दिसंबर 2023 को सांसदी गयी थी। दरअसल, लोकपाल ने 19 मार्च को पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले को लेकर सीबीआइ को जांच करने के आदेश दिये थे। साथ ही कहा था कि छह महीने में केस की रिपोर्ट फाइल कीजिए और हर महीने स्टेटस रिपोर्ट भी पहुंचाइये। लोकपाल के आदेश के बाद सीबीआइ ने 21 मार्च को महुआ के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी। महुआ 2019 में वह टीएमसी के टिकट पर कृष्णानगर से लोकसभा चुनाव लड़ी और जीती थीं।

जेड सिक्यूरिटी नहीं मिलने के कारण सीता नहीं आयीं रांची

भाजपा ने राज्य सरकार पर लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार शनिवार को झारखंड आ रही थीं। उनके आगमन को लेकर भाजपा ने रांची में स्वागत की तैयारी की थी। इसी बीच सीता सोरेन के नहीं आने की सूचना मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया नहीं करायी गयी। इसलिए वह रांची नहीं आयीं। इसे लेकर भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर सुरक्षा इंतजाम नहीं करने को लेकर बड़ा आरोप लगाया है।

प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि विधायक सीता सोरेन का रांची आगमन तय था। पर सूचना आ रही है कि राज्य सरकार ने उनको जेड सिक्यूरिटी कवर के लिए जरूरी इंतजाम देने से मना कर दिया है, जिसके कारण दौरा टल सकता है। यह हेमंत सोरेन पार्ट दो सरकार का डर दिखा रहा है कि वह बहाने करके सीता सोरेन के दौरे को टालना चाहती है। सोरेन परिवार की मां समान बड़ी बहू की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को झारखंड कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। गौरतलब है कि पिछेल दिनों केंद्र सरकार ने सीता सोरेन को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की अनुमति दी है।

इलेक्टरोल बांड को लेकर राजनीति तेज

बिना पैसे के नहीं चलते दल : गडकरी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कोई भी पार्टी बिना पैसे के नहीं चलती। कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को फंडिंग करती हैं। हमारे देश में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए हम 2017 में अच्छे इरादे के साथ इलेक्टोरल बांड योजना लाये थे। हम पारदर्शिता लाने के लिए चुनावी बांड की यह व्यवस्था लाये। हमारा इरादा अच्छा था। अगर सुप्रीम कोर्ट को इसमें कोई कमी नजर आती है और हमें इसमें सुधार करने के लिए कहा जाता है, तो सभी दल साथ मिल कर इस पर विचार करेंगे।

भ्रष्टाचार को लीगल बनाया : जयराम

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। इलेक्टोरल बांड को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस करके एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा। जयराम ने कहा कि नरेंद्र मोदी वही प्रधानमंत्री हैं, जो काला धन वापस लाने की गारंटी देते थे। आज इन्होंने इलेक्टोरल बांड से भ्रष्टाचार को लीगल बना दिया और चंदा दो-धंधा लो नीति अपनायी। कांग्रेस नेता ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की भी मांग की।

मॉस्को आतंकी हमले में अब तक 143 की मौत

आइएसआइएस-के ने जिम्मेदारी ली, 11 संदिग्ध हिरासत में

आज राष्ट्रीय शोक की घोषणा

एजेंसी

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में क्रोकस सिटी हॉल पर हुए आतंकी हमले में मरनेवालों की संख्या 143 तक पहुंच गयी है। हमले के सिलसिले में 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें चार हमलावर हैं और सात लोग उनकी मदद करने वाले बताये गये हैं। रूस की सिक्योरिटी सर्विस के चीफ ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया है कि चार संदिग्ध सफेद रंग की कार में भागने की कोशिश कर रहे थे। हमला शुक्रवार देर रात को हुआ। इसकी जिम्मेदारी आइएसआइएस-के ने ली है। सेना

जैसी वर्दी पहने चार आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां चलायीं। बम फेंके और फरार हो गये। पहले आतंकियों की संख्या पांच बतायी गयी थी। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है। 140 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमले के लगभग 24 घंटे के बाद शनिवार को राष्ट्रपति पुतिन ने देश को संबोधित किया। उन्होंने 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। पुतिन ने कहा कि हमलावरों ने यूक्रेन की तरफ भागने की कोशिश की। सभी को पकड़ लिया गया है, उन्हें कड़ी सजा दी जायेगी।

इधर, रूस के पूर्व राष्ट्रपति और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी चेयरपर्सन दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि रूस खून का बदला खून से लेगा। आतंकवादी सिर्फ आतंक की भाषा ही समझते हैं। जब तक बल का मुकाबला बल से नहीं किया जाता और आतंकवादियों की मौत के साथ-साथ उनके परिवारों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक किसी भी जांच का कोई मतलब नहीं। रूस का कहना है कि आतंकियों ने पूरे हॉल को जलाने की कोशिश की थी। जांच के दौरान हॉल में घातक रसायन मिले हैं। गोलियों की आवाज सुनते ही हॉल में अफरा-तफरी मच गयी। लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। धमाके के बाद हॉल का ऊपरी हिस्सा आग की चपेट में आ गया। आतंकी संगठन आइएसआइएस ने आमाक न्यूज एजेंसी के जरिये बयान जारी किया। उसने कहा कि इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने रूस की राजधानी मॉस्को के बाहरी इलाके क्रास्नोगोर्स्क शहर में इसाइयों की एक बड़ी सभा पर हमला किया, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गये और घायल हो गये। उनके सुरक्षित रूप से अपने ठिकानों पर लौटने से पहले उस जगह पर भारी तबाही हुई। हमला करने के बाद हमारे लड़ाके मौके से भाग निकले।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि हम मॉस्को में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। दुख की इस घड़ी में भारत, रूस की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 24 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in

रांची संसदीय क्षेत्र है झारखंड में भाजपा का सबसे मजबूत गढ़

■ झारखंड की राजधानी में उम्मीदवार की नहीं, पार्टी की जीत होती है

■ इस बार भी भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले के हैं आसार

■ इंडी अलायंस के लिए बहुत मुश्किल है इस दुर्ग को भेद पाना

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की राजधानी, यानी रांची लोकसभा सीट पर वैसे तो चुनावी प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू होगी और वोट 24 मई को पड़ेंगे, लेकिन यहां राजनीतिक गतिविधियां बहुत तेज हो चुकी हैं। भाजपा ने संजय सेठ को लगातार दूसरी बार मैदान में उतार दिया है, तो इंडी अलायंस में अब तक न सीटों का बंटवारा हुआ है और न उम्मीदवारों के नाम की घोषणा। वैसे संकेत यही हैं कि इस बार भी रांची में भाजपा के सामने कांग्रेस का प्रत्याशी ही होगा, जैसा कि पिछले कई चुनावों से होता आया है। रांची संसदीय सीट झारखंड में भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित मानी जाती है। यहां लगभग हर चुनाव में भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर होती रही है और उम्मीदवार कोई भी हो, पार्टी ही जीतती रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने संजय सेठ को यहां से चुनाव मैदान में उतारा था, जिनका चुनाव लड़ने का पहला अनुभव था। उन्होंने कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय को हराया था। रांची लोकसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, इचागढ़, सिल्ली और खिजरी विधानसभा सीटों को मिला कर बनाया गया है। इनमें से खिजरी अनुसूचित जनजाति के लिए और कांके अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन छह में से तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि सिल्ली सीट भाजपा की सहयोगी आजसू के पास, खिजरी सीट कांग्रेस के पास और इचागढ़ सीट झामुमो के पास है। राजधानी होने के नाते रांची संसदीय क्षेत्र का अलग महत्व है। क्या है रांची संसदीय क्षेत्र का चुनावी परिदृश्य और क्या कहते हैं आंकड़े, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

देश ही नहीं, दुनिया भर में खनिजों के लिए प्रसिद्ध झारखंड की राजधानी और क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का गृहनगर रांची राजनीतिक रूप से भी बेहद चर्चित है। झारखंड की सत्ता का केंद्र होने के कारण यहां होनेवाली हर राजनीतिक गतिविधि का असर पूरे राज्य पर पड़ता है और उसकी अनुगूंज देश भर में सुनाई देती है। रांची एक खूबसूरत पर्यटक स्थल भी है और औद्योगिक नगरी भी। राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील रांची झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्रों में से एक है।

रांची का भौगोलिक परिदृश्य

रांची लोकसभा सीट को रांची के अलावा सरायकेला-खरसावां जिलों के कुछ हिस्सों को मिला कर बनाया गया है। रांची संयुक्त बिहार के समय से ही राजनीति का मुख्य केंद्र रही है, क्योंकि कभी रांची एकीकृत बिहार की ग्रीष्मकालीन राजधानी भी रही है। जहां तक रांची लोकसभा सीट का सवाल है, तो यहां पर कांग्रेस और भाजपा के बीच टक्कर होती है। वास्तव में रांची पूरे झारखंड में भाजपा का सबसे मजबूत दुर्ग है। यह ऐसी सीट है, जहां से राज्य की सबसे मजबूत क्षेत्रीय पार्टी झामुमो कभी भी जीत नहीं पायी है। रांची लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें (इचागढ़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके) आती हैं। इसमें कांके अनुसूचित जाति और खिजरी अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।

रांची की राजनीतिक पृष्ठभूमि

देश के पहले लोकसभा चुनाव के समय रांची संसदीय क्षेत्र आज जैसा नहीं था। उस समय रांची तीन लोकसभा क्षेत्रों में बंटा हुआ था। रांची नॉर्थ इस्ट, रांची वेस्ट और पलामू-हजारीबाग-रांची लोकसभा सीट। तब से लेकर अब तक रांची लोकसभा सीट पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सबसे ज्यादा दबदबा रहा है, लेकिन पिछले कुछ चुनावों में भाजपा ने कांग्रेस के इस दबदबे को कम कर दिया है और भाजपा इस सीट को अपने नाम कर रही है।

1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने रांची नॉर्थ इस्ट सीट जीती। कांग्रेस पार्टी के अब्दुल इब्राहिम 32.6 फीसदी वोटों के साथ यहां से जीते थे। 1952 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह ने रांची वेस्ट सीट जीती थी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जेठन सिंह खेरवार ने तीसरी लोकसभा सीट रांची, पलामू हजारीबाग रांची लोकसभा सीट जीती थी। 1957 के लोकसभा चुनाव में एक लोकसभा क्षेत्र रांची से अलग कर दिया गया। अब रांची में दो लोकसभा क्षेत्र थे, रांची इस्ट और रांची वेस्ट। 1957 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार एमआर मसानी ने रांची इस्ट से और झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह रांची वेस्ट सीट से जीते। 1962 में भी रांची वेस्ट से झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह जीते, प्रशांत कुमार घोष रांची इस्ट से जीते। 1967 में रांची एक अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बन गया और उस साल हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रशांत कुमार घोष ने जीत हासिल की। 1971 में एक बार फिर प्रशांत कुमार घोष इस सीट से जीते। 1977 में कांग्रेस ने शिव प्रसाद साहू को पहली बार रांची लोकसभा सीट से मैदान में उतारा, लेकिन वह जनता पार्टी के रवींद्र वर्मा के हाथों पराजित हो गये। लेकिन 1980 में कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर शिव प्रसाद साहू को उतारा और उन्होंने पिछली हार का बदला लेते हुए रांची सीट जीत ली। 1984 में एक बार फिर शिव प्रसाद साहू यहां से जीते। उन्होंने भाजपा के रामटहल चौधरी को हराया। लेकिन 1989 में रांची सीट कांग्रेस के हाथ से निकल गयी और उस बार इस सीट पर जनता दल के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय ने जीत हासिल की। उस चुनाव में भाजपा के रामटहल चौधरी दूसरे और कांग्रेस के शिव प्रसाद साहू तीसरे स्थान पर रहे। 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार रांची सीट जीती। इस बार भाजपा के रामटहल चौधरी ने जीत हासिल की। 1989 में इस सीट से जीते सुबोधकांत सहाय को जनता दल ने टिकट नहीं दिया। उन्होंने झारखंड पार्टी से चुनाव लड़ा और चौथे स्थान पर रहे। जनता दल ने अवधेश कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था। 1996 के लोकसभा चुनाव में भी रामटहल चौधरी ने कांग्रेस के केशव महतो कमलेश को हरा दिया। 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रामटहल चौधरी एक बार फिर रांची सीट से जीते। 1999 में रामटहल चौधरी की जीत का सिलसिला जारी रहा और उन्होंने कांग्रेस के केके तिवारी को हराया। 2004 के लोकसभा चुनाव में झारखंड राज्य बनने के बाद रांची सीट पर पहला लोकसभा चुनाव हुआ और इस बार लगातार चार बार रांची से सांसद रहे रामटहल चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने सुबोधकांत सहाय को अपना उम्मीदवार बनाया और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को हरा दिया। 2009 के लोकसभा चुनाव में भी सुबोधकांत सहाय ने कांग्रेस के लिए रांची सीट जीती। उस बार भी उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रामटहल चौधरी ही थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर से रांची लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया और इस बार रामटहल चौधरी ने कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय को हरा दिया। उस साल रांची में बहुकोणीय मुकाबला हुआ था, जिसमें आजसू पार्टी से सुदेश कुमार महतो, झारखंड विकास मोर्चा से अमिताभ चौधरी और टीएमसी से बंधु तिर्की चुनाव मैदान में उतरे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी का मैजिक फिर दिखा। हालांकि इस बार भाजपा ने रांची से रामटहल चौधरी को टिकट नहीं दिया, जिन्होंने पांच बार रांची की लोकसभा सीट से भाजपा को जीत दिलायी थी। भाजपा ने संजय सेठ को मैदान में उतारा। इससे नाराज होकर रामटहल चौधरी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। संजय सेठ ने मोदी मैजिक के सहारे कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय को हरा दिया। रामटहल चौधरी तीसरे स्थान पर रहे।

2019 का परिणाम

संजय सेठ	भाजपा	706510
सुबोध कांत सहाय	कांग्रेस	423730
रामटहल चौधरी	निर्दलीय	29539

क्या कहते हैं लोकसभा और विस चुनाव के आंकड़े

रांची लोकसभा क्षेत्र के तहत जो छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं, उनमें रांची, हटिया और कांके में अभी भाजपा का कब्जा है, जबकि सिल्ली से आजसू के सुदेश महतो विधायक हैं। खिजरी सीट कांग्रेस के पास है और इचागढ़ झामुमो के पास। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सभी छह क्षेत्रों से भाजपा को बढ़त मिली थी। इचागढ़ से भाजपा प्रत्याशी को 118211 वोट मिले थे, जबकि सिल्ली से 86765, खिजरी से 104871, रांची से 102217, हटिया से 144728 और कांके से 147509 वोट मिले थे। लेकिन विधानसभा चुनाव में इचागढ़ से भाजपा को 38475, खिजरी से 78360, रांची से 79646, हटिया से 115026 और कांके से 119975 वोट मिले थे। सिल्ली से उसने प्रत्याशी नहीं उतारा था। इस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा को 704301 वोट मिले थे, जबकि विधानसभा चुनाव में वह 431482 वोट ही ला सकी। इस तरह उसे 272819 वोट कम मिले। इस बार के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के लिए यह वोट दोबारा हासिल करने की चुनौती है।

एक करोड़ के इनामी नक्सली पतिराम मांझी के गांव पहुंचे आइजी, डीआइजी और एसपी, बूथों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नक्सलियों के गढ़ में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने को लेकर पुलिस प्रशासन अपनी तैयारी में जुट गया है। इसी क्रम में बोकारो जोनल आइजी माइकल राज एस, हजारीबाग रेंज के डीआइजी सुनील भास्कर और गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने शुक्रवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पड़नेवाले बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मधुबन में सीआरपीफ और जैप के कैंप भी गये। इसके बाद पुलिस अधिकारी केंद्रीय कमेटी के मेंबर ने और एक करोड़ के इनामी नक्सली पतिराम मांझी के गांव जाकर बूथ का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बात की और बिना किसी डर भय के वोट देने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया।

पारसनाथ पर्वत पर जाकर नक्सल गतिविधियों की जानकारी ली : आइजी, डीआइजी और एसपी ने पारसनाथ पर्वत पर जाकर नक्सल गतिविधियों की भी जानकारी ली। करीब डेढ़ घंटे तक पारसनाथ पहाड़ी के कई क्षेत्र का पुलिस पदाधिकारियों ने दौरा किया। इसके बाद नक्सल प्रभावित पीरटांड़ के कई बूथों में जाकर सुरक्षा-व्यवस्था समेत अन्य नक्सल गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। पीरटांड़ इलाके का निरीक्षण करने के बाद आइजी और डीआइजी गिरिडीह पहुंचे और समाहरणालय में एसपी और अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान नक्सल गतिविधियों समेत अन्य कई मुद्दों पर भी मंत्रणा हुई। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने पारसनाथ क्षेत्र में संचालित कैंप और एक्टिव नक्सलियों की गतिविधियों की जानकारियां ली। इस दौरान गिरिडीह एसपी को कई दिशा निर्देश दिये। साथ ही होली और रमजान को भी शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की बात कही।

झारखंड में माओवादियों का रणनीतिकार है पतिराम मांझी

अनल दा उर्फ पतिराम मांझी झारखंड में माओवादियों का रणनीतिकार है। पतिराम मांझी गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। बीते दो साल में पतिराम मांझी ने साजिश रच कर एक के बाद एक तीन बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। इन नक्सली वारदात में 12 पुलिस के जवान शहीद हुए। पतिराम मांझी झारखंड पुलिस के अलावा एनआइए की रडार पर भी है। झारखंड पुलिस ने पतिराम मांझी पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया है। वहीं एनआइए ने उस पर पांच लाख का इनाम घोषित कर रखा है। पतिराम मांझी की तलाश में राज्य पुलिस के साथ सीआरपीएफ, जगुआर पुलिस, कोबरा बटालियन जुटी हुई है।

सीपीआइ ने मनाया शहादत दिवस, भगत सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय में शनिवार को शहादत दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद भगत सिंह को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। यह सरकार की जन विरोधी नीतियों का परिणाम है। इसलिए भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए लिए हम सब युवाओं को मिल कर संघर्ष को तेज करना होगा। वक्ताओं ने कहा कि देश के राजनीतिक हालात में शहीद ए आजम भगत सिंह के विचारों की प्रासंगिकता बढ़ जाती है। लोकतंत्र की रक्षा और संविधान बचाने के लिए देश के युवा भगत सिंह के रास्ते चलें, तभी देश विकास की ओर अग्रसर होगा। इस दौरान महेंद्र पाठक, इम्तियाज खान, राजेश यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।

गैंग रेप के सजायाफ्ता की जमानत पर फैसला सुरक्षित, आदेश 9 अप्रैल को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की छात्रा के साथ गैंग रेप मामले के सजायाफ्ता राजन उरांव की क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। राजन उरांव की ओर से सजा को निलंबित रखते हुए जमानत देने का आग्रह कोर्ट से किया गया था। कोर्ट ने राजन उरांव की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में कोर्ट 9 अप्रैल को अपना आदेश सुनायेगी। बता दें कि रांची की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एनएलयू)

की छात्रा से सामूहिक बलात्कार के मामले में 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। कानून की छात्रा के साथ 26 नवंबर 2019 को एक किशोर सहित 12 लोगों ने गैंगरेप किया था, जब वह कॉलेज परिसर से लगभग 2.5 किमी दूर कांके शहर के संग्रामपुर इलाके में एक शेड के नीचे एक दोस्त से कॉलेज से लौटने के दौरान बात कर रही थी। इसी दौरान वहां बाइक और कार में सवार नौ युवकों ने छात्रा को जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आये छात्रा के दोस्त से मारपीट भी की। इसके बाद आरोपी युवक हथियार दिखा कर छात्रा का अपहरण करके उसे सुनसान जगह पर ले गये। सभी ने छात्रा के साथ गैंगरेप किया। आरोपी रात 10 बजे पीड़ित छात्रा को संग्रामपुर इलाके में पुल के पास छोड़ कर भाग गये थे।

अफसर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई 12 अप्रैल को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गयी है। वह 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं, इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाये। दरअसल, इडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गयी है। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में इडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

दो करोड़ की ठगी के आरोपी को हाइकोर्ट से मिली राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने दो करोड़ रुपये की ठगी के आरोपी और बुलेट शोरूम के संचालक सुमन कुमार को राहत दी है। अदालत ने सुमन की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। सुमन कुमार की ओर से अधिवक्ता विनय कुमार तिवारी ने बहस की। दरअसल गोड्डा की रहनेवाली रेणु कुमारी ने सुमन कुमार के खिलाफ गोड्डा के नगर थाना में दो करोड़ की ठगी करने और जान से मारने की धमकी देने समेत कई अन्य आरोप लगा कर प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सुमन कुमार ने झारखंड हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत की गुहार लगायी थी, जिस पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई।

साहिबगंज: छत्तीसगढ़ पुलिस ने प्रेमी युगल को लिया हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज जिले में छत्तीसगढ़ पुलिस ने तीनपहाड़ थाना पुलिस के सहयोग से बभनगांवा थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ से फरार प्रेमी युगल को बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बच्ची के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

इसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की है। बच्ची के नाबालिग होने की वजह से उसे बाल कल्याण समिति साहिबगंज में काउंसिलिंग के लिए प्रस्तुत किया गया। वहीं युवक को हिरासत में लेकर रिमांड की प्रक्रिया के लिए राजमहल व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.2 °c	15.4 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.00 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.49 बजे

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर झामुमो और कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

केंद्र सरकार तानाशाह की तरह काम कर रही है : बंधु तिर्की

झामुमो ने चिंता जतायी-केंद्र सरकार के केंद्रीय सुरक्षा बल आकर पार्टी कार्यालय पर बमबारी न कर दें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर झामुमो कैंप कार्यालय में शनिवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने साझा प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा और केंद्र सरकार को घेरा। इस दौरान दोनों नेताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जम कर जुबानी हमला किया। केंद्र सरकार पर संविधान के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि देश में सरकार कानून और संविधान से चलता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में इसकी तिलांजलि दे दी गयी है। हाल ही में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी इसका उदाहरण है, और ऐसी ही घटना दिल्ली में घटी है। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीएम मोदी और भाजपा क्या कर रही है, किसी से छुपा नहीं है। 2024 में इंडी गठबंधन की सरकार बनती है, तो कितने लोग इनके जेल जायेंगे, यह कह पाना मुश्किल है। एक चुनी हुई सरकार के साथ इस तरह का व्यवहार कहीं से ठीक नहीं है। यह बिल्कुल तानाशाह की तरह काम कर रही है। देश की जनता को अब समझने की जरूरत है। ऐसी सरकार से देश नहीं चलता है। आनेवाले समय में भाजपा को राज्य की जनता औकात दिखा देगी। केंद्र सरकार ने पूरे तरीके से देश को रसातल में पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इलेक्टोरल बांड हो या फिर अकाउंट फ्रीज होने की बात हो, यह सीधे तौर पर राजनीतिक पार्टियों के फंड पर डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है। जिस प्रकार से लगातार देश के संविधान पर हमला हो रहा है, इसे लेकर हमारी मांग है कि उच्च न्यायालय और राष्ट्रपति संज्ञान लें। निर्वाचन आयोग को निर्देशित करें, ताकि देश में निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव हो सके। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जिस मामले में गिरफ्तार किया गया है, वह भुइहरी जमीन खरीद का मामला है, यह मनी ट्रेडिंग में आता भी नहीं है। इलेक्टोरल बांड से मनी ट्रेडिंग हुआ है। इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कहीं किसी रात को पता चला कि केंद्र सरकार के जितने भी केंद्रीय सुरक्षा बल हैं, वे आकर पार्टी कार्यालय पर बमबारी न कर दें। और जो भी दस्तावेज है, पार्टी के कागज हैं, वे एक साथ खत्म कर दें।

25 को बारिश की संभावना, 29 मार्च तक छाये रहेंगे बादल

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के मौसम में बदलाव जारी है। आनेवाले दिनों में भी मौसम में बादल और बारिश का आसार बना रहेगा। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 24 मार्च को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं, 25 मार्च को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में बारिश की संभावना है। इस हिस्से में बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने और वज्रपात की संभावना भी व्यक्त की गयी है। इसमें देवघर, दुमका, धनबाद, जामताड़ा, गिरिडीह, पाकुड़ और साहिबगंज में बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही 26 से 29 मार्च तक राज्य में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। ऐसे में संभावना है कि इस बार होली खेलने में लोगों को खलल होगी। बारिश और बादल का असर राज्य में बना रहेगा। तापमान की बात करें तो आनेवाले तीन दिनों के दौरान तापमान में छह डिग्री तक की वृद्धि होगी। इसके तीन दिनों के बाद तापमान में कोई वृद्धि नहीं होगी। ऐसे में आनेवाले दिनों में लोगों को गर्मी का एहसास भी होगा, लेकिन बादल और बारिश से लोगों को राहत मिलेगी।

पूर्व सीएम हेमंत की याचिका पर एससी में 1 अप्रैल को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 1 अप्रैल को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ में उनका मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है। दरअसल, हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गयी थी। अपनी याचिका में उन्होंने यह मांग की है कि आनेवाले दिनों में आहूत होनेवाले विधानसभा के सत्र में उन्हें शामिल होने की अनुमति दी जाये। बता दें कि हेमंत सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। पिछले महीने हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए उन्होंने पीएमएलए कोर्ट और हाइकोर्ट से अनुमति मांगी थी। लेकिन दोनों ही अदालतों ने उन्हें सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित 13 ने ली बीजेपी की सदस्यता

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रवादी लोक शक्ति पार्टी (युवा) के 13 नेता बीजेपी में शामिल हो गये हैं। इनमें प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम का नाम भी शामिल है। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष ने अपने लेटर पैड पर बीजेपी में जानेवाले नेताओं की सूची मीडिया में जारी की है। बीजेपी में शामिल होनेवाले अन्य नेताओं में दिलीप करमाली, प्रदेश उपाध्यक्ष, विशाल राम, अमित श्रीवास्तव, अमित वर्मा, अमरनाथ कुमार, आशुतोष पाठक, रंजन राम, चुन्नू कुमार, शंकर कालिंदी, संजू कुमार, एहसान रजा और पवन महतो के नाम हैं।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष जमीन-जायदाद,स्थिर सम्पत्ति से संबंधित काम बनेंगे, दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी।

वृष भाग्य-कर्म-प्रारब्ध के सहयोग से विवादास्पद मामलें दूर होगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।

मिथुन साहस-पराक्रम-पुरूषार्थ से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी, रोजी-रोजगार में शपलता।

कर्क राजनीति के क्षेत्र में ऊंचाई को छुएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।

सिंह गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ।

कन्या चिर-परिचित लोगों से मुलाकात होगी। अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी। अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे।

तुला नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।

वृश्चिक रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी,सरकारी कार्य में प्रगति होगी। हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति।

मकर मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।

कुंभ घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते हैं,आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी।

मीन आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं, परिवार में नए मेहमान का आगमन होगा।

कल्पना ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता से बात कर कहा, पूरा झारखंड आपके साथ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से फोन पर बात की। इस बात की जानकारी खुद कल्पना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दी है। उन्होंने कहा है कि अभी अरविंद केजरीवाल की धर्म पत्नी सुनीता केजरीवाल से बात कर उन्हें साहस देने का प्रयास किया। एक साथी के रूप में मैं उनकी परेशानियों को समझ सकती हूं।

पूरा झारखंड केजरीवाल के साथ : कल्पना ने आगे लिखा है, लोकप्रिय निर्वाचित मुख्यमंत्रियों की गैरकानूनी ढंग से गिरफ्तारी और वह भी तब, जब देश में आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा हो गयी हो, एक लोकतांत्रिक देश के लिए यह सामान्य घटना नहीं है। संकट की इस घड़ी में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरा झारखंड केजरीवाल के साथ खड़ा है। इंडिया झुकेगा नहीं

उत्तम यादव सहित पांच लोगों को छोड़ा

शहीद भगत सिंह की प्रतिमा नहीं लगाने पर आत्महत्या की धमकी देनेवाले लोगों को पुलिस ने पकड़ा था

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा नहीं लगाने पर आत्महत्या की धमकी देनेवाले राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव सहित पांच युवकों को सुखदेवनगर थाना पुलिस ने हिरासत में लिया था। हिरासत में लिये गये सभी युवकों को समझाया गया, फिर इन्हें छोड़ दिया गया। ये सभी लोग लंबे समय से मोराबादी में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को लगाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन प्रतिमा नहीं लगायी जा रही है।

रेलवे स्टेशन निर्माण स्थल पर अपराधियों ने की फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार शनिवार को सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन साइडिंग में आरपीएफ थाने के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि इस फायरिंग की घटना में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। गोलीबारी की घटना के बाद से काम में लगे मजदूरों और कर्मियों में दहशत का माहौल है।

साइडिंग में लगे मजदूरों ने बताया कि लाल रंग के अपाची बाइक पर आये युवक ने पूछा कि किसका काम चल रहा है। बताया कि ठेकेदार बरकाकाना में रहता है। इतना सुनते ही अपराधियों ने लाठी-डंडा उठाकर सभी को खदेड़ना शुरू कर दिया और काम बंद करने को कहा। इसी बीच एक अपराधी ने पिस्तौल निकाली और हवाई फायरिंग करते हुए सभी निकल गये। बाइक चला रहा युवक हेलमेट पहने था। इसके बाद घटना की जानकारी सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा को दी गयी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताते चलें कि लातेहार रेलवे स्टेशन को मॉडल रेलवे स्टेशन बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

होली त्योहार पर सुरक्षा के लिए जैप और आइआरबी समेत कई कंपनियां रहेंगी तैनात

संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता

रांची, हजारीबाग, गिरीडीह, दुमका, जमशेदपुर में रैफ की कंपनी भी तैनात रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव के दौरान होली के मौके पर शांति-व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस विशेष प्रबंध कर रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 24 जिलों में कानून-व्यवस्था के लिए जैप, आइआरबी समेत अन्य कंपनियों के करीब दो हजार से अधिक अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है। राज्य में जैप, आइआरबी समेत अन्य बटानियन के साथ कई कंपनी का अतिरिक्त फोर्स राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात रहेंगी। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस मुख्यालय ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। 23 मार्च से 27 मार्च तक के लिए अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है। आइजी अभियान ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

रांची, हजारीबाग, गिरीडीह, दुमका, जमशेदपुर में रैफ की कंपनी भी तैनात रहेगी। करीब दो हजार से अधिक अतिरिक्त बलों की तैनाती विभिन्न जिलों में की गयी है। पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सभी को दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।

पारस अस्पताल में ब्रेन ट्यूमर का हुआ सफल ऑपरेशन

रांची (आजाद सिपाही)। बार-बार होने वाला ब्रेन ट्यूमर का पारस अस्पताल के डॉ सचिन ने सफल ऑपरेशन किया है। इस बीमारी से पीड़ित 55 साल की महिला मरीज प्रेमा देवी की स्थिति अब बेहतर है। महिला पारस अस्पताल के डॉक्टर सचिन और उनकी टीम को धन्यवाद दे रही है। डॉ सचिन ने बताया कि महिला मिर्गी और सिर दर्द की समस्या लेकर अस्पताल पहुंची थी। महिला ने डॉक्टर को बताया कि 12 साल पहले बनारस में ब्रेन के लेफ्ट हिस्से के ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद तुरंत महिला को एमआरआइ कराने की सलाह दी गयी। एमआरआइ रिपोर्ट में पता चला कि ट्यूमर फिर से हो गया है, जो मस्तिष्क के दोनों हिस्सों में है। ट्यूमर की वजह से प्रमुख खून की धमनियां भी प्रभावित हो रही हैं। डॉक्टर ने महिला को तुरंत सर्जरी कराने की सलाह दी। इसके बाद डॉक्टर सचिन ने अपनी टीम के साथ महिला की इस जटिल सर्जरी को सफलता पूर्वक किया।

डालमिया सीमेंट का एन्युअल टेक्नोक्रेट्स मीट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारत की प्रमुख सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी और डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) की सहायक कंपनी, डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) ने कंस्ट्रक्शन की बेहतर प्रथाओं को उजागर करते हुए, रांची में एन्युअल टेक्नोक्रेट्स मीट का आयोजन किया। उम्मीद है कि रांची इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी से विस्तार करेगा, इसी को ध्यान में रखते हुए उक्त सेशन में प्रमुख इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स को आमंत्रित किया गया। जिन्होंने जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में सतत विकल्पों पर अपने विचार व्यक्त किये। इस चर्चा में पारंपरिक निर्माण विधियों से हटकर नवीन दृष्टिकोण अपनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की वजह से पर्यावरण को होने वाले प्रभावों और नुकसानों को कम करना है। इसमें बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में उच्च ग्रेड कंक्रीट को अपनाना शामिल है। उक्त सेशंस में रांची, रामगढ़, लोहरदगा और गुमला के 100 से अधिक प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स और इंजीनियर्स उपस्थित थे। इस आयोजन में कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि डालमिया सीमेंट में, हम निर्माण क्षेत्र में 'ग्रे से ग्रीन' में क्रांति लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो भवन निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर टिकाऊ घटकों को अपनाने पर आधारित है। सीमेंट इंडस्ट्री हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि यह विभिन्न भौतिक संरचनाओं की नींव है। हमारा लक्ष्य वर्ष 2030 तक हमारे सकल घरेलू उत्पाद की कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 33-35% तक कम करना है।

डीएवी सरला स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन

बड़ों का आदर करें बच्चे : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पासवा द्वारा संचालित तुपुदाना स्थित डीएवी सरला स्कूल में शनिवार झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पहुंचे एवं स्कूली बच्चों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विद्यालय के बच्चों द्वारा वित्त मंत्री को गुलाब देकर स्वागत किया गया,वहीं विद्यालय के डायरेक्टर मेहुल दुबे, इंचार्ज संगीता सिंह, सुचिता छेत्री, शिक्षिका मेघा बाखला, शिल्पी कुमारी, मेघा टोपनो ने विद्यालय की ओर से वित्त मंत्री का बुके देकर स्वागत किया।

डॉ रामेश्वर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा देश में जितने भी संत महात्मा हुए सबने एक ही चीज सिखाया माता-पिता, गुरुजनों की बात मानो, उनका आदर करो, अपने परिवार का सम्मान करो, बड़ों का आदर करो जिसमें अभी कमी आ गयी है। बच्चे पहले पैर छूते थे, हाथ जोड़ते थे इसका मतलब है कि रिश्ते के आगे, उम्र के आगे समर्पित रहना।

बदलाव आया है बदलाव अच्छे के लिए है या बुरे के लिए इसे मैं परिभाषित तो नहीं कर सकता, लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं बच्चों के बीच आकर मुझे अच्छा लगता है, बच्चे इनोसेंट होते हैं निर्दोष होते हैं, इनका मन निश्चल होता है, बच्चों का संसार इनोसेंट संसार होता है। आज के बच्चे बुद्धिमान, तेज एवं होशियार हैं और बच्चे कच्चे बांस की तरह होते हैं जिन्हे जिधर भी मोड़ दिया जाये उधर ही मुड़ जाते हैं। डॉ उरांव ने कहा समय के साथ साथ हमारे बच्चों में पहले की अपेक्षा संस्कार में बदलाव देखे जा रहे हैं। अब इसमें कमी आ गयी है, हमें बच्चों को संस्कार देना होगा। इस मौके पर पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा डीएव सरला स्कूल प्रेप से कक्षा 5 तक शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों की भी जानकारी देगा ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। पासवा का हमेशा यह उद्देश्य रहा है सीमित संसाधनों में बच्चों को मुकम्मल शिक्षा प्रदान हो।

मेडिका ने जीता आरोग्य भारत समिट अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल, रांची ने पेसेंट फॉल निवारण प्रोजेक्ट में प्रथम और मेडिका, कोलकाता को सर्जिकल साइट संक्रमण में कमी प्रोजेक्ट में प्रथम रनर-अप का अवार्ड हासिल किया। मेडिका समूह के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक अयनाभ देबगुप्ता ने सम्मान ग्रहण करते हुए कहा कि मेडिका आगे भी अपनी उन्नत सेवा के लिए कटिबद्ध है। एवीपी अनिल कुमार ने बताया कि पेसेंट फॉल निवारण प्रोजेक्ट क्षमता का पता लगा कर रोगी की फॉल संख्या को शून्य तक कम करने के लिए शुरू किया गया था। पेशेंट फॉल के कारण, मूल्यांकन, पुनर्मूल्यांकन और गिरावट की रोकथाम के उपायों को हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा प्राथमिकता दी गयी और एक मिशन के तहत जीरो फॉल टारगेट को हासिल किया गया। वहीं मेडिका, कोलकाता ने सर्जिकल साइट संक्रमण (एसएसआइ) की बढ़ती प्रवृत्तियों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह परियोजना तब शुरू की गयी थी जब लगातार एसएसआइ की बढ़ती प्रवृत्ति देखी गयी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 24 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in

भगत सिंह युवाओं के प्रेरणास्त्रोत : गौतम सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु ने अल्पायु में देश की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था। हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमने वाले भारत माता के तीनों वीर सपूतों का संपूर्ण जीवन हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत है। उक्त बातें युवा आजसू के प्रदेश संयोजक सह रांची जिला प्रभारी गौतम सिंह ने शहीद दिवस पर आजसू केंद्रीय कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान कही। मौके पर युवा आजसू और अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के पदाधिकारियों ने शहीद दिवस के मौके पर भारत माता के अमर सपूत वीर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें

आजसू केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

श्रद्धांजलि अर्पित की। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने अपने साथी राजगुरु और सुखदेव के साथ मिलकर देश की आजादी की लड़ाई को धार देते दी थी। उनके बलिदान से प्रेरित होकर हजारों युवा भी स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए थे। इस दौरान मुख्य रूप से जब्बार अंसारी, अजीत कुमार राजकिशोर महतो, राहुल तिवारी अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, बिपिन यादव, विक्रम यादव, राजेश सिंह, प्रियांशु, अभिषेक साहू, बबलू मंडल, आनंद यादव, आशुतोष सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब में होली मिलन समारोह

मंगलवारी जुलूस की तैयारी करें अखाड़ाधारी : राजीव रंजन मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब के प्रांगण में शनिवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने की। समारोह में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, श्री महावीर मंडल धुर्वा के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह, श्री महावीर मंडल चुटिया के अध्यक्ष कृष्णा सहाय, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, समाजसेवी शंकर दुबे, वरुण साहू, नकुल तिर्की उपस्थित थे। समारोह का संचालन श्री महावीर मंडल

रांची के पूर्व मंत्री ललित ओझा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मंत्री कैलाश केसरी ने की। समारोह में आये श्री महावीर मंडल रांची के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य सम्मान समारोह श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समारोह में श्री मिश्रा ने सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं का अभिवादन किया एवं सभी से श्री रामनवमी मोहत्सव 2024 को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया। श्री मिश्रा ने सभी से श्री रामनवमी मोहत्सव 2024 की तैयारी शरू करने का आह्वान किया एवं होली के बाद प्रथम मंगलवार को मंगलवारी जुलूस की तैयारी करने का आह्वान किया एवं अपने-अपने अखाड़ा में झंडा स्थापित करने को कहा। समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, महावीर मंडल रांची के उपाध्यक्ष राज किशोर, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, नकुल तिर्की, अर्जुन राम, राम मनोज साहू, प्रकाश चंद्र सिन्हा, सुनील शर्मा, रमेश केडिया, रणधीर रजक, डॉ जीवाधन प्रसाद, पीयूष आनंद, राकेश सिंह,ज्योति शंकर साहू, श्रवण कुमार, कुणाल कुमार सहित सैकड़ों अखाड़ाधारी एवं नेतृत्वकर्ता उपस्थित थे।

शारदा ग्लोबल स्कूल में ग्रेजुएशन डे सेरेमनी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बच्चों ने शारदा ग्लोबल स्कूल में ग्रेजुएशन डे सेरेमनी का जश्न मनाया। प्री स्कूल एक बच्चे के जीवन में सीखने की सबसे महत्वपूर्ण अवधियों में से एक है। इस प्री स्कूल स्नातक दिवस पर शारदा ग्लोबल स्कूल में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, गेस्ट ऑफ ऑनर सरिता वर्मा, विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका एवं अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका, आकांक्षा सिन्हा एवं अभिभावक उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप वर्मा ने बच्चों को अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं संस्कारवान होने की प्रेरणा दी।

उन्होंने अभिभावकों से भी यह अपेक्षा की कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल एवं शानदार भविष्य के लिए अपना बहुमूल्य समय दें। डायरेक्टर दीपक बंका ने कहा कि प्रत्येक बच्चा शानदार, ज्ञानवान एवं बहुमूल्य है। परिश्रम, धैर्य एवं सहनशीलता तथा अनुशासित जीवन ही उनके उत्कृष्ट भविष्य की कुंजी है। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ रंजना स्वरूप ने कहा कि शारदा ग्लोबल स्कूल छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहा है। प्राचार्या जसमीत कौर ने कहा कि विद्यालय बच्चों के अंदर निहित गुणों को पहचान कर क्रियान्वित कर उन्हें जीवन के छोटे-बड़े तथ्यों से परिचित कराता रहा है, जिसका परिणाम है कि शारदा ग्लोबल स्कूल अपनी छवि एवं पहचान बनाने में श्रेष्ठ विद्यालयों में अग्रणी है।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आर्ट इंटीग्रेटेड एग्जिबिशन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए एक आर्ट इंटीग्रेटेड प्रदर्शनी कैलिडोस्कोप का आयोजन किया।

प्रदर्शनी में बच्चों ने पाठ्यक्रम को एक श्रृंखला में प्रदर्शित किया, जो कला के साथ एकीकृत था। उन्होंने मिट्टी, कागज, प्लास्टिक और जूट बैग से बनी शिल्प वस्तुओं का प्रदर्शन किया। सोहराई, मधुबनी और डोकरा जैसे पारंपरिक कला रूपों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली पेंटिंग भी प्रदर्शित की गयी।

विभिन्न अनुभवजनित शैक्षणिक यात्राओं पर आधारित परियोजनाओं को भी प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किया। आकर्षण का मुख्य बिंदु लाइव पेंटिंग काउंटर था जिसने सबसे अधिक भीड़ अपनी ओर खींचा। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की रचनात्मकता, कड़ी मेहनत और उत्साह की सराहना की। उन्होंने बच्चों को इस तरह की करके सीखने वाली परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्प्रिंग कैंप में बच्चों ने मचाया धमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेसीआइ यूथ और लिटिल एंजल के संयुक्त तत्वावधान में पिछले तीन दिनों से चल रहे स्प्रिंग कैंप का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्प्रिंग कैंप में डांसिंग, ड्रामा, प्रिंटिंग आर्ट एंड क्राफ्ट तथा गेम्स आदि सिखाये गये। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि समापन अवसर पर बच्चों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गयी। समापन मौके पर प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य संध्या बागला ने कहा कि शिक्षा के लिए तो हम अपनी पाठ्य पुस्तकों से पूरे वर्ष शिक्षा प्राप्त करते ही हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त भी हमारे जीवन के सर्वांगीण विकास के

लिए समय-समय पर कुछ हट कर भी अनेक गतिविधियां और क्रियाकलाप अत्यंत उपयोगी हो सकते हैं। स्प्रिंग कैंप इसका बेहतर विकल्प है, जिसमें हम अपना शारीरिक एवं मानसिक विकास कर सकते हैं। स्प्रिंग कैंप के सफल समापन पर जेसीआई यूथ की ओर से सभी बच्चों और स्कूल की शिक्षिका को गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम में सहयोग के लिए जेसीआइ यूथ ने लिटिल एंजल स्कूल की प्रधानाचार्य संध्या बागला एवं उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है। समापन समारोह में अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, सचिव ऋचा जालान कार्यक्रम की संयोजिका मोनिका गोयनका और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

एनइपी की तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एनइपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए झारखंड के एकेडेमिक डेवलपमेंट कॉलेज प्राचार्यों की तीन-दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हो गयी। यह कार्यशाला नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, झारखंड सरकार के तत्वावधान में हुई। रांची विश्वविद्यालय इसकी मेजबानी कर रहा है। कार्यशाला के समापन के मुख्य अतिथि डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय थे। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि प्रो रंजीत कुमार सिंह, ज्वॉइंट डायरेक्टर, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन झारखंड सरकार थे। कार्यशाला में विशिष्ट रूप से प्रो कुमार सुरेश, डायरेक्टर एनइआइपीए, प्रो सुधांशु भूषण, एनइआइपीए एवं प्रो एके सिंह, एनइआइपीए उपस्थित थे। डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय ने बताया कि

रांची विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष एक हजार पीएचडी अवार्ड करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस दरमियान किये गये शोध कार्यों को विराम ना देकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। कार्यक्रम को विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। प्रोफेसर कुमार सुरेश ने नयी ग्रेडेशन प्रणाली को लागू करने के संबंध में प्रकाश डाला। प्रोफेसर सुधांशु भूषण ने बहु-विषयक और अंतर-विषयक अनुसंधान पर चर्चा की और बताया कि छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए इन्हें कैसे जोड़ा जा सकता है। प्रो. एके सिंह ने वर्तमान में समुदाय आधारित शोध पर जोर दिया। अतिथियों का स्वागत डॉ विभा पांडे, डेप्यूटी डायरेक्टर, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन, झारखंड ने किया एवं कार्यशाला का प्रतिवेदन प्रो बीके सिन्हा ने दिया। कार्यक्रम के अंत में सर्टिफिकेट वितरण किया गया एवं प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। कार्यशाला का समापन डॉ. राज कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

श्री बालाजी बाबोसा मंदिर का होगा जल्द निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री बालाजी बाबोसा मंदिर का बिरसा चौक में लोकार्पण के लिए समिति के सदस्यों की बैठक एवं पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री राम मंदिर अयोध्या की तर्ज पर श्री बालाजी बाबोसा मंदिर का निर्माण कार्य राजस्थान के कारीगारों द्वारा किया जा रहा है।

अयोध्या के श्री राम मंदिर में जिस पत्थर का उपयोग किया गया है। उसी पत्थर से यहां मंदिर निर्माण का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। मंदिर का लोकार्पण एवं कलश यात्रा 30 मार्च को निकाली जायेगी। मंदिर के लोकार्पण के लिए परम आराधिका मंजू बाईसा

दिल्ली से 30 तारीख को रांची पहुंचेगी। इनका रांची एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है।

साथ ही संध्या में भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। महाभंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के बलबीर जैन (नंदू) आयोजन समिति के रोहित शारदा, रेनू बरडिया, प्रतिमा सिन्हा, अमरचंद बेगानी, विकाश शिंघी, विमल दासानी, बिनोद बेगवानी, सच्चिदानंद अग्रवाल, राजीव केडिया, कृष्ण कुमार पिलानिया, संगीता बागड़ी, नम्रता सोनी, पप्पू जायसवाल, महाराणा प्रताप सिंह, संजय अग्रवाल, मुकेश जैन, नैना देवी, प्रिया सिन्हा, मेनका गाड़ी, पूर्व पार्षद कृष्णा महतो सहित अन्य सदस्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

चौपाल में बुजुर्गों के लिए होली मिलन का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। माहेश्वरी समाज अपने बुजुर्गों के लिए चौपाल मंच के अंतर्गत कई कल्याणकारी योजनाएं चलाता है। चौपाल के संयोजक राजकुमार मारू एवं सहसंयोजक अशोक साबू हैं। बुजुर्ग लोगों के एकाकी जीवन में नयी ऊर्जा के संचरण के लिए प्रत्येक महीने कुछ कार्यक्रम किये जाते हैं। इस चौपाल के अंतर्गत शनिवार को होली मिलन का आयोजन किया गया। 40 बुजुर्गों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद अंतराक्षरी का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। होली गीतों को कोरस में गाया तथा अंत में होली के गीतों पर सब ने मिलकर नृत्य किया। 60 से 82 साल के बुजुर्गों का आपस में मिलजुल कर इस तरह के कार्यक्रम को आयोजन करना उनके जीवन में एक नया रंग भरने का प्रयास था।

महत्वपूर्ण खबरें

महिला सम्मान और होली मिलन समारोह

मेसरा (आजाद सिपाही)। उड़ान सामाजिक विकास संस्थान की ओर से महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक पायल सोनी व मुख्य अतिथि पारगॉन फाइनेंस के निदेशक आलोक गुप्ता के द्वारा दो सौ पचास महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही ट्रांजेंडर व सफाई कर्मी महिलाओं को भी समानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आधी आबादी के बिना देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाएं कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। संस्था के निदेशक ने कहा कि संस्था प्रत्येक वर्ष उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित करते आ रही है। भविष्य में भी यह कार्य जारी रहेगा। मौके पर समाजसेवी जितेंद्र सिंह, विकास भारती के उपाध्यक्ष रंजना सिंह, जितेंद्र पटेल, राकेश सिंह, अनिता वर्मा, दिव्या साहू, नम्रता सोनी, वीना देवी, नेहा शर्मा, प्रीति सिन्हा, प्रीति चौधरी, भारती सिंह, नैना राय, पार्वती देवी, गायत्री देवी, किरण देवी, गीता देवी, जयंती देवी, जासो देवी, सुमन देवी, बेबी गाड़ी मौजूद थे।

अमर शहीद भगत सिंह को अर्पित किया श्रद्धासुमन

रांची (आजाद सिपाही)। शहादत दिवस पर शनिवार को सैनिक संस्था रांची महानगर के तत्वावधान में रातू रोड देवी मंडप रोड हेसल सरोवरनगर में वीर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को याद कर उनके चित्र पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू ने तिलक, माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मनोज कुमार पुटू ने वीर शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश के प्रति उनके त्याग, संघर्ष, समर्पण एवं बलिदान की गाथा उपस्थित युवा वर्ग एवं बच्चों को बतायी। उन्होंने कहा कि आज के युवा शहीदों को भूलते जा रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उनमें संस्कार एवं देश के प्रति निष्ठा एवं अपने महापुरुषों के प्रति श्रद्धा शुरू से ही विकसित की जाये। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व सैनिक रामजी प्रसाद, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा कमांड झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू, ऋषभ कुमार,आयुष कुमार, मुन्ना कुमार, आयुष कुमार अग्रवाल, कृष कुमार, राजू कुमार सिंह, सत्यम कुमार, प्रेरणा कुमारी, आयुषी कुमारी, खुशी कुमारी, अनुषा कर्ण, ममता कुमारी, वैष्णवी कुमारी, अन्वी कुमारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

आरएस फाउंडेशन ने बच्चों संग मनायी होली

रांची (आजाद सिपाही)। आरएस फाउंडेशन ने शनिवार को बुकरु गांव में बच्चों के बीच होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर आरएस फाउंडेशन ने बच्चों के बीच रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाई आदि का वितरण किया। बच्चे रंग, गुलाल, पिचकारी आदि पाकर बहुत खुश हुये। संस्था के सदस्यों ने कहा कि सभी बच्चे सावधानी से होली मनाये। इस मौके पर संस्था के सदस्य पंकज बंका, बजरंग गुप्ता सहितअन्य लोग मौजूद थे।

फ्रेंड्स ऑफ लद्दाख की झारखंड चैप्टर का बापू वाटिका के समक्ष उपवास आज

रांची (आजाद सिपाही)। लद्दाख के लोगों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए फ्रेंड्स का लद्दाख की झारखंड चैप्टर के तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष रविवार(24मार्च) को नेहा सिन्हा द्वारा एक दिवसीय उपवास किया जायेगा। इस संबंध में नेहा ने कहा कि सोनम वांगचुक, एक प्रसिद्ध शिक्षक और पर्यावरण कार्यकर्ता, जो लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के कार्यान्वयन की प्रमुख मांग के लिए 6 मार्च 2024 से 21 दिनों की भूख हड़ताल पर हैं। उनके समर्थन में फ्रेंड्स ऑफ लद्दाख, झारखंड चैप्टर की ओर से एक दिवसीय उपवास रखने का निर्णय लिया गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व फ्रेंड्स ऑफ लद्दाख संगठन द्वारा किया जा रहा है। नेहा ने कहा कि एक व्यक्ति के रूप में एक दिवसीय उपवास के आह्वान का सम्मान कर रही हूं और रांची सहित झारखंड के लोगों को समर्थन देने के लिए आमंत्रित करती हूं। गांधी स्मारक, मोरहाबादी, रांची के पास सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपवास किया जायेगा।

श्री श्याम मंदिर में होली उत्सव 25 को

रांची (आजाद सिपाही)। खाटू धाम की परंपरा के अनुसार हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 25 मार्च को श्रृंगार पंच आरती के बाद प्रात: 9 से 12 बजे तक होली उत्सव मनाया जायेगा। होली उत्सव में सिर्फ गुलाल का प्रयोग किया जायेगा। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी तथा प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सोमवार को होली उत्सव के दिन प्रात: 5:30 बजे मंगला पंच आरती एवं बाल भोग 8:30 बजे श्रृंगार पंच आरती एवं श्याम प्रभु को भोग अर्पित किया जायेगा। दोपहर 12:15 बजे शंख आरती होगी। सायं 4:30 बजे श्याम प्रभु को नवीन बागा पहनाया जायेगा और विशेष श्रृंगार किया जायेगा। भक्तों को बाबा के सांवले रूप का दर्शन होगा। रात्रि 7:00 बजे ग्वाल भोग 8:30 बजे शयन आरती और रात्रि 9:30 बजे पट मंगल होगा। महामंत्री श्री नारसरिया ने बताया कि सायं 4:00 बजे महा रुद्राभिषेक होगा। पंडित रत्नाकर शर्मा एवं सहयोगी पंडित स्फटिक शिवलिंग पर महा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान संपन्न करायेंगे, जिसके यजमान डॉ प्रवीण नारसरिया, डॉक्टर श्रुति नारसरिया और माधव नारसरिया होंगे। होली उत्सव के दौरान रंग मिले गुलाल का प्रयोग वर्जित है। भक्तों को प्रसाद के रूप में ठंडाई का वितरण किया जायेगा। मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तों से होली उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

पतरातू में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी गयी श्रद्धांजलि

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू में शहीद भगत सिंह चौक पर प्रखंड के पत्रकारों और ग्रामीणों ने शनिवार को शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई पत्रकार सलीम अंसारी और पत्रकार नंदकुमार कर रहे थे। तीनों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को नमन कर उन्हें याद किया। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सलीम अंसारी ने कहा कि देश को आजाद करने में तीनों क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का अहम भूमिका रहा है। वहीं पत्रकार नंदकुमार ने कहा कि आज के युवा तीनों क्रांतिकारियों के नक्शे कदम पर चलकर देश को फिर से विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें। इससे पूर्व सभी पत्रकारों ने भगत सिंह के प्रतिमा स्थल पर अपने विचारों को रखते हुए कहा कि तीनों क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आंदोलन कर उनके दांत को खट्टे किया था और अंग्रेजों को भारत से भागने के लिए मजबूर कर दिया। इस मौके पर प्रदीप गुप्ता, सत्येंद्र पाठक, राजीव रंजन, रघुनंदन प्रसाद, अजय तिवारी, संजय सिन्हा, सुमित पाठक, भास्कर राय, संतोष कुमार, मुनसब अंसारी, विजेंद्र कुमार, अमित पाठक, विनोद करमाली, रवि सिंह, दीपक प्रसाद, नागेश्वर सिंह, बालेंद्र साहू, राजेंद्र रजक, सुरज कुमार, अशोक पाठक, मनोज साहू, किशोर ठाकुर, रंजीत ठाकुर आदि कई ग्रामीण शामिल थे।

बाल विवाह को लेकर जागरूकता अभियान

गोला (आजाद सिपाही)। गोला प्रखण्ड क्षेत्र में बाल विवाह रोकथाम के लिए शनिवार को कई पंचायतों में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से अग्रगति संस्था द्वारा सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए बेटूल, सोसो कलां, मगनपुर, सुतरी, रकुवा, बरलंगा, उपरबरगा, चोकाद पंचायत में बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया। जहां नुक्कड़ नाटक और पॉपेट शो की मदद से लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए कार्य किया गया। कही भी हो रहे बाल विवाह की सूचना चाइल्डलाइन के टॉल फ्री न. 1098 और स्थानीय पुलिस-112 पर फोन कर देने की बात कही गयी। अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने बताया कि बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की से शादी करने वाले दूल्हा को 2 साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना या दोनों हो सकता है। शादी में शामिल होने या इसके लिए प्रेरित करने वालों को भी दो साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना या दोनों किया जायेगा। इसके अलावा जो माता पिता अगर अपने बच्चों की कम उम्र में शादी करते हैं तो उन्हें भी दो साल की सजा और एक लाख रुपये का जुर्माना या दोनों होगा। दोषी पाये जानें लोगों के ऊपर गैर जमानती केस दर्ज हो सकता है। मौके पर संस्था के फैजान अख्तर, रीता कुमारी, भगीरथ महतो, भुवनेश्वर महतो, निशा कुमारी के अलावे मंजू देवी, मनोज कुमार, सुकर महतो, सुषमा देवी आदि थे।

आरएच पब्लिक स्कूल में आर्ट क्राफ्ट प्रतियोगिता

कुजू (आजाद सिपाही)। आरएच पब्लिक स्कूल, बूढाखाप में होली पर्व पर आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वर्ग एक से पांच तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ भी, विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को रंग बिरंगी कलाकृतियों का अद्भुत प्रदर्शन कर मौजूद निर्णायक मंडली को अचंभित कर दिया। विद्यार्थियों ने कच्चे-पक्के मकान, डीजे सिस्टम, चिड़िया का घोंसला, पेपर से बने फूलों का गुलदस्ता, अंगारों में बैठी होलिका के गोद में प्रहलाद समेत कई कलाकृति की प्रस्तुति की। वही, विद्यालय निदेशक संतोष कुमार ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र सौपा। सफल विद्यार्थियों में विजेताओं का नाम आशीष कुमार, आर्य श्री, लक्ष्मी कुमारी, नेहा सोरेन, आशा मिलन और मोनिका कुमारी, सानु कुमार, आकाश कुमार, अंजली कुमारी, चंचल कुमारी, संजना कुमारी, सिद्धी कुमारी, अजीत कुमार, अरुण कुमार, अनुष्का कुमारी, श्रद्धा कुमारी, पुजा कुमारी, रिया, स्वीटी कुमारी, प्रतीक कुमार, आर्यन कुमार और सौरभ कुमार शामिल है। इस अवसर पर शिक्षक कौलेश्वर महतो ने बच्चों को हौसला अफजाई कर होली पर्व की पौराणिक कथा से अवगत कराया। वही, निदेशक संतोष महतो ने होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि नोनिहाल बच्चे ही देश और हमारे स्कूल के भविष्य हैं। इस अवसर पर प्रीती कुमारी, विकास महतो, नितल कुमार, विकाश कुमार, शिव प्रसाद महतो, कौलेश्वर महतो, कविता कुमारी, पविता कुमारी, देवंती कुमारी, लक्ष्मी, अंजु कुमारी, संगीता कुमारी, प्रीती महतो शामिल रहे।

राजीव कुमार ने किया चुनाव लड़ने का एलान

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे राजीव कुमार अब चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। राजीव कुमार ने कहा है कि क्षेत्र की जनता की इच्छा है कि मैं चुनाव लड़ूं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर उन्हें किसी राजनीतिक दल का टिकट मिलता है, तो ठीक है अन्यथा वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इस इस क्षेत्र को विकास के मामले में अग्रणी बनाना हमारा उद्देश्य व सपना है। लातेहार जिले का उपायुक्त रहने के दौरान हमने जिले के चप्पे-चप्पे का दौरा कर लोगों की दु:ख दर्द को जाना गरीबी व भुखमरी को हमने नजदीक से देखा और इस बाबत हमने कई काम किया। जंगलों पहाड़ों व सुदूर गांव देहातों में रहने वाले लोगों की पीड़ा को समझा। ऐसे लोगों से हमने बराबर संपर्क बनाये भी रखा। कुछ इसी तरह की स्थिति पूरे चतरा संसदीय क्षेत्र में है। क्षेत्र के लोगों की गरीबी भुखमरी को मिटाना, लोगों का जीवन स्तर उठाना, लोगों के बीच स्वास्थ्य एवं चिकित्सा और शिक्षा की समुचित व्यवस्था करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में चतरा संसदीय क्षेत्र में लोगों का पलायन जारी है। इस पलायन को रोकने की दिशा में सकारात्मक व ईमानदारी से पहल करने की जरूरत है और इसको लेकर हम गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से पूरी तरह परिचित हूं। प्राकृतिक संपदा होने के बावजूद क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ा हुआ है। इस पिछड़े पन को दूर करना हमारा नैतिक धर्म एवं कर्तव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र के लोगों के साथ संपर्क और संबंध बना हुआ है। लोगों की इच्छा है कि मैं उनकी आवाज बनूं।

होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक, लिये गये निर्णय

धारा 144 लागू, हुड़दंग करने वालों की थाने में बीतेगी रात

हाई स्पीड बाइक चलाने वालों की आयेगी शामत, रद्द हो सकता है लाइसेंसः एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिले में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। शनिवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ विमल कुमार की मौजूदगी में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने स्पष्ट कर दिया कि लोग उल्लास के साथ होली के त्यौहार को मनायें। अगर लोग हुड़दंगई पर उतरे तो उनकी रात थाने में बीतेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। पूरे जिले में धारा 144 भी लगा दी गयी है। इस दौरान सभी चिन्हित चौक चौराहों पर पुलिस और मजिस्ट्रेट के मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वायड टीम भी लगातार निगरानी रखेगी। किसी भी जगह पर लोग मजमा लगाकर नशापान करेंगे और हुड़दंगई होगी तो चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई करने के लिए पुलिस प्रशासन बाध्य रहेगा।

हाई स्पीड बाइक चलाने वालों की आयेगी शामत, रद्द हो सकता है लाइसेंसः एसपीः बैठक को संबोधित करते हुए एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस पूरी सख्ती बरतेगी। उन्होंने बताया कि शराब के नशे में धुत्त होकर वाहन चलाने वालों पर भी निगाह रहेगी। इसके अलावा रात 10:00 बजे के बाद डीजे बजाने वाले लोगों पर भी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करें, नहीं तो उन पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि शराब के नशे में हाई स्पीड गाड़ी चलाने वालों पर भी शामत आएगी। जुमार्ने के साथ-साथ उनके लाइसेंस भी रद्द किए जा सकते हैं। अभी तक जिले में पिछले कुछ दिनों में लगभग 40 लोगों के लाइसेंस रद्द करने के बैठक में ये थे उपस्थित

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता के अलावा सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी और शांति समिति के सदस्य शामिल थे।



होली के दिन घर में ही नमाज पढ़ेंगे लोग

डीसी ने कहा कि अभी पवित्र रमजान का महीना चल रहा है। लोग पांच बार नमाज पढ़ने के लिए घर से बाहर निकल रहे हैं। लेकिन होली के दिन शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए मस्जिदों के आसपास भी भीड़ नहीं लगेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कई मस्जिदों से यह ऐलान किया गया है कि लोग होली के दिन अपने घर में ही नमाज पढ़ेंगे।

होली पर राजनीति करना भी पड़ सकता है महंगा

शांति समिति की बैठक में डीसी ने यह स्पष्ट किया कि होली के नाम पर राजनीति करना भी महंगा पड़ सकता है। सी विजील ऐप अभी काम कर रहा है। अगर कुछ लोग मजमा लगाकर एक जगह मौजूद रहेंगे और उसका वीडियो या फोटो सी विजील ऐप पर अपलोड हो गया तो उन सभी को इसका खामियांजा भुगतान पड़ेगा। साथ ही राजनीतिक पार्टी से ताल्लुकात रखने वाले लोगों पर भी कार्रवाई होगी।

एसीबी ने घूस लेते बीआरपी को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

जांच रिपोर्ट के लिए मांगी गयी थी दस हजार रिश्वत

आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज/ चतरा। भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी की टीम ने शनिवार को हंटरगंज में कार्रवाई कर शिक्षा विभाग के हंटरगंज प्रखंड साधन सेवी (बीआरपी) सच्चिदानंद सिंह को आठ हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बीआरपी द्वारा नव सृजित प्राथमिक विद्यालय सोखा की सहायक शिक्षिका सह सचिव रीता कुमारी से दस हजार रुपये की मांग की गयी थी। उक्त राशि बीआरपी सचिदानंद सिंह द्वारा विद्यालय से संबंधित रिपोर्ट मैनेज करने के नाम पर मांग किया जा रहा था। शिक्षिका द्वारा इसकी शिकायत एसीबी से की गयी थी। जानकारी के अनुसार एसीबी के हजारीबाग टीम ने उसे गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया।

हंटरगंज के हॉस्पिटल मोड़ के पास सहायक शिक्षिका को बुलाकर बीआरपी सचिदानंद सिंह ने जैसे ही आठ हजार रुपया लिया वैसे ही एसीबी की टीम ने बीआरपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर एसीबी की टीम अपने साथ हजारीबाग ले गयी। मालूम हो कि बीइओ को दिये गये शिकायत की जांच करने का आदेश बीइओ द्वारा बीआरपी को दिया गया था। बीआरपी ने नव सृजित प्राथमिक विद्यालय के मामले का जांच करने गये थे। जांच रिपोर्ट सहायक शिक्षकों के पक्ष में देने की बात कह कर बीआरपी सहायक शिक्षिका से 8000 की मांग किया था। घूस मांगे जाने की सूचना एसीबी टीम को दिया गया था। गिरफ्तार बीआरपी हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह पांडेयपुरा गांव के रहने वाला है। एसीबी के इस करवाई से घूसखोर कर्मियों और पदाधिकारी में हड़कंप मचा हुआ है।

अवैध महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। बिहार के शेरघाटी पुलिस और हंटरगंज पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से बिहार सीमा से सटे जबड़ा जंगल में शराब उन्मूलन अभियान चलाया गया। यह अभियान वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाया गया। अभियान के दौरान जबड़ा जंगल से सटे नौकाडीह गांव के पास से अवैध महुआ शराब के साथ दो मोटरसाइकिल सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों में जबड़ा गांव के चणेश यादव और दूनेश यादव है। दोनों अपने मोटरसाइकिल पर देशी महुआ शराब लादकर बिहार जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। इन दोनों के पास से प्लास्टिक में पैक 100-100 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जेसीबी से आधा दर्जन अवैध महुआ शराब भट्टी को भी ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में जावा महुआ और 300 लीटर महुआ शराब भी नष्ट किया गया। अभियान में प्रशिझु डीएसपी शिवम धक्कड़, हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी सहित शेरघाटी हंटरगंज पुलिस के जवान और सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

अंतरराज्यीय चेकनाका से जब्त हुए 1.95 लाख रुपये

एसपी ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रामगढ़ पुलिस प्रशासन ने जिले की सारी सीमाओं को सील कर दिया है। रामगढ़ जिले की सीमा पश्चिम बंगाल राज्य से भी सटी हुई है। एसपी ने बरलंगा थाना अंतर्गत डाकागढ़ा अवस्थित अंतरराज्यीय चेकनाका का औचकनिरीक्षण किया गया। चेकनाका पर जांच हेतु प्रतिनियुक्त प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियोंको चुनाव से संबधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



शुक्रवार की देर रात इस अंतरराज्यीय चेकनाका के पास एक गाड़ी से 1.95 लख रुपये भी जब्त किये गये। शनिवार को एसपी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गाड़ी से मिली इस रुपये की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि वह पैसा रामगढ़ जिले से पश्चिम बंगाल की ओर ले जाया जा रहा था। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 50 हजार से अधिक की रकम ले जाने की अनुमति नहीं है। फिर किन परिस्थितियों में उस रुपये का ट्रांजैक्शन किया जा रहा था। उसके दस्तावेज पुख्ता है कि नहीं इसकी जांच की जा रही है।

राजनीतिक पार्टियों के घोषणा पत्र में ओबीसी समुदाय के प्रभावकारी मुद्दे शामिल हों : राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सभी पार्टियों से ओबीसी समुदाय के प्रभावकारी प्रमुख मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल कर वचन दे की यदि वे जीतते हैं तो ओबीसी के मांगों को पूरा करेंगे। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद भगत सिंह एवं डॉ राम मनोहर लोहियाजी के स्मृति दिवस प्रदेश कार्यालय हरमू में एकदिवसीय उपवास के पश्चात कहीं।अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय चौरसिया ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी को नारियल पानी पिला कर उपवास को तुड़वाते हुए कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के मांग जायज है और सभी पार्टियों को अपने घोषणा पत्र में इसे शामिल करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि

ओबीसी समुदाय के प्रभावकारी प्रमुख मुद्दे को पार्टियां अपने घोषणा पत्र में शामिल कर लागू करती हैं तो ओबीसी समुदाय के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आयेगी। ओबीसी समुदाय के प्रमुख प्रभावकारी मुद्दों को राजनीतिक पार्टियों की घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग को लेकर आज राज्य भर में ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता एक दिवसीय उपवास पर रहे। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रमुख मांगों में जातीय जनगणना करने, ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 52% आरक्षण देने, मंडल कमीशन की सभी अनुशंसाओं को लागू करने, ओबीसी समुदाय के लिए स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने, चुनाव बैलट पेपर से करने, एक देश एक शिक्षा एक स्वास्थ्य निशुल्क हो, ओबीसी आरक्षण में असंवैधानिक क्रीमी लेयर के मानदंड को हटायी जाये, सरकारी संस्थाओं/उपक्रमों के निजीकरण पर तुरंत रोक लगायी जाये, सरकारी पदों पर अनुबंध लैटरल एंट्री एवं आउटसोर्सिंग की व्यवस्था समाप्त की जाए,ओबीसी को प्रमोशन में आरक्षण के लिए संविधान के अनुच्छेद 16 (4)ए, 16 (4) बी में संशोधन किया जाये, ओबीसी समुदाय के बैकलॉग पदों को भरी जाये, राष्ट्रीय न्यायिक आयोग के माध्यम से जजों की नियुक्ति हो, 52% आबादी वाले ओबीसी समुदाय के विकास हेतु वार्षिक बजट में 52% रकम का प्रदान किया जाये, मंडल कमीशन की सभी अनुशंसाओं को लागू की जाये, देश के सभी जिलों में ओबीसी समुदाय के छात्रों के लिए छात्रावास की सुविधादी जाये। उपवास में प्रदेश महासचिव अजय मेहता, रामावतार कश्यप, वसीम अकरम, शुभम, विश्वकर्मा जुनैद आदि मौजूद थे।

25 दिवसीय जनानी झूमर लोक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह

रांची (आजाद सिपाही)। सांस्कृतिक संस्था कुंजबन छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केंद्र, चुटिया द्वारा 25 दिवसीय जनानी झूमर लोक नृत्य कार्यशाला एवं एक दिवसीय मंच प्रस्तुति कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नयी दिल्ली के सौजन्य से कला संस्कृति विकास योजना के तहत, नायक टोली अपर चुटिया रांची में, 27 फरवरी से 23 मार्च 2024 तक, पद्मश्री मुकुंद नायक के निर्देशन में इस नृत्य कार्यशाला को चलाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, पूर्व उपमेयर विजय वर्गीय, महुआ माजी, किशोर नायक, कुंजबन संरक्षक सुरेश साहू, मदन सिंह, मुनचुन राय, रूपेश केशरी, गूजा तिर्की, धनजू नायक, रानू चौवे, विजय बड़ाइक, कालेश्वर साहू, धनेश्वर महिर-संरक्षक और साथ-साथ कुंजबन के तमाम छात्राएं आनंद नायक भोला नायक, बालेश्वर नायक, रामेश्वर मिंज, दुर्योधन नायक, गणेश महली, विष्णु नायक, कागु नायक, सुदामा सिंह, भोला नायक, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार बड़ाइक, राजेश महली, दुर्गा बड़ाइक, किशोर महली, बच्चन नायक, नूतन लकड़ा, देवी कुमारी, लक्ष्मी कच्छप, प्रिया खलखो, रेशम कच्छप, नीलम कुमारी, सोनी हेमरोम, नेहा कुमारी, लक्ष्मी उरांव उपस्थित रहे।

हटिया विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्र भवनों के नाम बदले

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हटिया विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्र के भवनों के नाम बदले गये हैं। रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने मतदान केंद्र के भवनों के नाम में परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसे निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 64-हटिया सह अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) ने उपलब्ध कराया था। अपर जिला दंडाधिकारी के प्रस्ताव पर निर्वाची पदाधिकारी के हस्तपुस्तिका के कंडिका 2.11 के तहत स्वीकृति प्रदान की गयी है। रांची डीसी ने निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64- हटिया को बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य माध्यमों से आम जनता के बीच प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य दलों से बीएलओ औरअन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया गया है।

मतदान केंद्र की संख्या और नाम

क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली, कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-1, (परिवर्तित) 275 - कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-1

क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली, कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-2, (परिवर्तित) 276-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-2

क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-3, (परिवर्तित) 277-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-3

क्राउन पब्लिक स्कूल, पिपराटोली कटहल मोड़ रोड, कमरा नंबर-4, (परिवर्तित) 278-कोरोना यूनिवर्सल स्कूल, रांची, पिपराटोली अरगोड़ा, कमरा नंबर-4

सामुदायिक भवन, लेजर मरचा, पुंदाग रोड, (परिवर्तित) 282-विवाह मंडप, अरगोड़ा, लेजर मरचा, कमरा नंबर-1

सामुदायिक भवन, लेजर मरचा, पुंदाग रोड, (परिवर्तित) 283-विवाह मंडप, अरगोड़ा, लेजर मरचा, कमरा नंबर-2

उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-1, (परिवर्तित) 246-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-9

उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-2, (परिवर्तित) 247-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-10

उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-3, (परिवर्तित) 248-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-11

उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-4, (परिवर्तित) 249-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-12

उच्च विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-5, (परिवर्तित) 250-राजकीय मध्य विद्यालय बजरा, कमरा नंबर-13

सनराइज एकेडमी में होली मिलन समारोह

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित सनराइज एकेडमी में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने कम्प्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली व पल्लवी सिन्हा के साथ जमकर होली खेली। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रंगों का पर्व होली की बधाई दी गयी। मौके पर शिक्षिका नेहा कुमारी ने कहा कि होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश लेकर आता है। साथ ही उन्होंने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में ही होली खेलने की अपील की। वहीं शिक्षिका पल्लवी सिन्हा ने कहा कि पर्व-त्योहार उमंग के साथ लोगों में नये उर्जा का संचार भरने का कार्य करता है। मौके पर शिक्षिका पल्लवी सिन्हा, शिक्षक रजनीश प्रसाद, कमलेश मेहता, अजीत पासवान, अंजली लहेरी, देवाशीष चैहान, नूरजहां, नेहा, समीना खातुन, दीपक, काजल, सिकन्दर, नूरजहां, रिंतिका, मेघा, प्रिया, संध्या, मुस्कान, तनिषा, आषा, कुसुम, अपराजिता सोनी, आस्था सोनी, रेखा, अक्षत, शहनवाज, करन, मुस्कान, नेहा, पूजा, अंष, उत्कर्स, काजल, निषू, आशा, रोषनी, श्रेया कुमारी, निरंजन चैहान, अनिश, संध्या, मुस्कान तिवारी, अंजली, काजल, रमेश, सिमरन, निशा, नेहा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

Before The Notery Public Ranchi

AFFIDAVIT

I, RUMA ADHIKARI W/O DIPTESH CHANDRA ADHIKARI, R/O Latdag, Chharda, District Gumla-835214 Jharkhand do here by solemnly affirm on oath and declare as follows:-
1. That I am Indian citizen and my permanent address is at Latdag, Chharda, District Gumla 835214 Jharkhand - presently I am residing at H- 99 Harmu Housing Colony. Harmu, Ranchi - 834002
2. That MANAS CHANDRA ADHIKARI is my son His date of birth is 3 Sept. 2009 and a birth certificate has already been issued by the Registrar, Birth & Death, Ranchi Municipal Corporation vide Registration, No. 2516 Date 5 Feb. 2011.
3. That correct name of my son is MANAS CHANDRA ADHIKARI but by mistake the name of my son has been wrongly mentioned as MANAT CHANDRA ADHIKARI which is wrong and incorrect. 4. That now it is require for Correction the name of my son as MANAS CHANDRA ADHIKARI instead of MANAT CHANDRA ADHIKARI in the birth certificate by the Registrar, birth & death, Ranchi Municipal Corporation and after that please issue a fresh birth certificate in english Bar-code.
Hence I am swearing this Affidavit. All statements made above are true to the best of my knowledge & belief, if found wrong I shall be responsible for the same.

आइपीएल की ये लीग बेमिसाल है

चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच शुक्रवार को हुए मुकाबले के साथ ही आइपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत हो गयी। दो महीने चलने वाला यह इवेंट देश में एक ऐसे मौसम का रूप लेता जा रहा है, जो घर-घर में रुटीन बदल देता है। लोग देर रात मैच खत्म होने के बाद सोते हैं और फिर अगली सुबह समय पर दफ्तर पहुंचने की जद्दोजहद में जुटे दिखते हैं। बहरहाल, इस बार कुछ ऐसी बातें हैं, जो आइपीएल के इस सीजन को खास बनाती हैं। आइपीएल के इस सीजन में पहली बार स्मार्ट रीप्ले सिस्टम दिखने वाला है। इसमें टीवी अंपायर के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा फोटो विश्लेषण का मौका होगा। जाहिर है, इससे अंपायर कैच, स्टंपिंग और एलबीडब्ल्यू आदि पर ज्यादा सटीक फैसला देंगे और दर्शक भी फैसले के पीछे की प्रक्रिया बेहतर ढंग से समझ पायेंगे। मुंबई इंडियंस ने तो आइपीएल सीजन शुरू होने से काफी पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को नया कप्तान घोषित कर दिया था। सीजन शुरू होने के ऐन पहले एमएस धोनी ने भी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी छोड़ने का एलान कर दिया। वह जिम्मेदारी रितुराज गायकवाड़ के कंधों पर आयी है। गुजरात टाइटंस (शुभमान गिल) और हैदराबाद (पैट कमिंस) की टीमें भी इस बार नए कप्तान की अगुआई में मुकाबले में उतर रही हैं। आइपीएलके इस 17वें सीजन को इस लिहाज से भी खास माना जा रहा है कि यह पूरा मुकाबला लोकसभा चुनावों के साये में संपन्न होगा। 22 मार्च से 26 मई तक चलने वाला 66 दिनों का कार्यक्रम इसे आइपीएल के इतिहास का सबसे लंबा सीजन बना देता है। लेकिन चुनाव उससे भी आगे खिंचने वाले हैं। सातवें और आखिरी दौर का मतदान 1 जून को होगा और रिजल्ट 4 जून को आयेगा। हालांकि इससे पहले 2019 में भी लोकसभा चुनावों के दौरान पूरा आइपीएल देश में खेला जा चुका है, लेकिन इस बार इस बात पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है कि चुनावी प्रक्रिया का ब्रैंड आइपीएल पर कितना और कैसा प्रभाव पड़ने वाला है। इसकी पुष्टि पिछले हफ्ते आयी एक रिपोर्ट से भी होती है, जिसके मुताबिक स्टेकहोल्डर्स - बीसीसीआइ, फ्रेंचाइजी ओनर्स, स्पॉन्सर्स, ब्रॉडकास्टर्स - पिछले साल के मुकाबले 30-35% ज्यादा चार्ज कर रहे हैं। कारण यह है कि चुनावी मौसम में संभावित कैंसलेशन को लेकर उनमें आशंकाएं बनी हुई हैं। वैसे अब तक का अनुभव देखा जाये तो ब्रैंड आइपीएल तमाम बाधाओं के बावजूद मजबूत ही होता रहा है। 2020 में महामारी के दौरान भी कैलेंडर और वेन्यू बदलने के बावजूद बीसीसीआइ ने आइपीएल से कमाई की। फिर भी मीडिया और दर्शकों की दोहरी प्राथमिकता के बीच अगर आइपीएल अपना आकर्षण बनाये रखता है, तो यह निश्चित रूप से स्पोर्ट्स की दुनिया में उसका कद बढ़ायेगा।

वैसे अब तक का अनुभव देखा जाये तो ब्रैंड आइपीएल तमाम बाधाओं के बावजूद मजबूत ही होता रहा है। 2020 में महामारी के दौरान भी कैलेंडर और वेन्यू बदलने के बावजूद बीसीसीआइ ने आइपीएल से कमाई की।

अभिमत
आजाद सिपाही

म दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनें और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य हासिल करें। हम उस सपने के करीब जाने लगे हैं। लेकिन आर्थिक प्रगति के साथ-साथ हमारी शिक्षा प्रणाली और समाज द्वारा दिये गये मूल्य नेताओं और लोगों का मार्गदर्शन करते हैं।

समस्या मतभेद की नहीं विचारों की है

नितिन गडकरी

जून 1975 में, जब आपातकाल लगाया गया था, मैं अपनी मैट्रिकुलेशन (कक्षा 10) की परीक्षा में बैठने वाला था। उन 2 वर्षों में, मेरे परिवार के कई सदस्यों को आंतरिक सुरक्षा रखरखाव अधिनियम (एमआइएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया था, तभी मैंने तय कर लिया कि मुझे आपातकाल के खिलाफ काम करना है। संघर्ष के वह 2 साल एक ऐसे इतिहास का हिस्सा हैं, जिसे हम कभी नहीं भूल सकते।

स्थिति चिंताजनक थी। अखबारों को सैंसरशिप का सामना करना पड़ रहा था। इन सबके बीच, एक बहादुर व्यक्ति, रामनाथ गोयनका, आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने के लिए हम सभी के लिए प्रेरणा बन गये। उस समय मैं महाराष्ट्र में था और लोकसत्ता से जुड़ा था। जिस दिन आपातकाल की घोषणा हुई, उसी दिन उनका संघर्ष शुरू हो गया। इस लड़ाई में उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। एक बार मुंबई में नानाजी देशमुख के साथ रहते हुए मुझे रामनाथ जी से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने मुझ पर गहरा प्रभाव छोड़ा। हम सभी के जीवन में एक आवश्यक लड़ाई है-नैतिकता और सुविधा के बीच की लड़ाई। चाहे पत्रकारिता हो या राजनीति, हर क्षेत्र में इन दोनों में से किसी एक को चुनना हमारे विवेक को चुनौती देता है।

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके लोग हमारी राजनीति की प्रकृति पर चिंतन और चिंता दोनों करते हैं।

महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर रामनाथ ने पत्रकारिता को अपनाया। एक बहुत ही उदाहरणात्मक कहावत है मृत मछलियां प्रवाह के साथ बहती हैं; जो जीवित हैं वे धारा के विरुद्ध लड़ती हैं और यही जीवन का प्रमाण है।

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके लोग हमारी राजनीति की प्रकृति पर चिंतन और चिंता दोनों करते हैं। विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, मीडिया -इन 4 स्तंभों ने लंबे समय तक भारत में लोकतंत्र को कायम रखा है। मैं अक्सर सोचता हूं कि इन 4 व्यवसायों से जुड़े लोगों का आचरण ही लोकतंत्र की स्थिति तय करता है।

सोशल मीडिया ने दुनिया बदल दी है। हर कोई जानता है कि दुनिया भर में क्या हो रहा है। भविष्य में, मीडिया की हमारे समाज में और भी बड़ी भूमिका होगी। जिन युवा पत्रकारों ने विशेषज्ञता हासिल की है और पारिस्थितिकी और पर्यावरण तथा अन्य प्रासंगिक विषयों पर बड़े पैमाने पर काम किया है।

हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनें और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य हासिल करें। हम उस सपने के करीब जाने लगे हैं। लेकिन आर्थिक प्रगति के साथ-साथ हमारी शिक्षा प्रणाली और समाज द्वारा दिये गये मूल्य नेताओं और लोगों का मार्गदर्शन करते हैं। स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था कि खाली पेट कुछ भी नहीं सिखाया जा सकता। धन, संसाधन के बिना समृद्धि नहीं हो सकती। लेकिन समृद्धि, संसाधन, सफलता और आर्थिक प्रगति भी जीवन का सब कुछ नहीं है। 1947 के बाद से, कई लोगों ने दृढ़ विश्वास के साथ लोकतंत्र और सामाजिक एकता के लिए संघर्ष किया है। जब भारत आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तो लोकतंत्र को बचाने वालों के नाम सुनहरी स्याही में लिखे जाएंगे। रामनाथ जी निर्विवाद रूप से उस सूची में हैं।

मुझे याद है मेरी बाल्यावस्था में तब दत्ता सामंत ने इंडियन एक्सप्रेस में एक हड़ताल का नेतृत्व किया था, लेकिन कठिन परिस्थिति में भी रामनाथजी डटे रहे और अपने सिद्धांतों के लिए लड़ते रहे। अंत में वह विजयी हुए। आज, मेरा मानना है कि पत्रकारिता में सूचना के प्रसार से कहीं अधिक कुछ है। ज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर कृषि और उद्योग तक, हम हर चीज के बारे में समाचार पत्रों से सीखते हैं। दो चीजें हैं, जिनके बारे में मैं बहुत सोचता हूं पहला, नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान कौशल और सफल अभ्यास सभी ज्ञान हैं, और इस ज्ञान को धन में परिवर्तित करना ही भविष्य है।

दूसरी महत्वपूर्ण बात, जो किसी न किसी रूप में शिक्षा और हमारी संस्कृति से संबंधित है, वह यह विचार है कि कोई भी सामग्री बर्बाद नहीं होती और कोई भी व्यक्ति बेकार नहीं होता। उपयुक्त तकनीक और एक सक्षम नेता की दूरदर्शिता किसी भी अपशिष्ट को धन में बदल सकती है। हमारे जैसे देश में जो तेजी से बदल रहा है, मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। अधिकांश लोगों को राजनीति के किसने क्या कहा में कोई दिलचस्पी नहीं है। लेकिन नयी पीढ़ी ज्ञान की भूखी है। वे विज्ञान और सफल अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के बारे में सब कुछ जानना चाहते हैं और वे इस बात को लेकर चिंतित हैं कि पारिस्थितिकी और पर्यावरण की रक्षा कैसे की जाये।

सोशल मीडिया ने दुनिया बदल दी है। हर कोई जानता है कि दुनिया भर में क्या हो रहा है। भविष्य में, मीडिया की हमारे समाज में और भी बड़ी भूमिका होगी। जिन युवा पत्रकारों ने विशेषज्ञता हासिल की है और पारिस्थितिकी और पर्यावरण तथा अन्य प्रासंगिक विषयों पर बड़े पैमाने पर काम किया है, और जिन्हें रामनाथ गोयनका पुरस्कार मिला है, वे भी अधिक योगदान दे सकेंगे। वास्तविक परिवर्तन तभी होगा, जब समाज में गुणात्मक परिवर्तन होगा-सिर्फ एक क्षेत्र में नहीं बल्कि हर क्षेत्र में।

फिर भी, जैसे-जैसे हम बदलते और विकसित होते रहते हैं, कुछ मूलभूत मूल्य समान बने रहने चाहिए। केशवानंद भारती फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान की मुख्य विशेषताओं को बदला नहीं जा सकता। उसी प्रकार हमारे मूल्य, इतिहास, संस्कृति और विरासत भी स्थिर रहने चाहिए। आधुनिकीकरण और पश्चिमीकरण में अंतर है। हम आधुनिकीकरण के पक्ष में हैं, समय के साथ सब कुछ बदलना चाहिए, लेकिन जिस ढांचे पर हमारा भारतीय समाज आधारित है, उसे कायम रखना हमारी जिम्मेदारी है। मतभेद कोई समस्या नहीं है मगर विचार संकुचित नहीं होने चाहिएं जिससे हमें बचना चाहिए। आजकल, हम न तो दक्षिणपंथी हैं और न ही वामपंथी हम सभी अवसरवादी हैं, और यह एक गंभीर मुद्दा है।

(लेखक : केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

सरयू राय ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अमर शहीदों से प्रेरणा लेकर निष्ठा का रूप दें : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले शहीदों के सम्मान में 23 मार्च (शनिवार) को लौहनगरी जमशेदपुर में अलग अलग जगह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेम्को में अमर शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। मौके पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शामिल हुए। मौके पर विधायक ने अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर मालार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक ने कहा कि आज जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा उसके समाधान के लिए सभी चाहते हैं कोई भगत सिंह पैदा हो। समस्याओं को दूर कर दे , लेकिन वह भगत सिंह मेरे घर में नहीं बल्कि पड़ोसी के घर में पैदा हो, लेकिन आज भगत सिंह जिंदा होते तो भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी जुर्म के विरुद्ध उनकी क्या प्रतिक्रिया होती। उन्होंने कहा जब तक देश के नागरिक खास कर युवा पीढी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के बारे में केवल नारे ही लगाती रहेगी उनकी प्रेरणा को निष्ठा का रूप नहीं दे सकती और तब तक समस्याएं जस की तस रहेंगी और दिन प्रतिदिन गंभीर होती रहेंगी। विधायक ने कहा वर्तमान हालात में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के विचार और कृतित्व के आईने में हमें अपनी तस्वीर देखनी चाहिए। इस परिप्रेक्ष्य में अपनी भूमिका निर्धारित करनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो शहीदों की मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले। वतन पे मरने वालों का यही बाकी निशां होगा और केवल नारा भर रह जायेगा। श्री राय ने कहा कि इस विषय में हम सभी को गंभीर होकर सोचना होगा। सच को सच और झूठ को झूठ कहने का साहस जुटाना होगा। नहीं तो हम वीर शहीदों का शहादत दिवस ही मनाते रहेंगे और उनके विचारों के अनुकूल आचरण करने से परहेज करते रहेंगे। उन्होंने कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए भ्रष्टाचार आज की सबसे बडी समस्या है। हमें कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए, जिससे समाज के किसी भी वर्ग में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने में कठिनाई हो। विधायक ने कहा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल फूंकना अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा जमशेदपुर में व्याप्त जन समस्याओं को दूर करने के लिए कंपनी व प्रशासन को जनहित में कार्रवाई करने के लिए विवश करने की जरूरत है। ताकि जनसमस्याएं दूर हो और जनता को उसका हक मिल सके।

कोल्हान डीआइजी ने जिला स्तरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कोल्हान डीआईजी मनोज रतन सरायकेला पहुंचे। शनिवार को सरायकेला पुलिस मुख्यालय में डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वही डीआईजी ने जिला स्तरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसपी मनीष टोप्पो सहित चांडिल और सरायकेला के एसडीपीओ, सभी थाना प्रभारी शामिल रहे। डीआईजी मनोज रतन ने बताया सरायकेला खरसावां जिले में तीन लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के लिए दो चरणों में मतदान होना है। जिले के कुछ इलाका दूसरे राज्यों के सीमा से सटे नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है। उन्होंने कहा इलेक्शन कमिश्नर के गाइडलाइन पर सीआरपीएफ पुलिस को तैनात की जायेगी। उनको भी कार्यक्षेत्र के लिए जानकारी दी जायेगी। इसकी तैयारी कर ली गयी है। साथ ही जिले में संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दी गई है। लोकसभा चुनाव में संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों को चिन्हित कर विशेष रूप से पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा जिला पुलिस निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

शहर हुआ तिरंगामय, भारत माता और वंदे मातरम के जयघोष से गूंजा जमशेदपुर

नमन की तिरंगा यात्रा देश की भव्यतम यात्राओं में से एक है : विद्युतवरण महतो
तिरंगा यात्रा युवाओं के अंदर देशभक्ति की विचारधारा का संचार करेगी : सरयू
तिरंगा यात्रा देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है : काले

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। 23 मार्च भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के शहादत दिवस पर पिछले 8 वर्षों की भांति इस 9वें वर्ष भी 'नमन परिवार' द्वारा संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में अनेक गण्यमान्य व्यक्तियों तथा बड़ी संख्या में महिलाओं एवं हजारों युवाओं ने शामिल होकर भव्य एवं गरिमामय तिरंगा यात्रा निकाली गयी। सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थल पर मां भारती एवं शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित कर नमन किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां भारती के रथ को तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। इस तिरंगा यात्रा में हजारों देशभक्तों ने चिलचिलाती धूप में भी शामिल होकर एक स्वर में वंदे मातरम एवं भारत माता की जयघोष के साथ एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से चलकर भालूबासा, बाराद्वारी, रामलीला मैदान, सब्जी मंडी, मेडिकल लाइन, बड़ा गोलचक्कर से बसंत सिनेमा, मनोकामना मंदिर, कालीमाटी रोड, हावड़ा ब्रिज, आर डी टाटा गोलचक्कर, पुलिस लाइन, गोलमुरी चौक से होते हुए 7 किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में यात्रा समाप्त हुई।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक एवं सैनिक परिवार के सुनीता शर्मा, दुर्गावती देवी, पधमजा, मानिक वर्धा, नरसिंह सिंह, दलबीर सिंह, राम भजन राम, शिवनाथ साह, तापस मजूमदार, जसबीर सिंह, कमलेश कुमार, जितेंद्र सिंह, एलबी सिंह, शशि भूषण सिंह, राजेश कुमार, अनिल सिंह, विश्वजीत सिंह, शैलेंद्र कुमार प्रसाद, एन के पाठक, मनजीत कुमार झा, रजनीश कुमार सिंह, बिरजू कुमार, कमल कुमार सिंह, संतोष कुमार, हरि सिंह, संतोष प्रसाद, रोशन सिंह, हरे राम कामथ, दीपक शर्मा, हरिशंकर पांडे, अवधेश कुमार, गौतम लाल, ओपी कुमार, एस के सिंह, अमरनाथ धोखे, बिमल ओझा, कुंदन सिंह, कमलेश कुमार राय, जयप्रकाश, मुकेश कुमार सिंह, पवन कुमार, अमरेंद्र शर्मा, निरंजन शर्मा, लालबाबू यादव, कृष्णा सिंह, देवेंद्र कुमार, राजीव सिंह, राजेश पांडे, पंकज कुमार, संजीव कुमार, मनोज सिंह, उमेश शर्मा, राजेंद्र, प्रमोद कुमार एवं अन्य को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया।

यात्रा के दौरान कई संगठनों ने सेवा केंद्र लगाकर मां भारती की अगवानी और अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस मौके पर सांसद विधुतवरण महतो ने कहा कि नमन परिवार द्वारा निकाली जा रही यह भव्य तिरंगा यात्रा देश की भव्यतम और गरिमामयी यात्राओं में से एक है। जमशेदपुर से निकलने वाली यह मात्र एक ऐसी यात्रा है जिसमें सभी जाति, धर्म, वर्ग और राजनीतिक दल के लोग एक तिरंगे के नीचे एक विचार के साथ मां भारती का जयघोष करते हैं। मौके पर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय ने कहा कि नमन द्वारा निकाली गई यह भव्य तिरंगा यात्रा जमशेदपुर के युवाओं के अंदर देशभक्ति की विचारधारा का संचार करेंगी और युवाओं के अंदर छुपे नकारात्मक विचारों को नष्ट करेंगी।इस अवसर पर नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा यह भव्य तिरंगा यात्रा देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। यह अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा देश के उन वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का कार्यक्रम है, जिन्होंने मां भारती के आन, बान और शान पर कोई आंच न आए इसके लिए अपने घर परिवार की चिंता किए बिना अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय सिंह, नमन के मुख्य संरक्षक राकेश्वर पांडे, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, शिवशंकर सिंह, अजय सिंह, विकास सिंह, विनोद सिंह, गुरमीत सिंह तोते, आर के सिंह, भगवान सिंह, संजय मिश्रा, ब्रजभूषण सिंह, जयप्रकाश राय, अविनाश सिंह राजा, शैलेन्द्र सिंह, रविन्द्र नारायण सिंह, बिमला दीदी, चंद्रशेखर मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, राजेश शुक्ला, विनय यादव, वरुण कुमार, राजीव कुमार, निशान सिंह, सुरजीत सिंह , गुरचरण सिंह बिल्ला, अमरजीत सिंह, ह्यूम पाइप गुरुद्वारा के दलजीत सिंह, सरदारनी कमलजीत कौर एवं अन्य मौजूद थे।

डीलर से राशन मांगने पर लाभुक को उठा कर पटका

बरडीहा (आजाद सिपाही)। अनिता स्वयं सहायता समूह के संचालक के द्वारा एक लाभुक को राशन मांगने पर उठा कर पटक दिया। जिसके बाद उपस्थित लाभुक महिलाओं के द्वारा बीच बचाव करते हुए मामले को शांत कराया गया। इस संबंध में पीड़ित लाभुक ने बताया कि उसके द्वारा राशन क्रम से नही बांटने की शिकायत पर संचालक सनेही यादव से उनका बकझक हुआ, जिसके बाद सनेही यादव के द्वारा उसे पटक दिया गया। उपस्थित लाभुक महिलाओं ने भी संचालक की गलती बतायी। साथ ही राशन की कटौती का आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे राशन में 2 से 5 किलो राशन की कटौती कर ली जाती है। इस संबंध में अनिता स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष मनोइया देवी के पति स्नेही यादव ने बताया कि राशन बांटने के क्रम में हमारे बीच धक्का मुक्की हुई है। साथ ही राशन की कटौती की बात से इनकार किया।

कसौधन वैश्य समाज ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

बहुत जल्द आपकी समस्याओं का समाधान होगा : अध्यक्ष

सांसद वीडी राम भी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। कसौधन वैश्य समाज के तत्वावधान में अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में मेलोडी मंडप, गढ़वा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद वीडी राम उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित अखिल वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष दौलत सोनी, तैलिक महासभा के अध्यक्ष मनीष गुप्ता भी उपस्थित हुये। समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप महिला मंच के अध्यक्ष शोभावती कश्यप के द्वारा संयुक्त रूप से शाल बुके दे कर सांसद का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद वीडी राम ने कहा कि आप सभी को होली की बधाई। अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में समाज के द्वारा हमेशा सामाजिक कार्य किया जाता है। समाज को संगठित करने का कार्य किया जा रहा है। बहुत जल्द आपकी समस्याओं का समाधान होगा, हम आश्वस्त करते है। समारोह में समाज की बच्चियों के द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। कसौधन वैश्य समाज महिला मंच की टीम पदाधिकारी को उत्कृष्ट कार्य करने पर अध्यक्ष शोभा कश्यप, ममता कश्यप, अर्चना कश्यप नमिता कश्यप को संरक्षक पृथ्वी नाथ कश्यप, बिहारी कश्यप और लखन कश्यप जी के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। महिला टीम के माध्यम से प्रथम बार रक्तदान करने वाली लड़कियों को भी उनका उत्साह बढ़ाने के लिए समाज के द्वारा उन्हें मोमेंटो प्रदान किया गया। समाज के पुरुष टीम के अध्यक्ष उमेश कश्यप को भी समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने पर समाज के संगरक्षक पृथ्वी नाथ कश्यप के द्वारा सम्मानित किया। साथ ही पूरी टिम को सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, उपसचिव विवेक कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, को भी समाज के संरक्षक के द्वारा सम्मान स्वरूप मोमेंटो प्रदान किया गया।

पलामू चैनपुर समाज के द्वारा गढ़वा के दो सदस्य लोगों के लिए रात्रि में त्वरित रक्त उपलब्ध कराया गया था। मेदनिनगर में उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया थ, जिन्हें कार्यक्रम में गढ़वा आगमन पर गढ़वा समाज के अध्यक्ष के द्वारा समाज के द्वारा अंग वस्त्र और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। चैनपुर अध्यक्ष और उनकी टिम को समाज के अभिभावक, महिलाएं, पुरुष, बच्चे, बच्चियों जिस तरह की उपस्थिति थी समाज के लोग का उत्साह बढ़ाने के लिए काफी था। वाकई में संगठन में शक्ति होती है, इसका प्रमाण लोगों ने एक जुटता का परिचाय दिया। कार्यक्रम संचालन पूर्व सचिव अमित कश्यप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक पृथ्वी नाथ कश्यप, गोपाल कश्यप, बिहारी कश्यप, लखन कश्यप, पदाधिकारी उमेश कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनोज कश्यप, मनीष कश्यप, आशीष कश्यप, सुनील कश्यप, रंजीत कश्यप, समाज के अभिभावक महिलाएं पुरुष बच्चे बच्चिया उपस्थित थे।

इग्नू में नामांकन लेने की तिथि बढ़ी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। यदि आप नौकरी कर रहे हो और हायर एजुकेशन के सहारे प्रमोशन चाह रहे हो अथवा किसी कारण से आपकी उच्च शिक्षा की हसरत अधूरी रह गयी है, तो आपको बेहतर अवसर है। क्योंकि इग्नू ने जनवरी सत्र में नामांकन लेने की तिथि बढ़ा दिया है। यह जानकारी देते हुए स्थानीय सुरत पांडेय डिग्री कालेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अरुण कुमार तिवारी ने बताया की इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी में जनवरी 2024 शैक्षिक सत्र में एमए, बीए, बीकॉम, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों में ऑनलाइन नामांकन की तिथि 20मार्च से बदाकर 31 मार्च तक कर दी गयी है। जुलाई 2023 सत्र के छात्र छात्राओं के सत्रांत परीक्षा फॉर्म बिना विलंब शुल्क की 31मार्च तक भरे जायेंगे। स्टडी सेंटर में सत्रीय कार्य मूल्यांकन हेतु जमा करना आवश्यक है। जनवरी 2024 सत्र में री रजिस्टेशन विलंब शुल्क के साथ कराने की आखिरी तिथि 31 मार्च तक विस्तारित की गयी है। इग्नू के द्वारा जनवरी 2024 सत्र से रोजगारन्मुख और उपयोगी कई नये प्रोग्राम लॉच किये गये हैं। इक्षुक व्यक्ति बढ़ाए तिथि की लाभ ले सकते हैं। ये जानकारी जनहित में स्थानीय इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. अरूण कुमार तिवारी ने दी ।

थैलेसीमिया से पीड़ित दो बच्चियों को रक्तदान किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें थैलेसीमिया से पीड़ित दो बच्चियों कहकशा परवीन 4 वर्ष और शिवानी कुमारी 7 वर्ष के लिए संतोष कुमार पिता लायन रामनारायण प्रसाद तथा युवा समाजसेवी रविंद्र कुमार ने रक्तदान किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष सुशील केसरी, पूर्व अध्यक्ष लायन दया शंकर गुप्ता, लायन राजमणि प्रसाद, सचिव लायन संजय कुमार, लायन रामनारायण प्रसाद तथा ब्लड बैंक के कर्मचारी गण उपस्थित थे। अध्यक्ष सुशील केसरी ने बताया कि लायन सिटी के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है तथा अत्यंत जरूरतमंद पीड़ित मानवता की सेवा के लिए ब्लड उपलब्ध कराने का प्रयास करता है। इसी क्रम में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चियों के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया था। लायन दयाशंकर गुप्ता ने बताया कि रक्तदान महादान है इससे बड़ा पुण्य और कुछ भी नहीं है। लायन राजमणि प्रसाद ने बताया कि लायंस क्लब सेवा का कार्य करता है और इसी सेवा की कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अंत में लायन सचिव संजय कुमार ने रक्तदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

विद्यालय में नियमित उपस्थिति बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक : निदेशक

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशन सह पैरेंट्स-टीचर्स मीट संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी-सह वार्षिक परीक्षा फल समारोह का आयोजन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं निदेशक द्वारा प्रसष्ति-पत्र, मेडल तथा वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को क्रमशः प्रथम को 1100 रुपये द्वितीय को 750रु जबकि तृतीय को 550रु चेक के माध्यम से राशि देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में निदेशक ने विद्यालय के गौरवपूर्ण प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं और उनके उपलब्धियों को दुहराया। अभिभावकों से अपने बच्चों पर ध्यान देने की बात कही। समय समय पर अपने बच्चों का मूल्यांकन करते रहने से गलत रास्तों पर जाने से बच जाते हैं। बच्चों के दिनचर्या और संगति पर पैनी नजर रखने की बात भी कही। अभिभावकों और स्कूल के बेहतर समन्वय से ही बच्चों के भविष्य को गढ़ा और संवारा जा सकता है। इस स्कूल से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे ऊंचे पदों पर अपनी सेवाएं दे रहें हैं। आपके बच्चे आने वाले समय में देश और समाज की सेवा करें, ऐसी जीवन निर्माण करने की दायित्व हमारा और आपका हैआइए मिलकर इस दिशा में काम करें। कक्षा 6 में प्रथम स्थान सृष्टि कुमारी, द्वितीय कुणाल तिवारी और तृतीय अजीत कुमार। वहीं 7 क्लास में प्रथम भास्कर तिवारी, मो. फैज द्वितीय, तृतीय प्रतीक तिवारी, क्लास 8 में प्रथम संध्या कुमारी, द्वितीय रूपंजलि की द्वितीय तथा जीनत परवीन स्थान पायी, जबकि क्लास 9 में आदित्य प्रकाश प्रथम, रिदम राज द्वितीय और आराध्या उपाध्याय तृतीय स्थान प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मुकेश, बीरेंद्रसाह, उदय प्रकाश, खुर्शीद , रिजवाना, सरिता, नीलम, शिवानी, सुषमा, संतोष की भूमिका सराहनीय रहा संचालन उपप्राचार्य जबकि धन्यवाद ज्ञापन नीरा शर्मा के द्वारा किया गया।

मुखिया प्रतिनिधि ने बीडीओ के खिलाफ डीसी को दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

बीडीओ का पक्षः इस संबंध में बीडीओ विजय राम ने बताया कि ग्रामीणों को होलिका दहन हेतु उचित स्थान प्रबंध करा दिया गया है। किसी के घर के सामने होलिका दहन उचित बात नही है। झंडा उतारने वाले मामले में उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आदेशानुसार कोई भी धार्मिक झंडा बिना मकान मालिक के सहमति पत्र के उसके मकान के ऊपर नही लगने देंगे। उन्हें लिखित रूप से देना होगा कि उक्त झंडा धार्मिक है और इस से उन्हे कोई आपत्ती नही है।

बरडीहा। प्रखंड क्षेत्र के बरडीहा पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा वर्तमान वीडियो विजय राम पर यह आरोप लगाया गया कि उनके द्वारा पूर्वजों के समय से चलते आ रही होलिका दहन के स्थान को जबरन परिवर्तित कराया जा रहा है। दरअसल मामल यह है कि शुक्रवार को ग्रामीण होलिका दहन के लिए जब चयनित स्थान पर पहुंचे। तो बीडीओ विजय राम के द्वारा उन्हें रोक दिया गया।

विजय राम ने बताया कि इनका चयनित स्थल मेरे आवास के अत्यधिक नजदीक होने के कारण मैं आप लोगों को अलग स्थान प्रदान कर देता हूं। इसका विरोध करते हुए ग्रामीण अक्रोषित होने लगे। जिसके बाद ग्रामीणों का पक्ष रखने के लिए मौके पर बरडीहा मुखिया प्रतिनिधि विशिष्ट पासवान पहुंचे। मुखिया पति ने बताया कि मेरे द्वारा ग्रामीणों की बात रखने पर मुझसे दुर्व्यवहार करते हुए मुझे जेल भेजने की धमकी दी गयी। साथ ही प्रशासन के द्वारा मुझे रात्रि 9 बजे से 11 बजे तक थाना परिसर में कैद रखा गया।

शनिवार की सुबह उक्त मामले को लेकर एक ओर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा था, साथ ही यह भी बताया गया कि हमारे घरों से अचार संहिता की बात बताते हुए सारे धार्मिक झंडे उतरवा दिए गए। इधर मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा पूरे मामले में न्याय के लिए बीडीओ विजय राम के खिलाफ उपायुक्त को आवेदन दिया गया है।

सात वर्षीय सारा खान छोटी उम्र में रोजा रखकर बड़ों के लिए प्रेरणा बनीं

गढ़वा (आजाद सिपाही)। रहमतों और इबादत का पाक महीना माह ऐ रमजान चल रहा है सारे मुस्लिम समाज के लोगों ने पुरे ऐहतेराम के साथ रोजा नामाज और कुरान कि तिलावत कर रही है। राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान की सात वर्षीय नतिनी सारा खान पलामू से अपने ननिहाल गढ़वा पहुंची है। वह रोजे में सभी कि इबादत देखकर उसके अंदर भी जज्बा जगा और उसने पहले दिन से ही रोजा रखने कि ज़िद करतीं रही । घर वालों के समझाने के बावजूद वो नहीं मानी आखिर कर घर वालों ने रोजा रखने कि इजाजत दे दी और सारा खान ने अपनी जीवन कि पहली रोजा रखकर बड़े लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गयी। सारा कि इस सोच के लिए अफतार के बाद सारा खान को उनके नाना शौकत खान समेत सभी घर वालों ने पुष्पगुच्छ के साथ ढ़ेर सारा उपहार देकर मुबारकबाद दिया।

होली मिलन समारोह का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष के के यादव की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी साथियों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि इस पुनीत अवसर पर आप सभी अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए होली का आनंद उठाएं। मंच का संचालन सगठन के सचिव अशरफी राम ने किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करने वालों में राम वृक्ष यादव, भूतपूर्व सैनिक, श्रवण कुमार संगठन मंत्री, श्याम बिहारी राम संयुक्त सचिव के अलावे भी कुछ लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को आपस में एक दूसरे को होली की बधाई दी तथा एक दूसरे को गुलाल और अबीर लगाये। इस अवसर पर अमरनाथ गुप्ता, रामवृक्ष यादव, जोखू प्रसाद, श्रवण कुमार, कृष्ण प्रसाद, सुदामा राम, सुभाष, राजकुमार, रामाधार ठाकुर, निर्मल साहू के अलावा भी अन्य साथी काफी संख्या पेंशनर उपस्थित थे।

सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

विशुनपुरा। मुख्यालय के पोखरा चौक स्थित श्री विष्णु मंदिर का 17वीं वार्षिकोत्सव के सात दिवसीय कार्यक्रम पूजन हवन के साथ समापन हो गयी। वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में लगी थी। हवन के बाद मंदिर समिति के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद रात्रि 8 बजे से नीलम शास्त्री के द्वारा राम कथा का प्रवचन किया गया। कथा में भगवान श्री राम को राज गद्दी दिलायी गयी। इसके साथ ही फूलों की होली खेल रंगों का त्योहार होली पर्व की अग्रिम बधाई दी गयीं। वहीं इसके पूर्व वार्षिकोत्सव के समापन के दिन पूर्व विधायक सह विष्णु मंदिर संयोजक अनंत प्रताप देव ने श्री विष्णु मंदिर पहुंच कर दर्शन पूजन किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली के लिए कामना की तथा इस कार्य को लेकर मंदिर समिति के लोगों को काफी सराहना किया। इस दौरान मंदिर कमिटी के अध्यक्ष नारायण शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी के सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी है। वहीं वार्षिकोत्सव में झूलन मेला का लोगो ने खूब आनंद लिया। मेला में आस पास के प्रखंडों सहित दूसरे राज्य से भी श्रद्धालु आये थे। मौके पर विष्णु मंदिर सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, संरक्षक गौरीशंकर गुप्ता, प्रवक्ता अजय यादव, ओमप्रकाष गुप्ता, मदन गुप्ता, महेंद्र सोनल, संजय चंद्रवंशी, छुनु ठाकुर, ललन गुप्ता, सचिन गुप्ता, संजय गुप्ता, भोलानाथ साहू, प्रभु चन्द्रवँशी, त्यागी जी, राजू ठाकुर, जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त सामिल थे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वाधान में स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल के सभागार में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जायन्ट्स सदस्यो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सदस्यों ने आम लोगों से अपील किया कि आप सभी अच्छे किस्म के रंग, अबीर, गुलाल से ही होली खेलें। होली का त्योहार सौहाद्र पूर्वक मनायें। किसी के साथ जबरदस्ती से रंग अबीर नहीं लगायें। होली में सभी बुराइयों को होलिका में जला कर आपसी भेदभाव मिटाए। कार्यक्रम में सदस्यों ने होलियाना अंदाज में हास्य व्यंग्य से ओतप्रोत कविता, प्रहसन एवं गीत संगीत की धुन पर झूमते हुये होली मिलन का आनंद लिया। इस अवसर पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी एवं एम पी केशरी, फेडरेशन 8 के उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, जायन्ट्स गढ़वा के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, विनोद गुप्ता, दीपक तिवारी, मनोज केशरी(हिंदुस्तान सेनेटरी) सहित ग्रुप सदस्य सुरेश गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, मनोज केशरी सन रेडियो, मनदीप प्रसाद, चंदन चंद्रवंशी, सुनील अग्रवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, महेंद्र सर्राफ, अरुण सोनी, लखन सर्राफ, अशोक गुप्ता, अरविंद तूफानी, अशोक, रविंद्र, पवन केशरी, रवि, रितेश, विजय केशरी विजय जनरल, आदि उपस्थित थे।

होली पर्व को शांतिपूर्वक मनायें: मुखिया

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत भवन के सभागार में शनिवार को पंचायत की मुखिया रीता देवी की अगुआई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य सत्यप्रकाश चौबे ने होली खेले रघुबीरा अवध में गाकर सभी के मन को रंगो से सराबोर कर दिया। उसके पश्चात सभागार में उपस्थित सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकार सभी को शुभकामना दिया। मुखिया रीता देवी ने पंचायत के सभी जनता से आग्रह किया है कि होली पर्व को एक दूसरे के साथ शांति पूर्वक मनाएं। किसी के बहकावे में आकर अप्रिय भाषा या हानिकारक रंगों का प्रयोग ना करें। मौके पर मुखिया पति शंभुनाथ साह, उपमुखिया श्रवण पासवान, रोजगार सेवक राजेश शुक्ला, नरेश पासवान, वास अक्षय चौबे,मंगरु राम, प्रज्ञा केंद्र संचालक मणिभूषण चौधरी, ग्रामीण बलराम चौबे व राहुल चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

विशुनपुरा में दो वारंटी गिरफ्तार

विशुनपुरा(आजाद सिपाही)। पुलिस ने शनिवार को छापामारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था। गुप्त सुचना पर वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटी अशोक रजवार उम्र करीब 40 वर्ष पिता सरजू रजवार, विमलेश रजवार उम्र करीब 23 वर्ष पिता अशोक रजवार दोनों ग्राम पतिहारी पर विभिन्न मामला दर्ज है। कोर्ट के आदेशानुसार दोनो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मेराल पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

मेराल (आजाद सिपाही)। रंगों का त्योहार होली को लेकर एसपी दीपक पाण्डेय के निर्देश पर थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में थाना मुख्यालय समेत कई गांव में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील किया। वहीं असमाजिक तत्वों को भी चेतावनी दिया गया। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने कहा कि होली पर्व के दौरान हुड़दंगई करने वालों पर कड़ी नजर रखी रहेगी, पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। फ्लैग मार्च में अरूण कुमार रवानी, निरंजन पांडे, एएसआई अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, साहित्य पुलिस पदाधिकारी तथा जवान शामिल थे।

कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर । कन्या विवाह एंड विकास सोशॉयटी द्वारा शनिवार को प्रखंड परिसर में होली सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के सचिव विकास माली, बीडीओ नंदजी राम, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी व सोसाईटी के भवनाथपुर को ऑर्डिनेटर अंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया। मौके पर सोसाईटी के सचिव विकास माली ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी बाल विवाह व दहेज प्रथा को रोकने के साथ ही किसी भी जिले और राज्य के असहाय, गरीब तबके के लोगों के बच्चियों का सोसाईटी के कर्मियों द्वारा घर घर जाकर उन बच्चियों को पंजीकृत कर 18 वर्ष के बाद बच्चियों का विवाह कराने का दायित्व को निभाती है। कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी पुर भारत में बाल विवाह, दहेज प्रथा व भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है, जो इस कुप्रथा के खिलाफ निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपनी बेटियों को 18 वर्ष के बाद ही उनका विवाह करने की अपील किया।

कार्यक्रम का संचालन सोसाईटी के विभूति पांडेय ने की। इस मौके पर सोसाईटी के विकास तिवारी, जिला प्रबंधक आयुब खां, रंजीत, टिंकू तिवारी, दीनानाथ पांडेय, आकाश भारती, पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, वरुण बिहारी यादव, शमशेर अंसारी, ज्योति देवी, सरस्वती देवी, सोनी देवी, रेनू वैद्य, कौशल्या देवी, फुला देवी, गीता देवी, प्रभा देवी, प्रमिला देवी, रूपवंती देवी, रामदुलारी देवी, अनीता देवी, लालती, आरती, साधना कुमारी, रिंकू देवी, रानी देवी, संगीता देवी सहित बड़ी संख्या महिला पुरुष सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं को किया गया। सम्मानित कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी द्वारा आयोजित होली मिलन सह सम्मान समारोह में संस्था के सचिव विकास माली द्वारा पंजीकृत बच्चियों, सोसाईटी के सक्रिय सदस्यों और जनप्रतिनिधियों को गमछा से सम्मानित किया। इसके बाद एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में गायको ने एक से बढ़कर एक फगुआ गीत प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

त्योहार में ऐसा कोई गलत काम न करें कि प्रशासन को मजबूरन कार्रवाई करनी पड़े

केतार (आजाद सिपाही)। रंगो का त्योहार होली पर्व को शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को केतार थाना परिसर में बीडीओ सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी रोशन कुमार वर्नवाल की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गयी। मुखिया और गणमान्य लोगों ने अपने अपने पंचायत में शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कहा। बीडीओ सावित्री कुमारी ने कहा कि त्योहार में ऐसा कोई गलत काम न करे की प्रशासन को मजबूरन कार्रवाई करना पड़े। लोग अपने अपने गांवों में शांति पूर्ण तरीके से होली पर्व मनाये। जबरन किसी को रंग न लगाए। वही थाना प्रभारी रोशन कुमार वार्नवाल ने कहा की यदि किसी को गलत हरकत करते सूचना मिलती है तो पुलिस उस पर कानूनी कारवाई करेगी। मौके पर प्रमुख पति सुरेंद्र गुप्ता, मुखिया मुनि देवी, श्याम सुंदर बैठा, हेमंत पाठक, उदय प्रसाद, सुशील पाठक, योगेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

खलारी(आजाद सिपाही। एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी में षनिवार को होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विषेश रूप से एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के प्रशासक जामवंत सिंह एवं प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे-नन्हे बच्चों ने राधा कृष्ण का रूप धारण किया और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं सभी छात्र-छात्राओं और षिक्षक-षिक्षिकाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली त्योहार की बधाईयां दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि गिरि ने बताया कि होली मनाने कि परंपरा की शुरूआत पुरातन काल में राजा हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद के जीवित बचने पर और उनकी बुराई पर जीत के उत्सव के रूप में हुई। साथ ही यह त्योहार राधा कृष्ण के सच्चे प्रेम का प्रतीक है, इसलिए हम प्रत्येक वर्ष होली का त्योहार मनाते हैं। वहीं एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के प्रशासक जामवंत सिंह एवं प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने भी सभी बच्चों एवं स्कूल की षिक्षकों को होली पर्व की बधाई एवं षुभकामनाएं दी। होली के कार्यक्रम को सफल बनाने में षिक्षिका पम्मी, पायल, गुड़िया, रूबी आदि का सरहानीय योगदान रहा।

डीएवी खलारी में हर्षोल्लास से मनायी गयी होली

खलारी (आजाद सिपाही। डीएवी स्कूल खलारी में षनिवार को रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय में होली पर्व को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों ने होली के गीत-भजन गाकर, चुटकुले सुनाकर सभी का मनोरंजन किया। छोटे छोटे बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को होली पर्व पर अबीर गुलाल लगा कर अपनी शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने बच्चों को रंग गुलाल लगा कर एक दूसरे से मिल जुलकर होली मनाने तथा पानी को बर्बाद नहीं करने का संदेश दिया।

इटकी में नवयुवक संघ और स्वयं सेवकों ने खेली होली, दी शुभकामनाएं

इटकी (आजाद सिपाही। इटकी के दरहाटांड़ मंदिर परिसर में शनिवार को हिन्दू नवयुवक संघ और राष्ट्रीय स्वयं सेवकों सघ के तत्वावधान मे संयुक्त रूप से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों के साथ जम कर अबीर गुलाल की होली खेली। इस दौरान पारंपरिक नागपुरी फगुवा गीत बम भोल कहवा रगवले पागरिया सहित अन्य गीतों के साथ ढोल, नगेड़ा के थाप पर लोग जमकर नाचे गाये और एक दूसरे को होली त्योहार की शुभ कामनाएं दी। कार्यक्रम में संघ के अरुण कुमार, मनोहर, आनंद, कुलदीप, मुकुल सहित दर्जणों लोग शामिल थे। इधर केन्द्रीय हिन्दु जागरण समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जमीनदार के वशंज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने इटकी में 24 मार्च की रात होलिका दहन और 25 मार्च को सुबह से होली खेलने के बाद तीन बजे से श्री जगन्नाथ मंदिर प्रागंण में भगवान राधे कृष्ण की झुला झुलन कार्यक्रम के साथ डोल मेला लगाने की बात कही।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी शहीद भगत सिंह सुखदेव और शहीद राजगुरु को श्रद्धांजलि

खूंटी (आजाद सिपाही। शहीद दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में शनिवार कों शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु के अलावा बिहार सरकार में मंत्री रहे झारखंड के गांधी नाम से प्रसिद्ध टी मुचीराय मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर भवभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि शहीदों की कुबार्नी कभी भी देश के लिए व्यर्थ नहीं होती। उनके बाताये नक्शे कदम पर चलकर ही समाज और कांग्रेस पार्टी की उन्नति हो सकती है। शहीदों की कुर्बानी से ही आज हम विश्व में स्वतंत्र रूप में आत्मसम्मान के साथ रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान से ही आज हमें विश्व के अन्य देश ताकतवर राष्ट्र के रूप में देखता है। पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा कि शहीदों का मान-सम्मान हर सरकार में जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहीदों के बताए मार्ग पर चल कर ही सम्पूर्ण समाज की उन्नति संभव है। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, मदन मिश्रा, पौलुस पूर्ति, गोपाल भगत, जयसिंह नाग, देवजीत देवघरिया, सुनीता गोप, सुशील सांगा, शांता खाखा, हेलेन होरो, मगरीता खेस, सुषमा भेंगरा, विलसन तोपनो, शाशिकांत होरो, एडवर्ड हंस, विजय कुमार स्वांसी आदि उपस्थित थे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव में केशरवानी वैश्य समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता संतोष केसरी और संचालक पवन केसरी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे नगर अध्यक्ष रघुवीर केशरी और विशिष्ट अतिथि में प्रदेश संगठन मंत्री रितेश केशरी, जिला सचिव गौरी शंकर केशरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके अलावा समाज में फैल रहे हैं कुरूतियों को दूर करने सहित समाज के लोगों को जागरूक करने और समाज को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बेंती केशरवाणी वैश्य समाज के अध्यक्ष दिनेश केशरी,उपाध्यक्ष राजेंद्र केशरी,सचिव अभिमन्यु केशरी,आदित्य केशरी, उपसचिव संतोष केशरी, कोषाध्यक्ष शिव केशरी,उप कोषाध्यक्ष रामजी केशरी, नीरज केशरी, संगठन मंत्री सुनील केशरी, महामंत्री संजय केशरी सहित केशरी समाज के सभी महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

सौहार्द्र के साथ उत्साहपूर्वक मनायें त्योहार : अर्जुन मुंडा

खूंटी में जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन, जम कर उड़े अबीर-गुलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। होली का त्यौहार निकट आते ही शहर में जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के प्रतिष्ठित गोल्डन पैलेस में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ, जबकि शनिवार को खूंटी चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा गोल्डन पैलेस में और खूंटी जिला चैता महासमिति द्वारा नगर भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गोल्डन पैलेस के संचालक परमानंद कश्यप द्वारा शुक्रवार शाम से देर रात तक आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा शामिल हुए। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत सेवानिवृत्त शिक्षक हरिनारायण कश्यप और आयोजक परमानंद कश्यप ने शॉल ओढ़ाकर एवं बुके प्रदान कर किया। समारोह में शहर के सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए इस दौरान जमकर अबीर गुलाल उड़ाए गए और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गयी। मौके पर सामूहिक भोज और रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसमें वेज नॉनवेज व्यंजनों के साथ ही लोगों ने नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया। इससे पूर्व अपने संबोधनों में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और कोचे मुंडा ने रंगो के त्योहार होली की महत्ता पर प्रकाश डाला और लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर चौता माह समिति द्वारा शनिवार को आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा जबकि अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पहान सहित अन्य अतिथि और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

अर्जुन मुंडा ने पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना

आजाद सिपाही संवाददाता

तमाड़। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ भाजपाईयों ने जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी। जनसंपर्क अभियान के क्रम में तमाड के जोजोडीह में महिलाओं द्वारा मंत्री अर्जुन मुंडा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं विरगांव में ग्रामीणों संग जनसंवाद के माध्यम से मंत्री अर्जुन मुंडा ने लोगों को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जनहित और देशहित में चलाये जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए, फिर से देश के समुचित विकास और मजबूत तथा मोदी की गारंटी वाली सरकार बनाने की अपील की। साथ ही बबईकुंडीह में धार्मिक अनुष्ठान हरि कीर्तन तथा बोधडीह के राम कथा अनुष्ठान में भी पहुंचे। पिछले दिनों सड़क दुघर्टना में मृत्यु हुए कार्यकर्ता गुरुदयाल साहु के श्राद्ध कर्म कार्यक्रम में सारजमडीह पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। आज जनसंपर्क अभियान के दौरान मुख्य रूप से कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, लक्ष्मण सिंह मुंडा किसान नेता अरुण कश्यप, दिलीप सेठ, विष्णु पद महतो, अजित महतो, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, कन्हाई लाल साहु, पूर्णचंद्र मुण्डा, सत्यनारायण स्वांसी, संतोष साहू, राजकिशोर महतो, शशि कुमार महतो, सुभाष महतो, कन्हाई पातर, खगेश स्वांसी, दुबराज मांझी, उदय महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

श्राद्धकर्म में शामिल हुए पूर्व विधायक

तमाड़। तमाड़ के सारजमडीह गांव के गुरुदयाल गुप्ता की पिछले दिनों सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गयी थी। आज उनके श्राद्धकर्म में तमाड़ के पुर्व विधायक गोपाल कृष्ण पात्रर उर्फ राजा पीटर झारखंड आंदोलनकारी सह किसान नेता अरुण कश्यप के अलावे गनय मान्य लोग उपस्थित हुए।

पीठासीन पदाधिकारियों और मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्येनजर गठित प्रशिक्षण कोषांग द्वारा शनिवार को पीठासीन सहित अन्य मतदान कर्मियों के लिए बिरसा कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप की उपस्थिति में मतदान कर्मियों को उनके कार्य एवं दायित्वों की चर्चा करते हुए डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान समाप्ति के बाद कलेक्शन सेंटर तक किये जाने वाले समस्त कार्यों से विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में तोरपा, अड़की और कर्रा प्रखंड के लिए प्रतिनियुक्त लगभग 1600 मतदानकर्मी शामिल थे। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में पीठासीन सहित अन्य मतदान कर्मियों की भूमिका अहम होती है। आप सभी ईमानदारी और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव कार्य संबंधित अपने दायित्व का सफलता के निष्पादित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने मतदानकर्मियों को बताया कि 11-खूंटी लोक सभा (अजजा) निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा 18 अप्रैल को अधिसूचना निर्गत की जायेगी। नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नाम निर्देशन की संवीक्षा की अंतिम तारीख 26 अप्रैल, अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल, मतदान की तारीख 13 मई और 04 जून मतगणना की तिथि निर्धारित की गयी है। एएलएमटी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा कुमुद कुमार झा ने मतदानकर्मियों को सुगम ढंग से डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान प्रक्रिया और कलेक्शन सेंटर तक किये जाने वाले कार्यों के संबंध में बिंदुवार विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा होने के साथ आदर्श आचार संहिता लागू है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर देवेंद्र गोप, विष्णुनंद तिवारी और प्रदीप ओझा द्वारा पीठासीन सहित अन्य मतदान कर्मियों को सीयू, बीयू और वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गयी।

संजीवनी हेल्थ सेंटर को एक सप्ताह के अंदर मानकों को पूरा करने का निर्देश

खूंटी। अनुमंडल पदाधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के संयुक्त दल द्वारा शनिवार को क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट के अंतर्गत शहर के भगत सिंह चौक स्थित संजीवनी हेल्थ सेन्टर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हेल्थ सेंटर के संचालक डॉ मनीष कुमार क्लीनिक में नहीं थे। दल द्वारा देखा गया कि वहां एक्स-रे मशीन है, परंतु एक्स-रे टेकनीशियन नहीं है। साथ ही डॉ मनीष का रेडियोलॉजिस्ट प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं कराया गया। एक्से-रे का कमरा व ओटी मानक के अनुसार नहीं पाया गया। डॉ मनीष आयुर्वेदिक के डॉक्टर हैं, लेकिन उनके यहां स्टोर में एलोपैथीक दवा भरा पड़ा था। हेल्थ सेंटर में उपस्थित मरीजों से अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा पूछताछ करने पर मरीजों ने बताया कि वह एलोपैथिक डॉ के पास इलाज कराने आए हैं। इस स्थिति में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान द्वारा एक सप्ताह के अंदर उपर्युक्त सभी मानकों को पूरा करते हुए क्लीनिक को अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। जांच दल में जिला डाटा प्रबंधक श्वेता सिंह सुनीता दास आदि शामिल थे।

ईचागढ़ क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार

सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये का हो रहा नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। जैसे-जैसे लोकसभा आम चुनाव 2024 की सरगर्मी बढ़ रही है, वैसे ही अवैध बालू की कारोबार भी बढ़ती जा रही है। चुनाव को लेकर अधिकारी व्यस्त है, वहीं बालू माफिया बालू को ऊंचे दर पर बेचने में मस्त है। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोरो (जारगोडीह), बामुनडीह, विरडीह, खोखरो आदि क्षेत्र से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर, हाइवा गाड़ी से बालू की उठाव हो रही है। इन क्षेत्र से उठाव होने वाली बालू दिन रात चौका, चांडील, जमशेदपुर तथा अन्य शहरी क्षेत्रों पर बालू माफिया द्वारा ऊंचे दर पर बेचा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार स्वर्णरेखा नदी से प्रतिदिन दिन रात सैकड़ों गाड़ी से बालू की उठाव हो रही है, परंतु मना करने वाले कोई नहीं है, क्योंकि बालू माफिया का सेटिंग पुलिस प्रशासन से लेकर उच्च अधिकारी तक है। वहीं इस प्रखंड के जन प्रतिनिधि द्वारा भी अवैध बालू कारोबार का बात को उठाया जाता रहा है, परंतु उनका भी बात सुनने को कोई तैयार नहीं है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि बालू माफिया, पुलिस प्रशासन और उच्च अधिकारी के मिली भगत के कारण ही अवैध बालू का खेल जारी है।

सोड़ो घाट में खनन के लिए मिली है अनुमति : चांडील अनुमंडल क्षेत्र के एक मात्र बालू घाट ईचागढ़ प्रखंड के सोड़ो (जारगोडीह) में बालू खनन की अनुमति झारखंड सरकार की ओर से मिली है। इस घाट का संचालन का जिम्मा जेएसएमडीएस कंपनी को मिली है, लेकिन इस घाट में भी बालू खनन बंद है। 20 फरवरी से जेएसएमडीएस कंपनी की ओर से चालान निर्गत नहीं किया गया है। ग्रामीण बताते हैं कि स्थानीय बालू माफिया लोग ले जाने वाले ट्रैक्टर, हाइवा के आगे पीछे चलते हुए उसे गंतव्य स्थान तक पहुंचाते हैं। वहीं रास्ते में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए सारी सेटिंग भी स्थानीय बालू माफिया लोग करते हैं। ऐसे में ग्रामीण भी बालू के अवैध कारोबार को लेकर स्थानीय लोगों के रास्ते का रोड़ा नहीं बनना चाहते हैं।

सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान : अवैध बालू कारोबार होने के कारण प्रति महीना सरकार को लाखों करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रही है। मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बाद भी बालू की अवैध रूप से तस्करी जारी है। बताया जा रहा है कि खनन विभाग और पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे से नदी का बालू गैर कानूनी ढंग से शहरों तक पहुंचाया जा रहा है। बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। चंदन कुमार महतो

मुर्गा लदे पिकअप वैन ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सिल्ली - रांगामाटी सड़क पर शनिवार की अहले सुबह करीब साढ़े तीन बजे सोनाहातू थाना क्षेत्र के डीबाडीह गांव के पास एक पोल्ट्री मुर्गा लदा पिकअप वैन नं जेएच 11 एन 3125 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिकअप वैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उस पर सवार बिनोद कुमार राय 36 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी और चालक भीमदेव राय गंभीर घायल हो गया। दोनों राजधनवार थाना क्षेत्र के झांझ गांव के रहने वाला था। बताया जाता है कि पिकअप वैन गिरिडीह से आ रहा था। घटना के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दिए। सोनाहातू थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में कर वैन को सड़क से हटवाया। उसके उपरांत आवागमन फिर प्रारंभ हुआ।

होली मिलन समारोह का आयोजन

सोनाहातू (आजाद सिपाही। शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सोनाहातू में होली की छुट्टी से एक दिन पूर्व होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ।इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामना और बधाइयां दी। होली मिलन समारोह में अंचल अधिकारी मनोज महथा ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम व भाईचारगी का संदेश देता है। इसलिए पूरी शालीनता और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाएं। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने जलेबी, बालुसा, समोसा मिठाइयों का भी आनंद लिया। मौके पर अभिषेक चक्रवर्ती, बसंत कुमार महतो, रविंद्र कोईरी, महावीर मुंडा, जनसेवक, निखिल कुमार गोप, सौरभ कुमार, अविनाश कुमार, शशिभूषण मुंडा, जितेंद्र प्रसाद, अंनत हजाम सहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

रांची जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री सदानंद महतो का निधन, शोक की लहर

सोनाहातू (आजाद सिपाही। रांची जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व महामंत्री बारेंदा निवासी सदानन्द महतो का हृदयगति रूक जाने के कारण उनके पैतृक निवास में निधन हो गया है। वे शहीद रघुनाथ महतो इन्टर कॉलेज पतराहातू के प्राचार्य, ग्रामीण विकास केंद्र, रांची के सचिव तथा कई सामाजिक संस्था से जुड़े हुए थे। उनके निधन से थाना क्षेत्र में शोक की लहर है।पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, राकेश किरण महतो,अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, कमल प्रसाद साहू, हलधर महतो, दिनेश सिंह मुंडा, निशिकांत गोंझू ,अजय साहु कौशल किशोर महतो, सच्चिदानंद प्रमाणिक, सुधीर महतो, भगीरथ प्रमाणिक, महावीर महतो, सुरेश चन्द्र गोंझू, नगेंद्र नाथ गोस्वामी, अजगुत महतो, महानंद पुरान, कृष्ण कुमार सिंह मुण्डा, इन्द्रनाथ महतो, सिंधु देवी प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपप्रमुख सविता देवी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही। मजदूर सेवा संगठन बुंडू के द्वारा शनिवार को क्रांति वीर चौक में शहीद दिवस मनाया गया, शहीद दिवस के अवसर पर 14वीं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मजदूर सेवा संगठन के अध्यक्ष जीत मोहन ठाकुर ने बताया कि रक्तदान महादान रक्तदान के द्वारा पांच परगना के बहुत से लोगों की जान बचायी जा सकती है। शनिवार को कुल 80 यूनिट ब्लड सदर अस्पताल रांची के द्वारा संग्रह किया गया। इस मौके पर असित कुंडू सुरेश मुंडा, सुफल महतो, सूरज भगत, नवीन जायसवाल, रमीज रजा सहित मजदूर सेवा संगठन के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बुंडू में अमर शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही। शनिवार कोपीपी के कॉलेज बुंडू में अमर शहीद भगत सिंह की पुण्य तिथि पर एक संगोष्ठी हुई, जिसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित हुए और शहीद भगत सिंह के चित्र पर दीपक जलाकर और पुष्प माला आदि अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर हिन्दी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ राधारमण साहू ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से छात्रों को प्रेरित किया। वहीं डॉ बीएन प्रमाणिक ने भगत सिंह पर एक आशु कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी डॉ आराधना तिवारी ने किया।

पंचायत सहायकों ने किया होली मिलन समारोह

खलारी (आजाद सिपाही)। चुरी पश्चिमी पंचायत सचिवालय में षनिवार को पंचायत सहायकों का होली मिलन समारोह आयोजिन हुआ। इस अवसर पर पंचायत सहायक के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार तथा जिला अध्यक्ष गौतम कुमार उपस्थित थे। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पंचायत सहायकों ने विभिन्न प्रकार के बातो पर चर्चा किया। वहीं सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर भोलानाथ चैहान, किरण मिंज, विकास कुमार शर्मा, अनिल कुमार गंझू, सरस्वती देवी, निशा देवी, रामकृष्ण मुंडा, तिलक, भीम गंझू, एडित कुज्जूर, आरती कुमारी, तारा कुमारी, सुनीता कुमारी, विजय भोगता आदि मौजूद थे।

बैठक में शामिल हुए खलारी कांग्रेस पदाधिकारी

खलारी(आजाद सिपाही)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के रांची से लोकसभा प्रत्याशी सुबोध कांत सहाय के रांची ध्रुवा स्थित आवास पर रांची लोकसभा स्तरीय बैठक किया गया। लोकसभा जिसमे रांची के सभी विधानसभा के सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, युवा प्रखंड अध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस के अध्यक्ष के अलावा प्रखंड जिला स्तर के मुख्य कार्यकर्ताओं को बुलाया गया और चुनावी पर रायशुमारी किया गया। बैठक में खलारी की और से वरिष्ठ कांग्रेस नेता व खलारी प्रभारी जालिम सिंह ने अपनी बात रखी और प्रखंड अध्यक्ष युवा अध्यक्ष धीरज बहादुर थापा महिला अध्यक्ष नीलू देवी ने भी अपनी बात रखी।साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया।

खलारी पुलिस उपाधीक्षक ने बुद्धिजीवियों से की मुलाकात

खलारी(आजाद सिपाही)। पलामू प्रमंडल सामाजिक विकास मंच के अध्यक्ष शेख वकील अहमद एवं खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी के नेतृत्व में शनिवार को खलारी के बुद्धिजीवी रवींद्रनाथ चैधरी, तेजनारायण सिंह, राजेन्द्र रजक, आरिफ अंसारी, बंटी ने खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चैधरी से मुलाकात किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रामनारायण चैधरी को बुके देकर उनका स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। वहीं डीएसपी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा की खलारी में सभी के साथ न्याय होगा तथा शांति और कानून व्यवस्था में सभी आमजन का सहयोग और साथ जरुरी है। साथ ही उन्होने कहा कि क्षेत्र के आमजन को किसी भी तरह की समस्या हो या उन्हे कोई सुचना देनी हो वो 24 घंटे उपलब्ध है।

बेड़ो में फगुआ मिलन समारोह का आयोजन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। सरना सनातन मंच के तत्वावधान में शनिवार को महादानी मैदान बेड़ो के रंगमंच में फगुआ मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को बांधे रखा। जहां ग्रामीणों ने ढोल, मांदर, नगाड़ा की थाप, बांसुरी की धुन तथा फगुआ राग पर आधारित नाच गान का आनंद लिया। वहीं समारोह में लोगों ने अतिथियों के साथ साथ एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर सम्मानित करते हुए होली पर्व की शुभकामना दिया। साथ ही लोगों ने स्वादिष्ट पकवान का आनंद भी लिया।

सिकिदिरी थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक

सिकिदिरी (आजाद सिपाही) । सिकिदीरी थाना परिसर में आज शनिवार दिन होली पर्व को लेकर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंन्हा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाज सेवी ,एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए । थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंन्हा ने लोगों से होली पर्व को आपसी भाईचारा व सोहार्द पूर्ण वातावरण में, मिलजुल कर मनाने की अपील की । साथ ही उन्होनें कहा कि त्योहार के दौरान कोई असामाजिक तत्व एवं अशांति फैलाने वाले पर पुलिस प्रशासन की ओर से सख्त कारवाई की जाएगी एवं नशेड़ियों पर भी विशेष नजर में रखी जाएगी । बैठक का संचालन फारूक खान ने किया। मौके पर एस आई वरूण कुमार, रोशन कुमार सिंह,, हरातू मुखिया राजेन्द्र बेदिया,सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, हेसातू मुखिया अनिता बारला, रोजलीन लकडा, पंसस अनिल महतो,ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, खलील खान, श्रवण मुण्डा ग्राम प्रधान शिवधर रजवार, शयामसुंदर बेदिया,निर्मल करमाली,रंजीत सिंह, राजेश पहान, डबलू बेदिया, आनंद महतो आदि उपस्थित थे ।

बालू के अभाव में अधर में लटक गयी है अबुआ आवास योजना

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी प्रदीप साहू ने जोन्हा क्षेत्र में बालू की खुलेआम हो रही कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग उपायुक्त रांची से की है। इस संबंध में प्रदीप साहू ने गत दिनों उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है। कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे जोन्हा क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू की कालाबाजारी की जा रही हैं। हर रोज क्षेत्र में सैकड़ों ट्रैक्टर से बालू का अवैध परिवहन हो रहा है। यहां तक कि देर रात तक ट्रैक्टर से अवैध बालू का परिवहन किया जाता है। बालू कारोबारी 4 से 5 हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर तथा 50 हजार रुपए प्रति हाईवा बालू बेच रहे हैं। आम जनता इससे काफी त्रस्त हो चुकी है। वहीं बालू के अभाव में सरकार की महत्वाकांक्षी अबूआ आवास योजना अधर में लटक गई है। प्रदीप साहू ने सरकार से बालू के कालाबाजारी पर रोक लगाने तथा आवास योजना के लाभुकों को सस्ते दर पर बालू उपलब्ध कराने की मांग की है।

पंचायत सचिवालय सहायकों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। पंचायत सहायकों ने सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को चकला पंचायत सचिवालय में किया। इस समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के सभी पंचायत सहायकों ने यह संकल्प लिया गया कि आज के बाद हम लोग अपने पंचायत में सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी पूर्वक धरातल में उतारने का कार्य करेंगे।और होली पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी गई। मौके पर मुख्य रूप से अलखनाथ महतो, अरविंद महतो, महतो, सोहन मुंडा, रतिलाल बेदिया, रमीज रजा, सफीक अंसारी, लुखमन अंसारी मुख्तार अंसारी, नजबूल हक, अनिल महतो, रमा साहू, रीता देवी, सावित्री देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में शिक्षक और बच्चों ने खेली होली

पिपरवार (आजाद सिपाही) । सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपूर मे शनिवार को होली समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चों के अलावे अभिभावक भी शामिल हुए। इस दौरान शिक्षक और बच्चों ने जमकर होली खेलकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। स्कूल में शिक्षक और बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी जमकर अबीर गुलाल को उड़ाया और होली का उत्साह मनाया। इस संबंध में स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने बताया कि स्कूल प्रागंण में प्रत्येक वर्ष होली समारोह का आयोजन किया जाता है,जिसमें शिक्षक और बच्चे इस उत्साह में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि रंगो का त्यौहार होली पर्व आपसी भाईचारगी और खुशहाली का संदेश देता है। इस दिन सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर उत्साह मानते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ समय समय पर इस तरह के पर्व त्यौहार के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और अभिभावकों को होली पर्व की बधाई दी। इस मौके पर प्राचार्य ताका जामीर,प्रबधंक रेहाना प्रवीण,शिक्षक गौरव कुमार,पिंटू कुमार,उमेश कुमार,वारिश अंसारी,अजय कुमार,वसीम अकरम,सुषमा वर्मा,श्रुति कुमारी,सोनिया किंडो,शाजिया खान,टेरेसा टुडू,हिमा कुमारी,सुशांति कुमारी,अंजु बेक,मंजू विश्वकर्मा सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

लोहिया पब्लिक स्कूल परिसर में 50वां स्थापना दिवस गोल्डन जुबली समारोह का आयोजन

कम फीस लेकर बच्चों को शिक्षा देना सराहनीय : डॉ शशि भूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। डॉ राम मनोहर लोहिया के जयंती दिवस के अवसर पर लोहिया पब्लिक स्कूल परिसर में 50 वां स्थापना दिवस गोल्डन जुबली समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर और पांकी विधानसभा के विधायक डॉक्टर शशि भूषण मेहता, जोहर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय महतो, डॉक्टर अजीत कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, डॉक्टर महेश कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि गायत्री देवी, करुणा देवी, मालती देवी, जसवंती देवी और अजय कुमार मेहता एवं विद्यालय के निदेशक प्रेम सागर महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित और डॉ राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण कर गोल्डन जुबली समारोह का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कम फीस लेकर के लोहिया पब्लिक स्कूल जो सीबीएसइ से 12वीं तक मान्यता प्राप्त है, बच्चों को शिक्षा दे रही है, यह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि स्कूल की स्थापना सन 1973 में की गयी थी। इस तरह से यह स्कूल की 50वीं वर्षगांठ को गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के रूप में मनाया गया । मौके पर पर स्कूल के डायरेक्टर प्रेम सागर महतो ने सभी अतिथियों सहित विद्यालय के प्रथम वर्ष 1973 के छात्र-छात्राओं को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में स्पेशल गेस्ट के रूप मे सम्मानित करते हुए उन्होंने शाल और शील्ड देकर सम्मानित किया।

धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्रिंसिपल सूरज कुमार घनश्याम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर शर्मा, कमलेश केसरी और स्कूल के पूर्व छात्र और छात्राएं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे। मौके पर भाजपा नेता चूडामणि महतो, प्रेम सागर केसरी, प्रभात तिर्की, मनोज सिह, प्रवीण महतो, त्रिलोकी महतो, प्रेम पंचम किस्पोट्टा, सुरेश्वरी महतो, ईश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

डीएवी स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को भारी उमंग,उत्साह व उल्लास के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार की देखरेख में शिक्षकों और बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वही बच्चों ने होली गीत पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया। मौके पर निदेशक कैलाश कुमार ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों से कहा कि केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल नहीं करना है। क्योंकि त्वचा में इसका खराब असर पड़ता है। उन्होंने पूरी सावधानी के साथ घरों में होली खेलने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि भारत में मनाये जाने वाले सभी त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। होली एक प्रमुख त्योहार है। होली आपसी प्रेम एवं एकता का प्रतीक है। होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं बल्कि हमारे धार्मिक संस्कृति का प्रमुख अंग है। हमें अपनी संस्कृति को आत्मसात करना चाहिए। भारतवर्ष में विविधताओं के बीच एकता का प्रतीक पर्व और त्योहार विचारों के साथ हमें हमेशा तरोताजा रखती है। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र व छात्राएं मौजूद थे।

एसडीपीएस में होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहा मैम के नेतृत्व में स्कूली बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा होली से संबंधित कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। मौके पर कक्षा 9 की शिवानी ने होली की कविता, कक्षा 10 की आरती कुमारी ने होली की पौराणिक कथा तथा वैदेही ने होली त्योहार के इतिहास के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों और शिक्षक - शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सचिव डॉ कुमुद कला मेहता, डॉ? अमर कुमार चौधरी एवं प्राचार्य एडवर्ड लुगुन विशेष रूप से उपस्थित हुए। मौके पर डॉ कुमुद कला मेहता ने रंगों का त्योहार होली के बारे में कहा कि यह त्यौहार आपसे प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली पर्व हमें आपसी मनमुटाव को खत्म कर प्रेम और शांति के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। मौके पर सैकड़ों छात्र- छात्राएं सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा सांसद प्रत्याशी समीर उरांव ने कार्यसमिति सदस्यों के साथ बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। भाजपा लोहरदगा सांसद प्रत्याशी समीर उरांव का लापुंग प्रखंड कार्य समिति की बैठक व कार्यालय का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष दुखहरण सिंह की अध्यक्षता में किया। उस बैठक में पार्टी को 400 पार करने की बात कहा। समीर उरांव ने कहा की कार्यकर्ता पार्टी की रीड है उससे घर घर से वोट के लिए संपर्क करे व मोदी के विकास कार्यों को बताया। भाजपा वरिष्ट नेता रामनारायण भगत ने कहा की बूथ कमेटी को मजबूत करना है साथ ही लापुंग प्रखंड में कार्यकर्ता को पार्टी के गति विधि से अवगत कराए। कार्यकर्ताओ ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव व भाजपा नेता ने घाघरी बाबा , साई मंदिर व बलादू सरना में माथा टेककर आशीर्वाद लेकर नवाटोली, ककरिया, फतेहपुर, लापुंग, लालगंज का जनता से अपना परिचय देकर आशीर्वाद लिया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर,ओम सिंह , अरविंद सिंह, शिवनाथ तिग्गा, किशोर साहू, आनंद साहू , हिंदिया टोप्पो, भोगन सोरेन, एस टी मोर्चा प्रदीप महली, लापुंग मंडल के हरिमोहन साहू, नंदलाल साहू, चरकू साहू, जितेंद्र पाल सिंह के अलावे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेंटर ऑफ एक्सलेंस प्रतिभा चयन ट्रायल संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन रांची के तत्वाधान में 21 से 23 मार्च तक खेल गांव होटवार में बैडमिंटन, कुश्ती एवं बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन सभी खेलों का कौशल्य, एंडोरेंस एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों का कागजात जांच कर सर्वश्रेष्ठ बालक - बालिका खिलाड़ियों का चयन अंकतालिका के आधार पर किया गया।

चयन प्रतियोगिता के पहले दिन सभी निर्धारित स्थानों पर खिलाड़ियों का पंजीयन के उपरांत शारीरिक दक्षता के तहत बैटरी जांच, दूसरे दिन सभी खेलों से संबंधित कौशल्य जांच कर एवं शनिवार के सभी परिणामों के आधार पर अंतिम सूची तैयार कर ली गई है।

बैडमिंटन, कुश्ती एवं फुटबॉल बालक -बालिका मिलाकर लगभग साढ़े तीन सौ प्रतिभागी चयन प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस चयन प्रतियोगिता में विभाग के आवासीय एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा, भरत कुमार साहू, रवि शंकर केशरी, सौरभ कुमार, करम मुंडा, सुनील महली, काली चरण महतो, जेम्स पूर्ति,जोलेन होरो, अघनू उरांव, शाहिद अंसारी, गोपाल तिर्की, अंगद कुमार हंसराज, प्रेमचंद पूर्ति, विनय क्षेत्री, फरजाना परवीन, दुलारी टोपनो, अख्तर हुसैन, हसन अंसारी, अनमोल टोप्पो, राजीव रंजन, सोना राम चंपिया, बबलू कुमार, बिरसी मुंडू एवं खेल मित्र संजीव कुमार, प्रीतम मिर्धा, अमरजीत मुंडा आदि ने अहम भूमिका निभाई। तीनों खेलों का देखरेख जिला खेल संयोजक रांची आशीष कुमार बनर्जी एवं ऑब्जर्वर साईं के प्रशिक्षक द्वारा किया गया। चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी को विभिन्न खेलों के सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस केन्द्र में रखा जाएगा। यह जानकारी जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार ने दिया।

ओरमांझी के शिक्षकों ने अबीर गुलाल लगा कर मनायी होली

ओरमांझी। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ओरमांझी प्रखंड कमेटी की ओर से पार्क पैलेस बैंक्विट हॉल ओरमांझी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनुप केशरी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारा का पर्व है । इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ता है और संघ भी मजबूत होता है। संघ एक परिवार के जैसा है हम सभी को एक दूसरे को सहयोग करना है और सुख और दुःख में सभी को शामिल होना है। इस अवसर पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, सचिव संतोष कुमार तिवारी, अरविंद कुमार, सहदेव कुमार, जयप्रकाश कुमार, पांडेय रमेश पाठक, अवधेश प्रसाद, कंवर सिंह, अमूल्य कुमार, जीतमोहन पाल, लक्ष्मण उरांव, अनिल सिंह, रामनरेश सिंह सहित प्रखंड के कई शिक्षक उपस्थित है।

अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अनवरत कारवाई जारी

पिठोरिया। पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के द्वारा अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ अनवरत कारवाई जारी है। शनिवार को पिठोरिया गांव क्षेत्र के किसान चौक, मुंडा टोली और अंबाटोली में अभियान चलाकर जावा महुआ व महुआ शराब को नष्ट किया गया। गौरतलब है कि प्रभारी गौतम कुमार राय के द्वारा पिठोरिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब बनाने वालों को किसी भी कीमत में शराब नहीं बनाने की चेतावनी दी गई है। इसी के मद्देनजर गुप्त सूचना पर औचक छापामारी कर लगभग दो क्विंटल जावा महुआ व सैंकड़ों लिटर महुआ शराब को नष्ट किया गया । साथ ही शराब बनाने की सामग्री व भट्टियों को भी ध्वस्त किया गया। पिठोरिया पुलिस की इस कार्रवाई से देशी शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

पिठोरिया गांव में कुत्तों का आतंक

पिठोरिया। पिठोरिया गांव में इन दिनों पागल कुत्तों का आतंक बहुत ज्यादा बढ़ गया है। आये दिन कुत्तों के द्वारा झुंड में राहगिरों को घेरकर जानलेवा हमला किया जा रहा है। शनिवार की सुबह पागल कुत्तों का झुंड पिठोरिया निवासी अर्जुन गोप और आनंद चौरसिया को काटकर बुरी तरह से घायल कर दिया है। ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों की मदद से वे दोनों बचें। स्थानीय लोगों ने दोनों को नजदीकी अस्पताल में ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। पिठोरिया में बढ़ते कुत्तों के आतंक से स्थानीय निवासी भयभीत हैं। वहीं आमजन अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं कि कोई अप्रिय घटना न घट जाए।

प्ले स्कूल लिटिल हैंड्स में मनी होली

बेड़ो। सांई मंदिर रोड स्थित लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ निदेशक सुभद्रा सिंह ने किया। जहां बच्चों ने भी एक दूसरे को गुलाल लगाया तथा खूब मस्ती की। उन्होंने नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों को होली का महत्व समझाते हुए कहा कि यह आपसी भाईचारगी का त्यौहार है। उन्होंने होलिका दहन की कथा सुनाते हुए कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। वही बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ एक दूसरे गुलाल लगा होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।वही प्रधानाचार्य उत्तम कुमार ने बच्चों को सावधानी के साथ होली खेलने व मनाने की सलाह दी। मौके पर रचिता बड़ाइक,सलोनी कुमारी, नीलम शर्मा,सुनीता सहित बच्चे मौजूद थे।

रामपुर बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन

नामकुम (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के बैनर तले शनिवार को रामपुर बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा एवं सचिव नन्हे कच्छप ने लोगों के गाल पर गुलाल लगाकर एवं सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर अमर माहतो, शंकर तांती, उत्तम गोप, अनुज सिंह मुंडा, सुकरा मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, मंगल मुंडा, प्रकाश लकड़ा, टियोफिल सांगा, पतरू नायक, छोटू लकड़ा, बिट्टू तिर्की, दिलीप कुंडू, चामू बेग, लक्ष्मण लकड़ा, सुनील लकड़ा आदि उपस्थिति थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा जिलों में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आपसी समन्वय से काम करें अधिकारी : के रवि कुमार

आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों पर रखें सतत निगरानी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए सभी जिलों के जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय से कार्य-योजना तैयार कर समयबद्धता के साथ कार्य करें। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी स्तरों पर जिम्मेवारियां तय की गयी हैं जिनके शत प्रतिशत अनुपालन की अपेक्षा की गयी है। तदनुसार कार्य किये जाने से निश्चय ही बेहतर परिणाम सामने आयेगे। उक्त बातें राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय स्थित शनिवार को समाहरणालय सभागार में पलामू लोकसभा क्षेत्र के पलामू,गढ़वा,लातेहार एवं चतरा जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी,पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा निर्वाचन की तैयारी एवं चुनाव प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चतरा जिले के पुलिस अधीक्षक को अपने क्षेत्र के नामजद आरोपितों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर हजारीबाग में आयोजित अगली समीक्षा बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 27 मार्च तक सभी मतदान केन्द्रों पर सभी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया।

सोशल मीडिया पोस्ट पर सख्ती से रखें ध्यान, सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रखें : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखे जाने की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया सेल,कंट्रोल रूम,यातायात प्रबंधन,संसाधन प्रबंधन,पोस्टल बैलेट,प्रशिक्षण, एमसीएमसी सहित अन्य कोषांगों को सक्रिय रखने का निदेश दिया।

अंतराज्यीय चेक पोस्ट पर बलों की तैनाती कर सख्ती से करें जांच : जिलों के सभी चेक पोस्ट को सक्रिय करते हुए सख्ती बरतें। पर्याप्त बल एवं दंडाधिकारी की नियुक्ति कर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब एवं शस्त्र की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने तथा सभी चेकपोस्टों पर औचक निरीक्षण करने एवं उनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखने का निदेश दिया।

मेडिकल किट उपलब्ध करायें : मतदान कर्मियों के लिए मेडिकल किट की सुविधा प्रदान करें, ताकि उनकी प्राथमिक चिकित्सा संभव हो सके।

समीक्षा बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह, आईजी इन्द्रजीत माहथा, डीआईजी सीआरपीएफ पंकज कुमार सहित पलामू लोकसभा क्षेत्र के पलामू,गढ़वा,लातेहार एवं चतरा जिले जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

संवेदनशील मतदान केंद्रों पर जीरो रिस्क सिद्धांत पर करें कार्य : एवी होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने जिलों के चिन्हित संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में सीआरपीएफ एवं पुलिस बलों की तैनाती का आकलन करते हुए शून्य रिस्क प्रिंसिपल पर कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान कराने के साथ-साथ ईवीएम, मतदाता एवं पोलिंग पार्टी की सुरक्षा हम सबों की पहली प्राथमिकता है। दुरूह क्षेत्र के मतदान केन्द्रों एवं कलस्टर पर पोलिंग पार्टी एवं आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। उन्होंने डिस्पैच सेंटर से कलस्टर एवं स्ट्रांग रूम से मतदान केन्द्र तक की व्यवस्था का बिंदुवार विश्लेषण करने सहित निर्वाचन कार्य में विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित सभी दिशा निदेशों का सख्ती से अनुपालन करने का निदेश दिया।

लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शनिवार को लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला के प्रांगण में होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे, शिक्षक गण भाग लिए और एक दूसरे को अरीब-गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सह निदेशक शाषिकेश कश्यप ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसी उपलक्ष्य में हम सब होली मनाते हैं' साथ ही होली एकता व भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को एक दूसरे को आपसी सद्भावना के साथ गुलाल लगाकर होली मनाने और बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त करने की नसीहत दी। मौके पर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक व विद्यालय प्रबंधन के लोग मौजूद थे।

होल्डिंग टैक्स की बकाया राशि को लेकर नगर पंचायत ने चलाया अभियान

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद नगर पंचायत में चालू वित्तीय वर्ष में होल्डिंग टैक्स मद में निर्धारित लक्ष्य का मात्र 87 प्रतिशत राशि संग्रहित कर सकी है। साथ ही आगामी 31 मार्च के पूर्व तक का समय दिया गया है। जिसमें उन्हें 13 प्रतिशत शेष राशि का कलेक्शन करना बाकीहै। ज्ञात हो कि नगर पंचायत हुसैनाबाद को इस वित्तीय वर्ष में होल्डिंग टैक्स कलेक्शन करने का निर्देश दिया है। होल्डिंग टैक्स जमा करने ,दुकानों का बकाया राशि शीघ्र जमा करने तथा ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए एजेंसी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि होल्डिंग टैक्स के लिए जिन लोगों ने सेफ फॉर्म तो भरा लेकिन अभी तक टैक्स नहीं जमा किए है, वे भी जल्द से जल्द टैक्स जमा करें। वर्ना उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक टैक्स जमा हो सकें।इस मौके पर सिटी मैनेजर हिमानी बाड़ा, राकेश कुमार, विकास कुमार, उमेन्द्र ठाकुर समेत कई कर्मी मौजूद थे।

शहीदों के आदर्शों को करें आत्मसात: अविनाश देव

संत मरियम विद्यालय में शहादत दिवस पर याद किए गए अमर शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। संत मरियम विद्यालय में शनिवार को शहीद ए- आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनके 93 वें शहादत दिवस पर याद किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत के सपूतों की कुबार्नी बेकार नहीं जाएगी। शहीदों ने अपनी जान की कुबार्नी देकर देश को आजादी दिलवाई, इसलिए हम सदैव उन अमर शहीदों के ऋणी रहेंगे। भारत माता के सच्चे सपूत, आजादी के अग्रदूत युवाओं के प्रेरणाश्रोत हैं और आजादी का अक्षुण बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श,छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, ललन प्रजापति के साथ-साथ शिक्षक गण भी मौजूद थे।

भरी पंचायत में प्रेमी-प्रेमिका की करायी गयी शादी

पलामू (आजाद सिपाही)। झारखंड के पलामू जिले के एक गांव में छिप-छिप कर मिल रहे एक प्रेमी युगल को गांव वालों ने पकड़ लिया। उसके बाद पंचायत बिठायी गयी। भरी पंचायत में प्रेमी जोड़े ने साथ रहने की गुहार लगायी, जिसके बाद ग्रामीणों ने उनकी शादी करा दी। पूरा मामला पलामू के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के रुदीडीह का है। ग्रामीणों ने शादी कराने की सूचना पुलिस को भी दे दी है। मिली जानकारी के मुताबिक पलामू के पड़वा के एक लड़के का रुदीडीह की एक लड़की से कुछ महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों छुप-छुप कर मिला करते थे। होली से पहले युवक अपनी प्रेमिका से मिलने रुदीडीह गया। इसी क्रम में कुछ ग्रामीण घटनास्थल से गुजरे। ग्रामीणों ने दोनों को पहचान लिया, जिसके बाद उनसे पूछताछ की गयी। बाद में गांव के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में पंचायत हुई, जहां प्रेमी जोड़े ने साथ जीने-मरने की कसम खायी।

विश्रामपुर बाजार सुरक्षा समिति सह व्यवसायी संघ ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर बाजार सुरक्षा समिति सह व्यवसाई संघ द्वारा भेलवा नदी तट स्थित शिव छठ घाट परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समरोह का उद्घाटन वरिष्ठ व्यवसाई लक्ष्मण साव, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय,ललन सोनी व प्रदीप साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल व संचालन गोपाल सोनी ने किया। संजय पांडेय ने कहा कि दुश्मन को भी दोस्त बनाने का स्पष्ट संदेश देने वाले पर्व का नाम ही होली है। पंकज कुमार लाल ने कहा कि आने वाले हिंदू नूतन वर्ष में समाज में फेल रहे विकृतियों को दूर करने का संकल्प लेने की जरूरत है। समारोह के दौरान खूब अबीर गुलाल उड़े। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। समारोह में भोजपुरी के प्रसिद्ध ब्यास शिव कुमार चौधरी और दयानन्द तिवारी ने एक से बढ़कर एक होली गीत गया। होली गीतों पर श्रोता भी जमकर झूमे। मौके पर अरुण गुप्ता, संजय साह, संजय उपाध्याय, रंजीत चंद्रवंशी, उमाकांत साव, कामेश्वर केशरी, दीपक कुमार, प्रभु साव, प्रमोद वर्मा, चंद्रदेव चौधारी उर्फ कुकू पासी,युवा भाजपा नेता मनीष कुमार, संजय ठाकुर सहित कई व्यवसाई और काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

झारखंड पत्रकार संगठन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने योगेंद्र मिश्रा

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू जिलांतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा जिंजरा गांव निवासी योगेन्द्र मिश्रा को झारखंड पत्रकार संगठन के युवा मोर्चा का दूसरी बार पलामू जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया है। इस आशय की जानकारी झारखंड पत्रकार संगठन के पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष नीलकमल शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि योगेन्द्र मिश्रा पूर्व में भी पलामू के जिला युवा अध्यक्ष रहे हैं। इनके बेहतर कार्य को देखते हुए संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला व जिलाध्यक्ष अश्विनी घई ने श्री मिश्रा को दुबारा मौका दिया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा ने कहा कि संगठन का विस्तार और मजबूती के लिए कार्य करते रहेंगे। इधर श्री मिश्रा के जिलाध्यक्ष बनने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक व सहायक अध्यापकों को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस शिविर मे 160 शिक्षकों ने भाग लिया।यह प्रशिक्षण शिविर शहर शहर के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक प्रेम प्रकाश सिंह, सतेंद्र विश्वकर्मा, कुश कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार चौधरी ने शिक्षकों को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक विषय समेत पर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। बच्चों को खेल-खेल में सिखना, कहानी से सीखना,खिलौने से सीखना के विषय मे विस्तार पूर्वक बताया।समापन के मौके पर बीपीएम जयराम मेहता,लेखापाल रंजन कुमार सिंह, सहायक अध्यापक अभिषेक शर्मा, अनिल कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह,अनिल कुमार सिंह, बैद्यनाथ पासवान, पप्पू पासवान, रजनीश कुमार, संजय पासवान,सुनील पासवान, रौनक बेगम ,शमीम बेगम,अनिता कुमारी,राजकुमार राम,दुर्गा देवी, मतीन अहमद,प्रमोद राम, बिंदु कुमारी, सलेहा खातून,आदि मौजूद थे।

भाजपा ने कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का दिया मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा पलामू की लोकसभा स्तरीय बैठक शहर के हामिदगंज अवस्थित जेबी रिसोर्ट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पलामू लोकसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्यों,पलामू लोकसभा के कोर कमिटी के सदस्यों विधानसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्यों, विधानसभा के कोर कमिटी के सदस्यों सभी जिला के पदाधिकारी, मंच मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हमारा सांसद जो भी हो उसे जिताना है और चार सौ का लक्ष्य पर कर सत्ता प्राप्त करना और समाज में परिवर्तन करना भाजपा का लक्ष्य है। भ्रष्टाचार के आरोप में कोई भी भाजपा का नेता आज तक जेल नहीं गया है। विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य है उसे लेकर हम आगे बढ़े सबका साथ,सबका विश्वास और सब का प्रयास भी चाहिए। पहले किसी भी देश का प्रधानमंत्री आते थे तो उन्हें प्रेम की निशानी ताजमहल दिखाया जाता था लेकिन आज जो प्रधानमंत्री आते हैं उन्हें सारनाथ और काशी विश्वनाथ दिखाया जाता है। देश को सजाना है आगे बढ़ाना है सिर्फ जीतना ही नहीं है लक्ष्य बहुत बड़ा लेकर चलना है। अपने लोकसभा को बड़े अंतर से जीतने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भोजन बूथ पर जाकर करना है सभी नेताओं को प्रवास कर सभाएं करनी है दो निशान दो संविधान हटाने का काम बीजेपी ने किया है। 19 करोड़ सदस्यों की भाजपा पार्टी दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी है।

प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों पर चल रहा है। इस अभियान को बढ़ाते हुए 2024 में 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने का काम करना है।

आज इस बैठक में मुख्य रूप से विपिन बिहारी सिंह,अलख नाथ नाथ पांडे, गिरी नाथ सिंह, विनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, विनोद तिवारी, लड्डू खान,धीरेंद्र नाथ पांडे,मंगल सिंह, रूपा सिंह,ओमप्रकाश केसरी, नरेंद्र पांडे,डां ईश्वर सागर चंद्रवंशी, रघुराज पांडे, प्रफुल्ल सिंह,उदय शुक्ला,विभाकर नारायण पांडे, जय दुबे, धर्मदेव सिंह यादव,रेणुका पांडे, दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा, ज्योति पांडे, सोमेश सिंह सभी मंडल अध्यक्ष एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहादत दिवस पर विचार अभिव्यक्ति का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद शहर के देवरी रोड स्थित यादव कांप्लेक्स में शहीद ए आजम वीर सपूत भगत सिंह जी की 93 वीं शहादत दिवस पर विचार अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया ।यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन, क्रांतिकारी किसान यूनियन, जन संग्राम मोर्चा और बुद्धिजीवी विचार मंच के तत्वाधान में संयुक्त रूप से किया गया। कार्यकर्म की अध्यक्षता क्रांतिकारी नेता भोला सिंह ने की जबकि संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगत सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात भोला सिंह, कृष्णा बैठा ,हरी यादव, सुभाष सिंह, विजय प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद यादव, विगन प्रजापति, प्रमोद कुमार रजक, बुटन यादव, श्रवण यादव, बैजनाथ प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, रामकेश्वर मेहता, अभिमयु सिंह, राजेंद्र पासवान, अनूप कुमार सिंह आदि ने शहीद ए आजम भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला।

वैश्य सभा की जिला कमेटी ने छतरपुर प्रखंड कमेटी का किया गठन

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा की बैठक ममता मैरिज हॉल छतरपुर पिंटू कुमार गुप्ता के आवास पर हुई। बैठक का उद्देश्य छतरपुर इकाई का पुनर्गठन करना तथा संगठन को मजबूती प्रदान करना था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने समाज की एकता व संगठन के विस्तार पर बल दिया। चर्चा परिचर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से छतरपुर के युवा शिक्षाविद पंचम कुमार को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं महामंत्री भरत कुमार एवं कोषाध्यक्ष दीपू कुमार गुप्ता को बनाया गया। बैठक में उपस्थित जय कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज की एकता एवं राजनीतिक सहभागिता पर भी विचार करना होगा। बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन एवं जिला कमेटी के मार्गदर्शन अनुसार कार्य करने पर चर्चा किया गया। नव चयनित अध्यक्ष पंचम कुमार ने कहा की जिला द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी एकजुट होकर एक दुसरे की मदद करें, तो निश्चित रूप से समाज तेजी से आगे बढ़ेगा। हमारा समाज सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक रूप से पिछड़ी हुई है। समाज को उथान के लिए एकजुट एवं जागरूक होने की आवश्यकता है। मौके पर प्रभात कुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष महामंत्री मनोहर कुमार लाली, कोषाध्यक्ष शशिकांत गुप्ता और गुड्डू जी, सूर्य नारायण सूरज, राज कुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता, विनय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, चंदन, हीरा गुप्ता, पपु गुप्ता, भरत आदि उपस्थित थे।

बिरजा गांव के 750 मतदाताओं ने मतदान नहीं करने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

उंटारी रोड(पलामू)। जिले के उंटारी रोड प्रखंड के जोगा पंचायत के ग्राम बिरजा और कूल्ही में बूथ का विवाद पिछले 15 वर्षों से चल रहा है।बिरजा के मतदाताओं का कहना है कि वर्ष 1960 से बिरजा में बूथ था लेकिन 2009 में एक राजनीतिक साजिश के तहत बूथ को दो किमी दूर कुल्ही में स्थांतरित कर दिया गया है। जिसे लेकर बिरजा के ग्रामीणों ने शनिवार को वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीण शिवकुमार चौधरी,गोविंद चौधरी, नरेश चौधरी, बिमल चौधरी,विजय कुमार महतो, राजेंद्र चौधरी, रामजी चौधरी, शंकर चौधरी, रजपतिया देवी, शकरी देवी, अनिता देवी, कल्पतिया देवी,कुन्ती देवी, चंद्रिका चौधरी, श्रद्धा देवी, ममता देवी, सबिता देवी,अनिता देवी सहित कई मतदाताओं ने कहा कि जब तक हमारा बूथ कुल्ही से बिरजा नहीं होता है, तब तक हमलोग वोट का बहिष्कार करेंगें व वोट नहीं करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि बूथ नही तो वोट नहीं। अभी दोनो गांवों का बूथ कुल्ही में ही है। ग्राम बिरजा के ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग कुल्ही वोट डालने नहीं जायेंगे। चुनाव के समय बूथ स्थानांतरण को लेकर अधिकारियों के द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जाता है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार विरोध प्रदर्शन भी किया है लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं किया गया।

स्पोर्ट्स

दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव और खलील अहमद ने 2-2 व ईशांत शर्मा ने 1 विकेट लिया।

आइपीएल 2024: करन-लिविंगस्टोन की आतिशी पारी, पंजाब ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हराया

मुल्लानपुर। सैम करन (63) और लियाम लिविंगस्टोन (38) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के दूसरे मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हरा दिया। 175 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब की टीम एक समय 11.3 ओवर में 100 रन पर 4 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, यहां से सैम करन और लिविंगस्टोन ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए सात ओवर में 67 रन जोड़कर पंजाब को वापसी दिला दी। हालांकि इसके बाद खलील अहमद ने 19वें ओवर में दो लगातार गेंदों पर सैम करन और शशांक सिंह को आउट कर मैच में वापसी दिलाई, लेकिन लिविंगस्टोन ने आखिरी ओवर में सुमित कुमार की गेंद पर छक्का लगाकर पंजाब को जीत दिला दी। लिविंगस्टोन 21 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्के की बदौलत 38 रन बनाकर नाबाद रहे, वहीं सैम करन ने 47 गेंदों पर 6 चौके और एक छक्के की बदौलत टूनार्मेंट का पहला अर्धशतक लगाते हुए शानदार 63 रन बनाए। पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मैच जीत लिया। करन और लिविंगस्टोन के अलावा शिखर धवन ने 22 और प्रभसिमरन सिंह ने 26 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव और खलील अहमद ने 2-2 व ईशांत शर्मा ने 1 विकेट लिया। इस मैच में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली को डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने तेज शुरूआत दिलाई और पहले 3 ओवर में 33 रन जोड़ दिये।

सभी कर्मियों का नाम वोटर लिस्ट में हो : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से सभी कार्यालय प्रधान सुनिश्चित करें कि उनके सभी कर्मियों का नाम मतदाता सूची में शामिल है। यदि किसी कर्मी का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो 27 अप्रैल 2024 तक वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लें। साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी अपना नाम मतदाता सूची में चेक करे। उन्होंने सभी को अपने-अपने कार्यालय में मतदाता शपथ और स्वीप एक्टिविटी से संबंधित विभिन्न गतिविधियां करवाने तथा कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाना है। वोटर अवेयरनेस फोरम के अध्यक्ष संस्था के हेड होंगे और उन्हीं के द्वारा एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग की ओर से मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वोटर अवेयरनेस ग्रुप के निर्माण से संबंधित विभिन्न तथ्यों को समझाया। वोटर लिस्ट में नाम चेक करने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप तथा एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से प्रैक्टिकल करके दिखाया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद थे।

सिंदरी कांग्रेस कार्यालय में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

भाजपा के झूठ का मुकाबला कांग्रेस सच्चाई के साथ करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

सिंदरी। कांग्रेस कार्यालय में सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक नगर अध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई आयोजित। उक्त बैठक का संचालन गोबिंदपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोज कुमार हाड़ी और धन्यवाद ज्ञापन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इदु अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह थें उक्त कार्यक्रम में जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी मुख्य रुप में हुए उपस्थित हुए। कांग्रेस नेता, कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने आह्वान करतें हुए कहा कि इस बार धनबाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कार्यकताओं की सेना डटकर तैयार हैं। हमलोग एकजुटता और मजबूती के साथ कांग्रेस प्रत्याशी, जो भी बने उसे जीताने के लिए आम जनता से अपील करेंगे और भाजपा के झुठ की पोल खोलेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं कों जांच एजेंसियों का सहारा लेकर साजिश के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा जा रहा हैं! कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रिज कर दिया गया। आखिर इस देश का लोकतंत्र व संविधान कहां कैद हो गया? हमारे नेता राहुल गांधी को भाजपा ने कई साजिश रच के डराने का प्रयास किया पर वह डरें नहीं, डटे रहें! हमलोग भी कांग्रेसी हैं पीछे नहीं हटेंगे, भाजपा के झुठ का मुकाबला सच्चाई के साथ करेंगे। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा हम नफरत के माहौल मे मुहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं मोदी सरकार संविधान समाप्त करना चाहती है कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नही करेगें।

जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि जांच एंजेसियों के बल पर भाजपा की केंद्रीय सरकार विपक्षियों कों फंसाकर लोकसभा चुनाव को हाईजैक करने का षड्यंत्र रच रहीं हैं, पर झूठ का बाजार कब तक चलेगा, देश की जनता भी जान चुकी हैं, जिसका आगामी चुनाव में वह करारा जवाब देगी।

सिंदरी विधान सभा स्तरीय लोक सभा चुनाव समन्वय समिति का गठन किया गया। जिनमें प्रशांत दुबे, राहुल राज, पूणेर्दु सिंह, राज बिहारी यादव, विजय सोरेन, शुकदेव हांसदा, मधु फिलिप, संतोष चौधर, जाहीद हुसैन, अजय सिंह, मनोज कुमार हाड़ी, अनील साव, मोइन अंसारी, किरिटी भुषण, सोहराब अंसारी, शरीफ अंसारी, रिकू अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, अशोक दत्ता, सोनू उर्फ मंजूर, उत्तम मिश्रा, गोपाल रविदास, निरंजन तुरी, अखतर अंसारी, अकिब जावेद, मोईन अंसारी, जनार्दन साव, तपन मंडल, साधु हाजुरा, राजेश हांसदा, कालीपद हुड्डू, रूबी खातून, हेमन्ती जयसवाल सदस्य बनाए गएं। बलियापूर से बलियापुर प्रखण्ड कॉंग्रेस कमिटीः कोडिनेटर का नाम श्याम लाल महतो, सुधन महती, उमाशंका रजवार, मो. तालिम शेख, लक्ष्मण मांझी, रविलाल रजवार, आलोमती देवी, मो आयुब अंसारी, मो नसीम सदस्य बनाये गये। बैठक में अंगढ़ित दुबे, विश्वनाथ सिंह, सोमनाथ दुबे, दिलीप मिश्रा, राहुल राज,पुरणेंदु सिंह, सतेंद्र सिंह, सरदार योगेंद्र सिंह, सुखदेव हासदा, मधु फिलिप्स,विजय सोरेन, नकुल कुमार, मन्टी कुमार, अस्वानी मंडल, मनोज घोष, सर्वेश्वर हेमब्रं, सैलेश पंडित मो राही, राजेश पासवान ने अपना वक्तव्य रखा।

गोल्फ ग्राउंड में चला मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। गोल्फ ग्राउंड में लोकतंत्र को मजबूत बनाने, क्षेत्र मे शत प्रतिशत मतदाताओ के द्वारा मतदान सुनिश्चित करने एवं समाज को अधिक से अधिक मतदान के लिए उत्साहित करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इस दौरान गोल्फ ग्राउंड में आए लोगों द्वारा हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर किया। साथ ही मतदान के प्रति लोगों जागरूक करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा लगाए गए सेल्फी स्टैंड में सभी ने सेल्फी भी ली। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता अपने घर से निकले एवं अपने मत का प्रयोग करें। मतदाताओं की जागरूकता से लोकतंत्र का भविष्य निर्धारित होता है। प्रत्येक मतदाता को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए।

खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश के आलोक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ पवन कुमार ने गिरिडीह शहरी क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों जैसे मिठाई दुकान, किराना दुकान एवं थोक विक्रेताओं के दुकान में जांच अभियान चलाया, त्योहार को लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश के आलोक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ पवन कुमार ने गिरिडीह शहरी क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों जैसे मिठाई दुकान, किराना दुकान एवं थोक विक्रेताओं के दुकान में जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में केशरी मिष्ठान भंडार, दता स्वीट, उत्सव मिष्ठान भंडार दुर्गा मंडा, अभिषेक कुमार, तिरंगा चौक, नारायण भंडार, तिरंगा चौक एवं के सी नेमानी, स्टेशन रोड सहित कई अन्य दुकानों में जांच की गयी और पनीर, खोया, दूध से बनी मिठाईयों सहित हल्दी पावडर और निमकी का नमूना लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि विगत दिनों दूध का नमूना में फैट की मात्रा और सालिड नॉट फैट की मात्रा कम पाए जाने पर दो खाद्य कारोबारियों पर और लड्डू मे औद्योगिक रंग पाए जाने पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

प्रधानाध्यापकों के साथ बीडीओ ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

बलियापुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार आज शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लेकर मतदान केंद्र स्तर पर एएमएफ की उपलब्धता की समीक्षा बैठक सभी मतदान केंद्रों के प्रधानाध्यापक सह सचिव विद्यालय प्रबंध समिति के साथ आयोजित की गई। बैठक में सभी ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट से प्राप्त एएमएफ प्रतिवेदन का मतदान केंद्रवार समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान केंद्रों में रैंप की मरम्मती, शौचालय की साफ सफाई, बिजली की व्यवस्था आदि संबंधी मामले संज्ञान में आए। संबंधित मतदान केंटो के प्रधानाध्यापक को एक सप्ताह के अंदर भारत निर्वाचन आयोग के मानक अनुरूप न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अलकडीहा, राजा बस्ती स्थित मतदान केदो में पेयजल की उपलब्धता टैंकर के माध्यम से कराई जाएगी। अन्य ऐसे मतदान केंद्र जहां निम्न जल स्तर है वहां भी पानी की विशेषता कराई जाएगी। मतदान केंद्रों में खराब चापाकल की मरम्मती करने के लिए पीएचईडी विभाग के पत्राचार किया जा रहा है। उपस्थित सभी प्रधानाध्यापक को एएमएफ सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर ने निर्देश दिया एवं सतत अनुश्रवण करने का निर्देश दिए गए। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रीना कुमारी, निर्वाचन प्रभारी रवि कुमार चौरसिया, सभी प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद मिर्धा, परितोष घोसाल, स्वपन कुमार महतो, राकेश कुमार सिंह, जयंत कुमार, आदि उपस्थित थे।

50 हजार का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

गिरिडीह। बगोदर थाना पुलिस ने एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर रांची रोड स्थित हरिहर धाम के समीप जेनरल स्टोर के दुकान में छापेमारी कर करीब 50 हजार मूल्य का गांजा जब्त किया गया है। साथ ही चिलम और सिगरेट के स्टॉक को भी जब्त किया गया। इस दौरान एसडीपीओ धनंजय राम के निर्देश पर बगोदर थाना पुलिस ने जेनरल स्टोर के दुकानदार रेवत लाल राणा और अमरजीत कुमार को दबोचने में सफल रहे। गिरफ्तार दोनो आरोपी बगोदर थाना क्षेत्र के मंझलाडीह गांव के रहने वाले हैं।

गिरिडीह में दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह जिले में साइबर अपराधियों का गिरफ्तारी का सिलसिला निरंतर जारी है। शनिवार को फिर 2 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है।पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि गिरिडीह के बेंगाबाद एवं सरिया थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे है। उपरोक्त सूचना के आधार घर आबिद खान, पुलिस उपाधीक्षक साइबर के नेतृत्व में टीम गठित कर साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुनित कुमार गौतम, सौरभ सुमन, जितेन्द्रनाथ महतो, दामोदर प्रसाद मेहता के सहयोग से छापामारी करते हुए 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में साइबर थाना कांड संख्या-15/2024 दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में महेंद्र मंडल और आशिष मंडल शामिल हैं। इनके पास 3 मोबाइल, 5 सिम बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे पोशन ट्रेकर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के मोबाइल में कॉल कर मातृत्व का लाभ राशी दिलवाने का झांसा देकर पैसे की ठगी करते है। तथा सीएससी का लिंक भेज कर पैसे की ठगी करते है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरिडीह जेल भेज दिया है।

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का होली मिलन समारोह संपन्न

कतरास (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन एरिया-4,कतरास के द्वारा सिजुआ स्टेडियम में शांतिपूर्ण सामाजिक वातावरण में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ ,उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सभी एरिया के नेतागण मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह,महामंत्री एके झा सहित यूनियन के सभी पदाधिकारीयों ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, महामंत्री एके झा, रणधीर ठाकुर, लगनदेव यादव, बैभव सिन्हा, एसके शाही, रामचंद्र पासवान, रणधीर सिंह उपस्थित थे।

महुदा में बालू माफियाओं के सामने प्रशासन हुआ बौना

नदियों से दिनदहाड़े हो रहा अवैध खनन

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बालू तस्कर सुसाशन की तमाम दावों की पोल खोलती सरकारी निर्देश के बावजूद महुदा थाना व भाटडीह ओपी सीमावर्ती क्षेत्र की नदियों से बालू का अवैध खनन कर रहे है। इन नदियों से बालू निकालकर ट्रैक्टर सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। वहीं नदियों से हो रही अवैध बालू निकासी व इस तरह के बालू लदे ट्रैक्टरों पर नकेल कसने के प्रशासनिक दावे खोखले साबित हो रहे हैं। दर्जनों ट्रेक्टर के के साथ बालू तस्करों को सुबह से लेकर देर संध्या तक इन नदियों में बालू का अवैध खनन करते देखा जा सकता है। यहां तक कि तेलमोचो, कुंजी, भाटडीह, नगदा दामोदर नदी के कई घाटों से बेरोकटोक बालू निकाली जा रही है। लोगों का कहना है कि खनन माफिया और प्रशासन के गठजोड़ से हर रोज दर्जनों टेलर बालू निकासी की जा रही है। जहां बालू लदे ट्रैक्टरों की तेज रफ़्तार और उनकी आवाज से स्थानीय लोग परेशान रहते हैं।

वहीं तेजी से बालू डंप करने की आपाधापी में दुर्घटना की संभावना तेज होती दिख रही है। खनन माफियाओं ने महुदा व भाटडीह क्षेत्र के कई घाटों पर कब्जा जमा रखा है। नदियों में बने बड़े-बड़े गड्ढे को देखकर नदी की सुरक्षा के साथ-साथ जलीय जीवों की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न खड़े होने लगे हैं। वहीं दबंग बालू संचालक खुलेआम बालू की तस्करी कर खनन नीति को ठेंगा दिखा रहा हैं। जिससे बालू माफियाओं के सामने प्रशासन बौना पड़ता दिख रहा हैं। विशेष सूत्रों से पता चला हैं कि खबर छपने के पश्चात बालू तस्करी से जुड़े तस्करों को संबंधित विभाग के अधिकारीयों ने सुचना दिया हैं की उक्त तमाम भंडारण स्थल से बालू को हटा लिया जाए। क्यूंकि उक्त तमाम अवैध बालू भंडारण पर छापेमारी की जाएगी। जिसके लीये तस्करो को बालू को भंडारण स्थल से हटाने का समय भी दिया गया हैं। वहीं लगातार अवैध बालू का खनन की खबर के प्रकाशन से राजधानी रांची तक बालू की तस्करी के लीये महुदा व भाटडीह सुर्खियों पर हैं, जिसकी सुचना तमाम संबंधित विभाग को हैं। यहां तक की स्थानीय दबंग नेता के इसारे पर कुछ संबंधित विभाग के अधिकारीयों को मोटी रकम भी देने की सुचना हैं। जिससे मामले को रफा-दफा किया जा सके। ज्ञात हो कि अवैध बालू तस्करी को लेकर गोपनीय शाखा रांची से धनबाद उपायुक्त एवं एसएसपी को आधा दर्जन बालू तस्करो के विरुद्ध शिकायत भी किया जा चूका हैं। जिसमें तो एक मुखिया पति हैं, जिनके ऊपर बाघमारा के एक चर्चित दबंग नेता का संरक्षण प्राप्त हैं, और वे एक जनप्रतिनिधि होते हुये भी इस अवैध कारोबार से जुड़े हैं, जिनके नाम के विरुद्ध गोपनीय शाखा ने अपने दीये शिकायत पत्र में करवाई की बात कही हैं बावजूद उनके आदेश के बाद खत्म नहीं हुआ माफिया राज, और आज भी सक्रिय हैं महुदा व भाटडीह में ये खनन माफिया। जो दामोदर नदी के अस्तित्व के लिये चिंता का विषय हैं।

प्रशिक्षुओं को प्रदान किये गये प्रमाण पत्र

बोकारो (आजाद सिपाही)। प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) की सीएसआर शाखा डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) और भारत की प्रमुख स्टील कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)- बोकारो ने एक विशेष साझेदारी के तहत बोकारो, झारखंड में अपने दीक्षा केंद्र के 69 प्रशिक्षुओं के लिए एक समापन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर, इलेक्ट्रिकल ट्रेड में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 26 प्रशिक्षुओं और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेड में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 43 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक फिलोमन बिलुंग, दीक्षा के बोकारो के प्राचार्य उमेश प्रसाद, समर्पित प्रशिक्षक परमेश्वर महतो, आशा शर्मा, समीर आनंद, रामानुज शर्मा, रंजीता कुमारी, राज कालिंदी और सीएसआर विभाग के प्रतिनिधि, प्रभात कुमार एवं मथुरा प्रसाद शामिल थे।

विदेशी शराब की अवैध मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़

दर्जनों पेटी विदेशी शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी बोकारो विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने गोमिया थाने के सहयोग से थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू माइनर्स कॉलोनी,स्वांग गोमिया में अवैध विदेशी शराब के एक मिनी फैक्ट्री का भांडाफोड़ किया। छापेमारी क्रम में मिनी फैक्ट्री संचालन का मुख्य अभियुक्त पप्पू चौहान टीम को देख मौके से फरार हो गया। फरार अभियुक्त पप्पू चौहान के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

इस दौरान टीम ने दर्जनों पेटी विभिन्न ब्रांडों के विदेशी शराब एवं विभिन्न ब्रांड के लेवल एवं ढ़क्कन भारी मात्रा में जब्त किया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति एवं अवर निरीक्षक चंद्रपुरा दीपिका कुमारी आदि शामिल थे।

मालूम हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं होली पर्व को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण झ बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

ढाई सौ गैलन जावा महुआ नष्ट किया

आजाद सिपाही संवाददाता



कतरास। धनबाद उत्पाद विभाग के एस आई अमित गुप्ता और तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिला टांड के पश्चिम टोला और बीच टोला में अवैध महुवा शराब गोदाम में छापेमारी कर ढाई सौ गैलन जावा महुआ को नष्ट कर भट्ठी को तोड़ दिया और करीब 400 लीटर महुआ शराब को बहा दिया साथ ही शराब बनाने वाले कई उपकरणों को जप्त कर अपने साथ ले गये। छापेमारी दल में तेतुलमारी थाना के श्रवण राम, बुधू ओरांव, शंकर सोरेन, घनश्याम दास सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे। वहीं उत्पात बिभाग के लिखित शिकायत पर तेतुलमारी पुलिस ने अवैध महुवा शराब निर्माण व बिक्री के मामले में तिला टांड निवासी राम बाबू टुड्डू और टिकस टुड्डू पर मामला दर्ज कर आगे की करवाई शुरू कर दी है। तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी है। किसी भी कीमत पर अपने क्षेत्र में अवैध धंधा हम नही चलने देंगे।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग
विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी का कार्यालय,तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री हर्ष राज, कार्यालय चपरासी पिता–स्व० भुवनेश्वरी प्रसाद यादव, ग्राम–हाउसिंग कॉलोनी दीपूगढ़ा, पोस्ट–हजारीबाग, थाना–सदर, जिला–हजारीबाग आप दिनांक–01.11.2023 से लगातार 21.03.2024 तक कार्यालय से बिना सूचना दिये अनुपस्थित है। इस कार्यालय के पत्रांक–299, दिनांक–15.12.2023 के द्वारा आपको सूचना दी गई है। इस प्रकार आप दिनांक–01.11.2023 से लगातार दिनांक–20.03.202 तक अनुपस्थित है।

समाचार पत्र के माध्यम से अगाह किया जाता है कि विज्ञापन छपने के एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में अपना योगदान दें अन्यथा विभागीय कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा कर विभाग को भेज दी जायेगी।

ह०/–
विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी,
तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग

PR 323346 (Water Resource)23-24*D

शिमिलिपाल में अफीम की खेती पर छापेमारी

10.50 करोड़ के अफीम के पौधे नष्ट किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

भुनेश्वर। शुक्रवार को शिमिलिपाल अभयारण्य पर चौथी बार बड़े पैमाने पर छापेमारी हुई। आबकारी विभाग के कर्मचारीयों और करंजिया अतिरिक्त तहसीलदार की उपस्थिति में अभयारण्य के भीतरी इलाकों में सारदा गांव में लगभग 85 आबकारी कर्मचारीयों को शामिल करते हुए बड़े पैमाने पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान 15 एकड़ जमीन में करीब 15 लाख अफीम के पेड़ लगे थे। कहां फूल खिला और कहां फल मुरझा गया। आबकारी विभाग ने सभी पेड़ों को नष्ट कर दिया और जला दिया। इसकी अनुमानित लागत 10 करोड़ 50 लाख होगी, ऐसा आबकारी इंस्पेक्टर श्रीधर महांति ने सूचना दी। कहा जाता है कि ओड़िशा में यह पहली घटना है, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में अफीम के पौधे नष्ट किये गये थे। अफीम के एक पौधे की कीमत 200 रुपये तय की गयी है। जब आबकारी विभाग ने सारदा गांव पर छापा मारा, तो गांव सुनसान पाया गया। पिछले कुछ वर्षों में शिमिलिपाल अभयारण्य अफीम की खेती का केंद्र बन गया है। 24 तारीख को पहली बार 26 लाख रुपये कीमत के अफीम के पेड़ जब्त किया गया था।

इसी महीने की 10 तारीख को शिमिलिपाल अभयारण्य में दूसरी बार 18 करोड़ से ज्यादा कीमत के अफीम के पेड़ नष्ट किये गये। तीसरी बार इसी महीने की 16 तारीख को बड़े पैमाने पर छापेमारी की गयी। अबकारी और पुलिस विभाग ने शिमिलीपाल अभयारण्य के भीतर योजगड़ा और फूलबाड़ी में डेढ़ लाख से अधिक अफीम के पेड़ जब्त करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की ओर से जानकारी दी गयी है कि इसकी कीमत 3 करोड़ 10 लाख रुपये होगी। आबकारी विभाग ने अफीम किसानों या उससे जुड़े माफियाओं को नहीं पकड़ पाया है।

अर्थ आवर है, रेत में एक घंटे के लिए लाइटें बंद करने का आह्वान

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शनिवार को पूरी दुनिया में अर्थ आवर मनाया गया। एक घंटे के लिए पूरी दुनिया में अंधेरा रहेगा। शनिवार रात को 8:30 से 9:30 बजे तक अर्थ आवर मनाया गया और एक घंटे की बिजली कटौती की गयी। दुनिया के लोग बिना बिजली के बितायेंगे एक घंटा। यह दिन हर साल मार्च के आखिरी शनिवार को मनाया जाता है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रेत कलाकार पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर रेत कला के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय रेत कलाकार पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर रेत कला पर जागरूकता संदेश दिया। 2018 से यह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है।

ब्राउन शुगर कारोबारी दो महिला गिरफ्तार

भुवनेश्वर। राजधानी भुवनेश्वर से शनिवार को दो युवा महिला ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 26 लाख रुपये के ब्राउन शुगर बरामद किये गये। प्रारंभिक जांच से पता चला कि वह भुवनेश्वर में एक घर किराए पर लेकर ब्राउन शुगर का व्यवसाय चला रहे थे। दोनों लड़कियां काकटपुर और बालेश्वर की रहने वाली हैं। दोनों कथित तौर पर आइटी क्षेत्र में काम कर रही हैं। दो लड़की को गिरफ्तार कर लिया गया है। कमिश्नरेट पुलिस द्वारा अदालत में भेज दिया गया है।

बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

राजधनवार। धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह मौजूद थे। इस मिलन समारोह में भाजपाइयों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं पकौडी व मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी।

इस दौरान श्री सिंह ने रंगों का त्योहार होली शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली में सभी के मन की मनीलता रंगों में धुल जाती है। उन्होंने धनवार विधानसभा की जनता के साथ-साथ समस्त देशवासियों को होली की बधाई दी। मौके पर सुनील अग्रवाल, उपेंद्र सिंह, रौशन सिंह, बिजय कुमार अग्रवाल, संजय साव, श्रीकांत राय, पवन सिंह, शिव शंकर सिंह, लंकेश कुमार, गुरुचरण नायक, महेंद्र चौधरी, गुड्डू नारायण देव, प्रमानंद यादव, विजय राय, अरुण ठाकुर, पिंटू यादव, बलदेव यादव, रामू प्रसाद यादव, प्रमानंद राय, विनय कुमार सिंह, भातू यादव, प्रवीण सिंह, प्रदीप यादव, विधा प्रसाद सिंह, संजीत पासवान गौतम कुमार राय, मुंशी राम आदि शामिल थे।

जसपुरिया बीएड कॉलेज में होलियाना गीत संगीत का रंगारंग कार्यक्रम हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। जसपुरिया बीएड कॉलेज परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षुओं द्वारा होलियाना गीत संगीत का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ होली मनायी। वहीं कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि होली हिंदुओं का सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार हमें प्यार, एकता और समानता का संदेश देता है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने सभी लोगों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक शालिनी प्रिया ने सभी को अबीर-गुलाल लगा कर होली की हार्दिक बधाई दी।जसपुरिया बीएड कॉलेज एवं जसपुरिया ट्रस्ट द्वारा संचालित किंगपिन नर्सिंग फैकेल्टी साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्र, अतिथि भाजपा सांस्कृतिक कोष्ट के बनमाली महतो, समाजसेवी संजय पटेल, प्राध्यापक/प्राध्यापिकाएं संजीव कुमार, सरिता सिंह, रीमा उपासना कश्यप, उषा मिंज, विभा कुमारी, शशि प्रभा, रंचन कुमारी, महफूज अंसारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु आदि शक्ति एवं कमल किशोर ने किया।

नौकरी दिलाने के नाम पर 18 लाख की ठगी, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। गोपालपुर पुलिस ने नौकरी दिलाने के बहाने धोखाधड़ी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर कोर्ट फरुआड किया। आरोपी की पहचान ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कनिष्ठ सहायक कर्मचारी गजेंद्र नाथ साहू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय में कार्यरत अस्थायी कर्मचारी राधा मोहन पात्र के बेटी को सरकारी के पद पर नौकरी दिलाने की बात कहकर 7 नवंबर 2022 से 18 नवंबर 2023 तक गूगल पे से 18 लाख 16 हजार 250 रुपये ले लिया है। 30 दिसंबर 2023 को जब एएसओ को परिणाम मिलने के बाद, उन्होंने पैसे वापस करने के लिए कहा क्योंकि जब परिणाम घोषित किये गये, तो उसके पास उसका नाम और रोल नंबर नहीं था, लेकिन गजेंद्र झूठा वादा कर पैसे नहीं लौटा रहा था। कर्मचारी की बेटी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि फोन पर पैसे मांगने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर गजेंद्र नाथ को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पुलिस ने कहा कि तथ्यों का पता लगाने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया।

जागृति महिला मंडल और महिला सभा का महिला दिवस समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। विश्व महिला दिवस के अवसर पर एमसीएल जागृति विहार स्थित रजनीगंधा क्लब में जागृति महिला मंडल और महिला सभा द्वारा महिला दिवस समारोह बडे धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं पोस्टर मेकिंग, स्लोगान लेखन, रंगोली, और कला एवं शिल्प सहित विविध प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गयी। समापन समारोह सह विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह का अयोजन किया गया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा सुवर्णा काओले, उपाध्यक्षा रश्मी बेहुरा, अंजलि बापट, डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल रश्मी मिश्रा, इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढायी। कोषाध्यक्षा अनिता गर्ग एवं संयुक्त सचिव मिलिना प्रियदर्शिनी, महिला मंडल और महिला सभा के सक्रिय सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

समापन समारोह का मुख्य आकर्षक था पुरस्कार वितरण समारोह। इसमें राज्य स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी लीजुन स्वॉइ (जो कि एमसीएल के सुरक्षा विभाग में कार्यरत गुलाब स्वॉई की सुपुत्री हैं), एमसीएल डीएवी स्कूल की छात्रा व एमसीएल की बीटिया को महिला दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी कडी में सिलाई केंद्र की लड़कियों द्वारा एक चित्ताकर्षक नृत्य प्रदर्शित किया गया, जिसकी दर्शकों ने काफी सराहना की।

चीन से लाया गया मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी

मुंबई। हत्या, जबरन वसूली और अपहरण सहित कई गंभीर मामलों में वांछित गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात चीन से निर्वासन के बाद भारत वापस लाया गया। भारत लाये जाने पर मुंबई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

तीसरी से छठी कक्षा के लिए नया सीबीएसइ पाठ्यक्रम

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) एक अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए तीसरी से छठी कक्षा को लेकर नया पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें जारी करेगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने संबद्ध स्कूलों को भेजे एक पत्र में कहा कि एनसीइआरटी ने उसे सूचित किया है कि तीसरी से छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों पर काम हो रहा है और जल्द ही ये जारी की जायेंगी।

झारखंड यादव चेतना मंच का होली मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड यादव चेतना मंच के द्वारा अयोध्यापुरी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जय सिंह यादव और रामाशीष यादव उपस्थित हुए।सभी ने एक स्वर से कहा कि रंग-बिरंगे रंगों का त्योहार है। इस पर्व को हम लोगों को मिलजुल कर मानना चाहिए, ताकि समाज में अच्छा संदेश जाये, हम लोगों को हर समाज के लोगों से मिलजुल कर इस होली का पर्व मानना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अर्जुन यादव, विजय यादव, कृष्ण कुमार, राजेश यादव, लक्ष्मण यादव, अजय कुमार यादव, राजकुमार यादव, दिनेश यादव और अरुण यादव आदि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने अपना योगदान दिया। यह जानकारी झारखंड यादव चेतना मंच रांची के अर्जुन यादव ने दी।

बसपा के साथ मिल कर चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता

लखनऊ। यूपी में अपना दल कमेरावादी अब बसपा के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगा। इसके लिए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने लोकसभा की तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले को फिलहाल स्थगित कर दिया है। पार्टी की नेता पल्लवी पटेल कल बसपा सुप्रीमो मायावती से मुलाकात करेंगी।

इसके पहले, कृष्णा पटेल ने इंडिया गठबंधन के तहत अपने स्तर से ही तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। अब उन्होंने घोषित सीटों की सूची वापस ले ली है। पार्टी की तरफ से जारी किये गये बयान में सीटों की सूची को अग्रिम सूचना तक निरस्त करने की बात कही गयी है साथ ही कहा है कि शीघ्र ही संशोधित नयी सूची जारी की जायेगी।

अपना दल ने तीन सीटों मिर्जापुर, कौशांबी और फूलपुर में चुनाव लड़ने का एलान किया था। सीटों की घोषणा करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा था कि हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और अब तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान करते हैं।

संविधान से ऊपर नहीं हो सकती शरियत, भारत के मुसलमान इस देश के कानून को मानें : योगी

आजाद सिपाही संवाददाता

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि "शरियत संविधान से बड़ी नहीं है। ये देश संविधान से चलेगा। शरियत भारत से बड़ी नहीं हो सकती है। मुस्लिमों को घर-मकान सब मिल रहा है, लेकिन उन्हें भारत का कानून भी मानना चाहिए। उन्होंने मदरसों के आधुनिकीकरण पर भी जोर दिया। एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मदरसों के आधुनिकीकरण के सवाल पर कहा कि शरियत हमारा व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर वो संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। हम मदरसों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। हमे वैज्ञानिक, इंजीनियर और कुशल मानव संसाधनचाहिए। हमें अपने शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था में एकरूपता लाना हमारी प्राथमिकता है। मुसलमानों की चिंता की सवाल पर सीएम योगी ने कहा कि मुस्लिमों की कौन चिंता नहीं करता। उन्हें मकान मिल रहा है। खाने को मिल रहा है। लेकिन, वे भारत का कानून भी तो मानें। भारत के संविधान का सम्मान करे। शरियत संविधान से बड़ी नहीं हो सकती। अगर मुसलमान इस बात को मानें तो भारत की जनता उन्हें सिर आंखों पर बिठाएगी। सीएम योगी ने कहा कि कहा कि हम हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाये। इसलिए शायद मुसलमानों के मन में जगह नहीं बना पाए। हिन्दुस्तान में हमें यहां की मूल आत्मा का सम्मान करना पड़ेगा। हिंदू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता। जिसको गलतफहमी होगी कि हम इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो हम ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। हम देश की सुरक्षा और हिंदू आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**